## आज का दिन

यह तारीख मुगल साम्राज्य के लिए खास है। 21 अप्रैल, 1526 को काबुल के शासक जहीरूद्दीन मोहम्मद बाबर और दिल्ली की सल्तनत के सम्राट इब्राहिम लोदी के बीच पानीपत की पहली लड़ाई हुई थी। इस लड़ाई में बाबर ने तोपों का इस्तेमाल किया।


राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# उज्ज्वल दुनिया

खबरों की बुलंद आवाज

रांची, दिल्ली और यूपी से एक साथ प्रकाशित






वर्ष, 09 | पृष्ठ 12 | अंक 291 | रांची, रविवार, 21 अप्रैल 2024 | मूल्य 3 रुपये | RNI No.- JHAHIN/ 2014/59794 | ujjwalduniyapress@ gmail.com


## पहले चरण के चुनाव में ही मतदाताओं ने इंडी गठबंधन को नकार दिया: मोदी

मुंबई, एजेंसी



भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को नांदेड में कहा कि पहले चरण के चुनाव में ही मतदाताओं ने इंडी गठबंधन को नकार दिया है। दरअसल, देश की जनता को यह एहसास हो रहा है कि इंडी गठबंधन अपने भ्रष्टाचार को छिपाने के लिए एक साथ आया है। इंडी अलायंस की पार्टियां देश की 25 फीसदी सीटों पर एक-दूसरे के खिलाफ लड़ रही हैं, इन पर आम जनता विश्वास नहीं कर पा रही है। मोदी शनिवार को भाजपा के नांदेड़ लोकसभा सीट से उम्मीदवार प्रतापराव चिखलीकर और हिंगोली लोकसभा सीट से उम्मीदवार बाबूराव कोहलीकर के प्रचार के लिए आयोजित जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि शुक्रवार को देश में पहले चरण का मतदान हुआ। मैं सभी मतदाताओं और विशेषकर पहली बार के मतदाताओं को धन्यवाद देता हूं। मतदान के बाद कई लोगों ने बूथ स्तर तक का विश्लेषण किया है। इसे देखकर ऐसा लग रहा है कि पहले चरण में एनडीए के पक्ष में एकतरफा वोट पड़ा है। मैं देश के नागरिकों से अपील करता हूं कि आप एनडीए की जीत सुनिश्चित कर रहे हैं। मैं इसके लिए सभी को धन्यवाद देता हूं लेकिन जो लोग वोट नहीं देते, उनसे मैं कहना चाहूंगा कि आपको किसी को वोट देना चाहिए। वोट देने से पीछे न हटें। प्रधानमंत्री ने कहा कि देश का जवान विपरीत माहौल में भी देश की रक्षा के लिए सीमा पर अपना कर्तव्य निभा रहा है। उसी प्रकार मतदाताओं को भी मतदान को कर्तव्य समझना चाहिए। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी वायनाड के अलावा अन्य सुरक्षित निर्वाचन क्षेत्र तलाश रहे हैं।

26 अप्रैल को वायनाड में मतदान के बाद राहुल गांधी दूसरी सीट तलाशेंगे, क्योंकि उन्हें अमेठी छोड़ना पड़ा। इसी तरह वे वायनाड भी छोड़ देंगे। उन्होंने सोचा नहीं होगा कि कांग्रेस की ऐसी हालत होगी। यह ऐसी स्थिति है कि जिस परिवार से कांग्रेस पार्टी चलती है, वह भी अपनी ही पार्टी को वोट नहीं दे सकता है।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि मैं राजनीति में नहीं था, चव्हाण परिवार उस समय से राजनीति में है। अशोक चव्हाण के पिता शंकरराव चव्हाण से एक बार चर्चा करने का मौका मिला था। तब मैं राजनीति में नहीं था। भले ही मैं एक आम आदमी था, शंकरराव चव्हाण ने मुझसे विनम्रतापूर्वक बातचीत की। राज्य और केंद्र में इतने महत्वपूर्ण पदों पर रहने के बाद भी, उनकी ऐसी विनम्रता देखकर मैं आज भी उनसे कुछ सीखने की कोशिश करता हूं। प्रधानमंत्री ने कहा कि अशोक चव्हाण के उनके साथ आने से उनकी ताकत बढ़ी है। प्रधानमंत्री मोदी ने भाजपा नीत एनडीए गठबंधन के उम्मीदवारों को भारी मतों से विजयी बनाने की अपील की।

## आईएनडीआईए की सरकार बनी तो गरीब परिवार की एक महिला को देंगे एक लाख की राशि: राहुल गांधी

भागलपुर (बिहार)



राज्य के भागलपुर के सैंडिंस कंपाउंड में कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शनिवार को चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कहा कि इस बार के लोकसभा चुनाव में भाजपा को 150 से अधिक सीटें नहीं मिलने वाली है। यह चुनाव संविधान को बचाने का चुनाव है। उन्होंने कहा कि देश के अरबपतियों का मोदी सरकार ने 16 लाख करोड़ का कर्ज माफ कर दिया। आईएनडीआईए की सरकार बनेगी तो जितना कर्ज पूंजीपतियों का माफ किया गया, उतना कर्ज किसानों का भी माफ किया जाएगा।

राहुल गांधी ने कहा कि यूपीए शासन काल में किसानों का कर्ज माफ हुआ था लेकिन भाजपा सरकार ने पूंजीपतियों का जितना कर्ज माफ किया उतनी राशि से कई बार किसानों का कर्ज माफ हो सकता है। उन्होंने कहा कि आईएनडीआईए की सरकार बनने के बाद गरीब परिवार की एक महिला सदस्य के खाते में एक लाख रुपये ट्रांसफर कर दिया जाएगा। हर महीने में 8,500 रुपये डाल दिए जाएंगे। इस राशि का उपयोग महिला को परिवार की आजीविका चलाने के लिए करना होगा।

राहुल ने कहा कि महालक्ष्मी योजना के तहत सारे गरीब परिवारों की लिस्ट निकाली जाएगी और उस परिवार से एक महिला चुनी जाएगी। उसी महिला के बैंक खाते में राशि ट्रांसफर की जाएगी। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार की अग्निवीर योजना को केंद्र में आईएनडीआईए की सरकार बनने के बाद खत्म कर देंगे।

राहुल गांधी ने कहा कि मोदी सरकार ने हिन्दुस्तान को बेरोजगारी का केंद्र बना रखा है। देश के युवा हर दिन सात-आठ घंटे इंस्टाग्राम और फेसबुक में लगे रहते हैं। मोदी सरकार ने देश में बेरोजगारी फैला दी है। इसलिए इंडिया अलायंस ने सत्ता में आने के बाद हर ग्रेजुएट और डिप्लोमा होल्डर के लिए पहली नौकरी पक्की करने की योजना बनाई है। राहुल ने कहा कि इस योजना के तहत हर ग्रेजुएट और डिप्लोमा होल्डर को अप्रेंटिस ट्रेनिंग का अधिकार दिया जाएगा। जैसे केंद्र सरकार ने मनरेगा का अधिकार दिया उसी तरह से अब हर ग्रेजुएट को पहली नौकरी का अधिकार देगी। इसके तहत निजी, पीएसयू और सरकारी क्षेत्र में युवाओं को नौकरी मिलेगी और एक साल अच्छा काम करने वाले युवाओं को परमानेंट जॉब मिलेगी। इस योजना से देश में प्रशिक्षित युवाओं की फौज खड़ी होगी।

## क्विक न्यूज

### कोयला कारोबारी इजहार अंसारी की जमानत याचिका पर सुनवाई 23 अप्रैल को

**रांची।** ईडी के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की कोर्ट में शनिवार को हजारीबाग के कोयला कारोबारी इजहार अंसारी की जमानत याचिका पर सुनवाई हुई। मामले में इजहार अंसारी की ओर से बहस की गई। कोर्ट ने ईडी को जवाब दाखिल करने के लिए समय प्रदान की। अदालत ने मामले में अगली सुनवाई की तिथि 23 अप्रैल निर्धारित की है।

करोड़ों रुपए के कोल लिंकेज के हेरा फेरी मामले में इजहार अंसारी आरोपित है। ईडी ने 15 मार्च को अदालत में इजहार अंसारी और इश्तियाक अंसारी के अलावा इजहार अंसारी की एक कंपनी के खिलाफ चार्जशीट दाखिल किया था। ईडी ने जांच में पाए गए तमाम साक्ष्य के साथ चार्जशीट दाखिल की थी। ईडी ने कोर्ट को यह जानकारी दी थी कि इजहार कैसे कोयले के कारोबार में संलिप्त था और अवैध कोयले के कारोबार से कैसे अकूत संपत्ति अर्जित की।

इजहार अंसारी कई शेल कंपनियों के संचालक हैं। वह शेल कंपनियों के जरिए काले धन का संचालन करता है। 16 जनवरी को ईडी ने इजहार अंसारी के ठिकाने पर छापेमारी की थी। छापेमारी में 13 लाख कैश के साथ कई अहम दस्तावेज ईडी ने बरामद किया था। इजहार पर 86568 टन कोयला मंडी में बेच कर करोड़ों रुपये की अवैध कमाई करने का भी आरोप है।

### झारखंड हाई कोर्ट में शराब कारोबारी योगेंद्र तिवारी की जमानत अर्जी पर 22 अप्रैल को होगी सुनवाई

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट में शराब घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में आरोपित योगेंद्र तिवारी की जमानत याचिका की सुनवाई शनिवार को हुई। अगली सुनवाई 22 अप्रैल को होगी।

दरअसल, ईडी कोर्ट ने योगेंद्र तिवारी की जमानत अर्जी खारिज कर दी थी। ईडी ने योगेंद्र तिवारी के खिलाफ आरोप पत्र भी दाखिल किया है। ईडी की जांच में योगेंद्र तिवारी द्वारा बालू की तस्करी और अवैध तरीका से जमीन की खरीद-बिक्री कर अर्जित आय को शराब के कारोबार में लगाने की खुलासा हुआ है। मामले में ईडी ने 8/2023 दर्ज किया है।

19 अक्टूबर, 2023 को पूछताछ के क्रम में ईडी ने योगेंद्र तिवारी को गिरफ्तार किया था। गिरफ्तारी के बाद 14 दिनों तक ईडी ने रिमांड पर लेकर उससे पूछताछ की थी। इसके बाद उसे जेल भेजा गया था।

पावर ब्रोकर प्रेम प्रकाश के सहयोग से राज्य के 19 जिलों में थोक शराब का टेंडर योगेंद्र तिवारी ने लिया था। ईडी ने योगेंद्र तिवारी और उनके करीबियों के लगभग तीन दर्जन ठिकानों पर बीते 23 अगस्त, 2023 को छापेमारी की थी।

## उलगुलान न्याय महारैली आज, दिखेंगे इंडी गठबंधन के सभी उम्मीदवार

रांची, उज्ज्वल दुनिया सं




झामुमो के नेतृत्व में इंडी गठबंधन की तरफ से रविवार को उलगुलान न्याय महारैली से लोकसभा चुनाव का शंखनाद होगा। साथ ही इंडी गठबंधन इस रैली के जरिए एकजुटता का भी परिचय देकर चुनावी मैदान में उतरेगा। इस रैली में गठबंधन के सभी उम्मीदवार मंच पर दिखेंगे।

वैसे तो इंडी गठबंधन अब तक 11 उम्मीदवारों की घोषणा कर चुका है। बची तीन लोकसभा सीटों रांची, जमशेदपुर और पलामू की घोषणा होनी बाकी है। रांची लोकसभा सीट कांग्रेस कोटे में है। इस सीट से सुबोधकांत सहाय की बेटी यशस्विनी सहाय का नाम सबसे आगे चल रहा है। इसके साथ मंत्री बन्ना गुप्ता के नाम की चर्चा केंद्रीय चुनाव समिति में चल रही है, जिस पर पार्टी निर्णय ले सकती है।

हालांकि, रांची लोकसभा के लिए सुबोधकांत सहाय की बेटी के नाम पर आलाकमान अंतिम निर्णय ले सकता है। जेएमएम कोटे की जमशेदपुर लोकसभा सीट से आस्तिक महतो और पार्टी के केंद्रीय महासचिव सह प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य के नाम पर मुहर लग सकती है जबकि पलामू लोकसभा सीट राजद के खाते में है और इस सीट से आधिकारिक घोषणा होनी बाकी है।

सुबोधकांत सहाय की बेटी के नाम पर केंद्रीय नेतृत्व राजी होता है, तो चुनावी मैदान में कांग्रेस की तीन महिला उम्मीदवार होंगी। गोड्डा से प्रदीप यादव का नाम आगे था। ऐसे में धनबाद से अनुपमा सिंह का नाम आगे बढ़ाया गया। इसके पीछे दलील थी कि एक महिला उम्मीदवार को मैदान में उतारा जाये। अनुपमा सिंह का नाम तय होने के बाद प्रदीप यादव का मामला फंसा गया।

इसके बाद स्क्रीनिंग कमेटी ने दीपिका पांडेय सिंह का नाम आगे बढ़ाया और केंद्रीय नेतृत्व सहमत भी हो गया। अब इधर सुबोधकांत सहाय ने भी अपनी बेटी का नाम आगे बढ़ाया है। ऐसे में राज्य में भाजपा ने कोडरमा, सिंहभूम से महिला उम्मीदवारों को उतरा है जबकि इंडी गठबंधन ने सिंहभूम और गोड्डा से महिला प्रत्याशियों को मैदान में उतारा है।

### न्याय उलगुलान महारैली की तैयारियों का मुख्यमंत्री ने लिया जायजा

**रांची।** रांची के प्रभात तारा मैदान में रविवार को न्याय उलगुलान महारैली को लेकर तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। शनिवार को मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन न्याय उलगुलान महारैली की तैयारियों का जायजा लेने खुद प्रभात तारा मैदान पहुंचे।

इस बीच मुख्यमंत्री पत्रकारों से बातचीत में कहा कि हम लोग केंद्र सरकार के नीतियों का पोल खोलने का काम करेंगे। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी को लेकर जनता में काफी आक्रोश है। उन्होंने कहा कि जनता लोकसभा चुनाव में इसका जवाब देगी। मंहगाई, बेरोजगारी बड़ा मुद्दा है। झारखंड में 14 सीटों पर गठबंधन विजयी होगा। मौके पर झामुमो के सुप्रियो भट्टाचार्य, कांग्रेस से राकेश सिन्हा , राजद से कैलाश यादव, माले नदीम खान आदि मौजूद थे।

## गोड्डा से गठबंधन प्रत्याशी दीपिका पांडेय ने की राहुल गांधी से मुलाकात



**देवघर :** गोड्डा से महागठबंधन प्रत्याशी दीपिका पांडेय सिंह ने देवघर एयरपोर्ट पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी से मुलाकात की। उनके साथ कांग्रेस ज़िला अध्यक्ष उदय प्रकाश, विधायक इरफान अंसारी , विधायक प्रदीप यादव, पूर्व मंत्री और राजद नेता सुरेश पासवान और जेएमएम ज़िला अध्यक्ष मौजूद रहे।

## रांची पहुंचे भारत के पूर्व क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर, एक झलक पाने के लिए एयरपोर्ट पर उमड़ी लोगों की भीड़

रांची, उज्ज्वल दुनिया सं



भारत के पूर्व क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर शनिवार सुबह रांची एयरपोर्ट पहुंचे, जहां उनका बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पर जोरदार स्वागत हुआ। एयरपोर्ट पर सचिन की झलक पाने को लेकर लोगों में बड़ी उत्सुकता नजर आयी। उनके साथ उनकी पत्नी अंजली भी है। बिरसा मुंडा एयरपोर्ट रांची से निकलने के बाद उन्होंने पत्रकारों से बात करते हुआ कहा कि मैं यहां अपने फाउंडेशन के लिए आया हूं। उन्होंन कहा कि सचिन तेंदुलकर फाउंडेशन यहां के यूथ फाउंडेशन के साथ मिलकर काम करता है। खासकर मैं यहां की महिला खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाने आया हूं। जानकारी के अनुसार युवा फाउंडेशन का कार्यक्रम ओरमांझी में है, जहां बालिकाओं को फुटबॉल सिखाया जाता है। सचिन उनसे मुलाकात करेंगे।

इस दौरान सुरक्षा के भुगतान इंतजाम किए गए थे। इस दौरान रांची डीसी राहुल कुमार सिन्हा सहित जिला प्रशासन के कई अधिकारी मौजूद थे।

सचिन तेंदुलकर भारत दे दिग्गज क्रिकेटर रहे हैं। उनकी गिनती विश्व के महानतम खिलाड़ियों में शुमार किया जाता है। बीते साल इलेक्शन कमीशन ऑफ इंडिया ने उन्हें राष्ट्रीय आइकॉन नियुक्ति किया था।

## पलामू लोकसभा सीट पर तीसरे दिन भी नहीं हुआ कोई नामांकन, मात्र एक फार्म बिका




**पलामू।** लोकसभा चुनाव के लिए नामांकन प्रक्रिया के तीसरे दिन शनिवार को पलामू लोकसभा सीट से एक भी नामांकन नहीं हुआ। मात्र एक फार्म की बिक्री हुई। एसयूसीआई (सी) से महेन्द्र बैठा ने नामजदगी के पर्चे खरीदे।

तीसरे दिन भी नामांकन का पर्चा लेने के लिए निवार्ची पदाधिकारी सह उपायुक्त शशि रंजन कार्यालय में मौजूद रहे लेकिन निर्धारित अवधि के भीतर किसी उम्मीदवार ने नॉमिनेशन नहीं किया।

उल्लेखनीय है कि गुरुवार से नामांकन शुरू है। पिछले तीन दिनों के दौरान सात नामांकन पत्र बिके हैं। नामांकन 25 अप्रैल तक चलेगा। नामांकन का पर्चा समाहरणालय में निवार्ची पदाधिकारी के समक्ष भरा जायेगा। इसे लेकर समाहरणालय और आसपास सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गयी है। पर्याप्त संख्या में महिला-पुरुष सुरक्षा बलों की तैनाती की गयी है, जो आने-जाने वालों पर नजर बनाए हुए हैं।

नामांकन जांच यानी स्क्रुटनी 26 अप्रैल को और नाम वापसी की अंतिम तिथि 29 अप्रैल है। काउंटिंग की तिथि चार जून निश्चित है। 13 मई को चौथे फेज में पलामू के साथ लोहरदगा, खूंटी और सिंहभूम में भी मतदान कराया जाएगा। पलामू जिले में चौथे के साथ-साथ पांचवें चरण में भी चुनाव होगा। पांचवें चरण का मतदान 20 मई को निर्धारित है। पलामू के पांकी विधानसभा क्षेत्र के चतरा संसदीय क्षेत्र में पड़ने के कारण उसका चुनाव पांचवें चरण में होगा।

## चाईबासा में पीएलएफआई एरिया कमांडर सहित दो गिरफ्तार, एके-47 बरामद



पश्चिमी सिंहभूम ,एजेंसी

जिला मुख्यालय चाईबासा में पुलिस ने पीएलएफआई के एरिया कमांडर समेत दो उग्रवादियों को गिरफ्तार किया है। इनमें एरिया कमांडर सोमा हेंब्रम और बिरसा खंडाइत शामिल हैं। दोनों की गिरफ्तारी गोईलकेरा थाना क्षेत्र के चितिर पहाड़ी के पास से हुई। इनके पास से पुलिस ने दो एके 47, नौ मैगजीन, 188 राउंड गोली, 50 हजार रुपये और मोबाइल फोन बरामद किया है।

एसपी आशुतोष शेखर ने शनिवार को कार्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि गोईलकेरा थाना क्षेत्र के जंगली और पहाड़ी क्षेत्र में एरिया कमांडर सोमा हेम्ब्रम उर्फ नाजोम दस्ता के कुछ सदस्यों के साथ भ्रमणशील है। वे गोईलकेरा, आनन्दपुर थाना क्षेत्रों में चल रहे विकास कार्यों को बंद कराने की धमकी देते हुए संवेदकों से लेवी की मांग कर रहे हैं। एसपी के निर्देश पर पुलिस टीम का गठन किया गया।

पुलिस की टीम ने कार्रवाई करते हुए दोनों उग्रवादियों को गिरफ्तार कर लिया। सोना हेंब्रम के खिलाफ चाईबासा और खूंटी जिले के अलग-अलग थानों में 11 मामले दर्ज हैं जबकि बिरसा खंडाइत के तीन मामले दर्ज हैं।

## सिंहभूम लोकसभा सीट पर पहली बार दो महिलाओं में होगा दंगल

रांची, उज्ज्वल दुनिया सं

झारखंड में हो रहे लोकसभा चुनाव में इस बार सबकी निगाहें सिंहभूम सीट पर टिकी है। इस सीट पर पहली बार दो महिला उम्मीदवार आमने-सामने हैं। सिंहभूम के इतिहास में पहली बार है कि मुख्य मुकाबले में महिला उम्मीदवार हैं। भाजपा की गीता कोड़ा और झामुमो की जोबा मांझी के बीच कांटे का मुकाबला माना जा रहा है। यहां 13 मई को वोट डाले जाएंगे।

चुनावी अखाड़े में भाजपा ने निवर्तमान सांसद गीता कोड़ा को उतारा है जबकि इंडी गठबंधन ने हेमंत सरकार में महिला एवं बाल विकास मंत्री रहीं जोबा मांझी पर भरोसा जताया है। दोनों उम्मीदवार अपनी-अपनी विधानसभा सीटों पर भी मजबूत पकड़ रखती हैं। राजनीतिक जानकारों का कहना है कि सामाजिक ताने-बाने में झामुमो की जमीनी पकड़ भाजपा से बेहतर नजर आती है। इस कारण ही चाईबासा की सभी छह विधानसभा सीटों पर झामुमो-कांग्रेस का एकतरफा कब्जा है। हालांकि, विधानसभा चुनाव और लोकसभा चुनाव का वोटिंग पैटर्न अलग होता है। सिंहभूम लोकसभा सीट पर 2019 की मोदी लहर में भी कांग्रेस प्रत्याशी के रूप में गीता कोड़ा ने जीत का परचम लहराया था। पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा की पत्नी गीता कोड़ा ने इस बार कांग्रेस छोड़ कमल का दामन थाम लिया है। भाजपा ने गीता कोड़ा को ही सिंहभूम से टिकट देकर चुनाव में उतार दिया है। गीता हो जनजाति से आती हैं। सिंहभूम लोकसभा सीट हो बहुल है।लोकसभा क्षेत्र में करीब 56 प्रतिशत आबादी हो जनजातियों की है। इसके बाद पिछड़ा वर्ग में कुर्मी-महतो के बाद संथालों की आबादी है। स्थानीय जानकारों का दावा है कि जगन्नाथपुर विधानसभा में निश्चित रूप से मधु कोड़ा की पकड़ मजबूत है लेकिन उनके सामने इस संभावित लीड को सरायकेला, चाईबासा, मझगांव, मनोहरपुर और चक्रधरपुर विधानसभा में बनाये रखने की चुनौती होगी। गीता कोड़ा की उम्मीदवारी के सहारे इस बार वहां कमल खिलाने का ख्वाब भाजपा का है। गीता कोड़ा की जीत में झामुमो की सियासी जमीन का कितना बड़ा योगदान था, यह भी एक बड़ा सवाल है। इस हालात में देखना दिलचस्प होगा कि झामुमो की इस ताकत के बगैर गीता कोड़ा कितना दम-खम दिखला पाती हैं।




## उपायुक्त ने सुनी जनता की समस्याएं जल्द निष्पादन हेतु अधिकारियों को दिए निर्देश



उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

**रामगढ।** रामगढ़ के उपायुक्त चंदन कुमार ने अपने कार्यालय कक्ष में जिले के सुदूरवर्ती क्षेत्रों से अपनी समस्याओं को लेकर उनसे मिलने आए लोगों से मुलाकात की। इस दौरान लोगों ने भूमि, सडक, रोजगार, आवास, विभिन्न विकास कार्यों, योजनाओं के लाभ सहित अपनी समस्याओं से उपायुक्त को अवगत कराया। जिसके उपरांत उपायुक्त द्वारा मामलों के निष्पादन हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया।..

# एस पी के निर्देश पर पतरातू पुलिस ने सयाल से देशी रिवाल्वर और कट्टा के साथ दो को किया गिरफ्तार

### पुलिस ने अभियान चलाकर सयाल से की गिरफ्तारी

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता



**रामगढ़।** एस पी रामगढ के गुप्त सुचना के आधार पर पुलिस अधीक्षक डॉ. बिमल कुमार के निर्देश पर भुरकुंडा ओपी के सयाल से दो युवकों को हथियार के साथ गिरफ्तार किया गया। दोनों युवक बाइक पर सयाल से उरीमारी (हजारीबाग) किसी आपराधिक घटना को अंजाम देने जा रहे थे।इस संबंध में शनिवार को रामगढ़ पुलिस अधीक्षक डॉ. बिमल कुमार ने प्रेस कांफ्रेंस में मामले का खुलासा करते हुए बताया कि हथियार के साथ दो अपराधियों के संबंध में गुप्त सुचना मिली थी कि बाइक पर सयाल से उरीमारी जाकर किसी घटना को अंजाम देने की फिराक में हैं। सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए पतरातू पुलिस निरीक्षक योगेंद्र सिंह के नेतृत्व में छापेमारी दल का गठन किया गया। टीम ने अभियान चलाकर सयाल चेकपोस्ट के निकट एंटी क्राइम चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान हरे रंग की यामाहा बाइक छ्व॥24रु0461 पर सवार दो युवक पुलिस को देखकर भागने लगे। जिसपर पुलिस के जवानों ने उन्हें पकड़ लिया। युवकों की पहचान सेंटर निवासी राकेश कुमार उर्फ राजू (20 वर्ष) पिता स्व. मनमोहन सिंह और सयाल शिवाजी रोड निवासी प्रेम कुमार राम (19 वर्ष) पिता बबलू राम के रूप में हुई। राकेश के पास से एक देशी रिवाल्वर और प्रेम कुमार के पास से एक देशी कट्टा और एक जिंदा गोली बरामद किया गया। पुलिस ने युवकों को गिरफ्तार करते हुए हथियार और बाइक जब्त कर लिया। मामले को लेकर पतरातू थाना में कांड संख्या 106/24 भादवि की धारा 25(1-ड्ड) ड्ड/26/35 आर्म्स एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज कर उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। पुलिस अधीक्षक डॉ. बिमल कुमार ने बताया कि एक अभियुक्त राकेश कुमार उर्फ राजू का आपराधिक इतिहास है। पतरातू थाना में पूर्व से आर्म्स एक्ट का मामला दर्ज है। जांच में फिलहाल अभियुक्तों के किसी आपराधिक संगठन से संबंध की बात सामने नहीं आई है।

## रामगढ़ महाविद्यालय में स्वीप के तहत मतदाता जागरूकता कार्यक्रम किया गया आयोजित



**रामगढ़।** रामगढ महाविद्यालय के सेमिनार हॉल में रामगढ़ जिला प्रशासन के स्वीप कार्यक्रम के तहत महाविद्यालय के आई क्यू एस सी के द्वारा मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित की गई। जिला प्रशासन रामगढ़ के पी पी आई ए फेलो भावेश पुरोहित और अभिषेक कुमार ने वीडियो क्लिप के द्वारा मतदान के महत्व को बताया गया। महाविद्यालय के शिक्षकों ने अपने अपने व्याख्यान द्वारा शिक्षार्थियों को मतदान के अधिकार और उसके महत्व को विस्तार से समझाया। कार्यक्रम के अंत में छात्र छात्राओं को स्वयं मतदान करने और दूसरों को भी मतदान करने के लिए प्रेरित करने का संकल्प दिलाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्या डॉ रत्ना पांडेय ने किया और संचालन उर्दू विभागाध्यक्ष डॉ शाहनवाज खान ने किया। संस्कृत विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ प्रीति कमल, इतिहास विभाग के प्राध्यापक डॉ रोज़ उरांव, डॉ कामना राय और खोरठा के विभागाध्यक्ष डॉ बीरबल महतो ने मतदान के महत्व पर प्रकाश डाला। जबकि डॉ साजिद हुसैन ने धन्यवाद ज्ञापन किया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ रत्ना पांडेय ने कहा कि मतदान के माध्यम से हम देश के विकास में योगदान दे सकते हैं। एक अच्छे सरकार का चुनाव करने से देश का विकास होता है। देश में शांति और समृद्धि आती है। इसलिए, यह महत्वपूर्ण है कि हम अपने मतदान का प्रयोग करें और देश के विकास में योगदान दें।राजनीतिक शास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ बलवंती मिंज डॉ बलवंती मिंज ने कहा कि मतदान का अधिकार एक मौलिक अधिकार है। यह अधिकार हमें संविधान द्वारा प्रदान किया गया है। मतदान के माध्यम से हम अपने देश के प्रतिनिधियों का चुनाव करते हैं। ये प्रतिनिधि हमारी सरकार बनाते हैं और हमारे देश का शासन करते हैं। इसलिए, यह महत्वपूर्ण है कि हम अपने मताधिकार का प्रयोग करें और अपने देश के विकास में योगदान दें। डॉ रोज़ उरांव ने कहा कि मतदान के माध्यम से सही प्रतिनिधियों का चुनाव कर हम अपने देश के भविष्य को सही आकार दे सकते हैं। हम यह तय कर सकते हैं कि हमारा देश किस दिशा में बढ़े। हम यह तय कर सकते हैं कि हमारे देश में किस तरह की सरकार हो। इसलिए, यह महत्वपूर्ण है कि हम अपने मतदान का सही उपयोग करें। इस अवसर पर नंदनी साव, रौशन कुमार, सूर्यांश कुमार, प्रीति कुमारी, पूजा कुमारी, लवली कुमारी, अमर कुमार, अमन करमाली आदि छात्र छात्राओं ने मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के ट्रिक बताया।.

## उच्च विद्यालय चुम्बा की छात्राओं ने मैट्रिक की परीक्षा में मारी बाजी, लहराया परचम

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता



**गिद्दी।** उच्च विद्यालय चुम्बा का जैक द्वारा आयोजित मैट्रिक का परीक्षा में लड़कियों ने बाजी मारी है। मैट्रिक परीक्षा में स्कूल की टॉपर सुप्रिया कुमारी 89त्न, रिया कुमारी 88.80त्न, साधना कुमारी 86.40त्न लाकर विद्यालय की अब्वल छात्रा बनी। वहीं लड़कों में अमन कुमार 83.20त्न, धर्मवीर कुमार 83त्न, अंकित कुमार शर्मा 82.20त्न लकार प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पर रहे। विद्यालय से कुल 316 छात्र परीक्षा में शामिल हुए थे, जिसमें 244 छात्र प्रथम श्रेणी, 64 छात्र द्वितीय श्रेणी, 2 छात्र तृतीय श्रेणी तथा 6 छात्र मार्जिनल रहे। इस सफलता पर विद्यालय के सचिव संतोष कुमार सिंह, प्रधानाध्यापक जगनंदन कुमार, भिखारी साहु, राजेंद्र ठाकुर, महेश कुमार प्रजापति, विनोद कुमार सिंह, इंदु कुमारी, जय कुमार पाठक, अभिषेक कुमार पांडे सहित सभी शिक्षक, शिक्षकेत्तर कर्मचारी ने उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए निरंतर आगे बढ़ते रहने के लिए शुभकामनाएं दी। उच्च विद्यालय चुम्बा का जैक द्वारा आयोजित मैट्रिक का परीक्षा में लड़कियों ने बाजी मारी है। साथ ही अन्य छात्रों को लगन के साथ पढ़ाई करने की बात कही।..

## लोकसभा चुनाव की तैयारी को लेकर कर्मियों को दिया गया एक दिवसीय प्रशिक्षण



**गुमला** लोकसभा चुनाव की तैयारी को लेकर घाघरा प्रखंड कार्यालय परिसर के सभागार में शनिवार को कर्मियों को एकदिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में बीएलओ,बूथ अवेरनेस ग्रुप, वॉलिंटियर शामिल हुए। प्रशिक्षक प्रदीप कच्छप,अशोक कुमार, शंकर खे, सतीश बंसल ने प्रशिक्षण देते हुए वॉलिंटियरों को बताया कि एक नंबर लाइन और दो नंबर लाइन में पुरुष महिला मतदाता अलग अलग खड़ा होंगे।जबकि तीसरी लाइन में दिव्यांग मतदाता और बुजुर्ग मतदाता को खड़ा करना है।ताकि वह अपना मतदान दे सके और उन्हें किसी भी तरह की परेशानियों का सामना न करना पड़े। इसके साथ ही बीएलओ कर्मी भी उसमें साथ देंगे।मतदाता और मतदानकर्मियों को पानी की व्यवस्था मतदान केंद्रो में करेंगे। इसके साथ ही बूथ अवेरनेस ग्रुप द्वारा पंचायत गांव स्तर पर व्यापक प्रचार प्रसार मतदान को लेकर करे।मौके पर उपस्थित बीडीओ दिनेश कुमार ने संबोधित करते हुए कहा कि लोकसभा चुनाव की तैयारी को लेकर दिए जाने प्रशिक्षण को आप सभी ईमानदारी पूर्वक सीखे। ताकि मतदान केंद्रो में किसी भी तरह के परेशानी मतदान और मतदान कर्मियों को ना हो। बूथ अवेरनेस ग्रुप के लोग अपने-अपने पंचायत गांव में व्यापक प्रचार प्रसार मतदान को लेकर करें। ताकि अधिक से अधिक लोग मतदान करे। नए मतदाताओं को भी मतदान के लिए प्रेरित करें। मौके पर बीपीआरओ शंकर साहू, कंप्यूटर सहायक ज्योति लाल महतो सहित कई बीएलओ कर्मी, वॉलिंटियर,बूथ अवेरनेस ग्रुप के लोग उपस्थित थे।..

## मतदान केंद्र से संबंधित वॉलिंटियर्स को प्रशिक्षण दिया गया



**गुमला** जिला अंतर्गत सिसई प्रखंड सभागार में शनिवार को सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह बीडीओ रमेश कुमार यादव की उपस्थिति में मतदान केन्द्र से संडबंधित वोलेंटियर्स का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित की गई। इस दौरान प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न मतदान केन्द्रों में 14 से 18 आयु वर्ग के चयनित छात्र -छात्राएं व एनसीसी कैडेट्स को मास्टर ट्रेनर विपीन बिहारी झा व मास्टर ट्रेनर आलोक कुमार मिश्रा के द्वारा मतदान दिवस 13 मई को वोलेंटियर्स के कार्य व दायित्वों की विस्तृत जानकारी देते हुए सभी को प्रशिक्षित किया गया। ज्ञात हो कि भारतीय निर्वाचन आयोग द्वारा इस बार लोकसभा चुनाव में मतदाताओं को जागरूक करने व मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर व मतदान दिवस को मतदाताओं व मतदान कर्मियों के लिए मतदान केन्द्रों में आवश्यक जरूरी सुविधाओं के साथ -साथ दिव्यांग, वरिष्ठ, गर्भवती महिला व छोटे बच्चों वाली महिला वोटर्स के सहयोग के लिए दो से चार की संख्या में वोलेंटियर्स का चयन किया गया जो जरुरतमंद मतदाताओं को मतदान करने में महत्वपूर्ण सहयोग प्रदान करेंगे।

इस मौके पर बीपीआरओ सुमराई किण्डो, मुख्य निर्वाचन कोषांग के संत कुमार साहु,मास्टर ट्रेनर राजकपुर, मास्टर ट्रेनर सह स्वीप कोषांग नोडल पदाधिकारी शैलेश प्रसाद यादव,पंचायत सचिव विनोद भगत, बजरंग उरांव, मोनिका कुमारी, आलोक खेस, सहित अन्य कर्मी सहित विभिन्न मतदान केन्द्रों के वोलेंटियर्स उपस्थित थे।.

## लोहरदगा लोकसभा स्तरीय भारतीय जनता पार्टी की चुनावी बैठक आयोजित

### जिसमें लोकसभा क्षेत्र के चुनाव संचालन समिति के प्रमुख पदाधिकारी शामिल हुए।



**गुमला :** प्रदेश महामंत्री मनोज सिंह ने उपस्थित सभी पदाधिकारी को भाजपा प्रत्याशी समीर गांव को भारी मतों से जीत सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा यह चुनाव हिंदुस्तान को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए मोदी की गारंटी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी एवं सुदृढ़ नेतृत्व ने पिछले 10 वर्षों में देश ने जिस प्रकार का व्यापक परिवर्तन देखा है वह अपने इस बात की गारंटी है कि आने वाला समय में भारत एक नई ऊंचाइयों को छूने को तैयार है ।एक विकसित भारत बनने को तैयार है,मोदी जी ने 25 करोड़ भारतीयों को गरीबी रेखा से बाहर निकाला,भारत विश्व की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था हुई,धारा 370 हटाने के बाद जम्मू कश्मीर में शांति व्यवस्था बहाल हुई,भाजपा के शासन में भगवान श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा हुई,महिलाओं के लिए देश के उच्च सदन में 33त्न आरक्षण मिला, अल्पसंख्यक महिलाओं को ट्रिपल तलाक से आजादी मिली आदि अनेक ऐतिहासिक कार्य हुए। कार्यकर्ता क्षेत्र में सघन अभियान चलाकर मोदी जी को प्रधानमंत्री बनाने के लिए वोट मांगे। वोट प्रतिशत बढ़ाने के लिए नव मतदाताओं और महिलाओं को प्रेरित करें। वहीं बैठक में प्रदेश महामंत्री सह लोहरदगा लोकसभा के प्रभारी मनोज सिंह,जिला संगठन प्रभारी मनोज मिश्रा ने बताया कि आगामी 24-04-24 को भाजपा प्रत्याशी समीर उरांव निर्वाचन पदाधिकारी गुमला के समक्ष अपना नामांकन दाखिल करेंगे! नामांकन जुलूस कार्यक्रम में गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र भाई पटेल मुख्य रूप से उपस्थित रहेंगे,प्रदेश के नेतागण के साथ पूरे लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र से कार्यकर्ताओं का हुजूम जुलूस में शामिल होगा ।

बैठक में मुख्य रूप से लोहरदगा लोकसभा के संयोजक मुनेश्वर साहु सहसंयोजक सन्नी टोप्पो,गुमला, सिसई- बिशुनपुर-लोहरदगा-मांडर विधानसभा प्रभारी क्रमशः श्रीचंद प्रजापति, अनूपचंद्र अधिकारी,भूपन साहू ,कमलेश उराव,ओम प्रकाश सिंह विनोद कुमार, पूर्व विधायक गंगोत्री कुजूर ,गुमला भाजपा जिला अध्यक्ष शिवप्रसाद साहू, लोहरदगा भाजपा जिला अध्यक्ष मनीर उरांव, राजमोहन राम ,एडवर्ड सुरीन,सविंद्र सिंह भिखारी भगत,सत्यनारायण पटेल यशवंत सिंह,लालमोहन साहू, संजय सिंह रविंद्र सिंह ।

## छावनी क्रिकेट ग्राउंड नंबर 1 रामगढ में खेला जा रहा जिला क्रिकेट लिग




**रामगढ।** झारखंड राज्य क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा आयोजित अंतर जिला क्रिकेट लीग अंडर- 16 का आज ग्राउंड 1. में छावनी क्रिकेट ग्राउंड में जमशेदपुर ङ्क्षह्य रामगढ के बीच खेला गया जमशेदपुर ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया निर्धारित 50-50 ओवर के मैच में 27.5 ओवर मे 188/10 विकेट खोकर रन किया। जिसमें कुंज बिहारी सिंह 45 रन एवं विघनेश कुमार 42 रन शिवम कुमार 34 रन बनाये। रामगढ की ओर से गेंदबाज देवेश गोयल 4.5 ओवर में 30/3 विकेट एवं सचिन कुमार सिंह 5 ओवर में 31/3,हर्षित कुमार महतो5 ओवर मे 41/3 विकेट मिला,। लक्ष्य की पीछा करने उतरी रामगढ ने 24.4 ओवर में 146/10 बनाकर ऑल आउट हो गया, मुख्य बल्लेबाज संयम शर्मा 43 रन एवं देवेश गोयल 32 रन,शुभम 27 रन, का योगदान दिया। जमशेदपुर की ओर से शिवम कुमार मुखी 7.4 ओवर मै 42/5 विकेट लिया, एवं हिमांशु भारद्वाज 7ओवर मे 43/3 विकेट मिला, जमशेदपुर42 रन से इस मैच को जीत लिया। मैच के अंपायर उमेश पाठक तथा अजित कुमार थे जबकि स्कोरिंग अमित कुमार तिवारी ने किया । मैच ऑब्जर्बर सुब्रोतो घोष तथा रामगढ़ क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव अरुण कुमार राय, मैच ऑब्जर्वर सुब्रतो घोष एवं अन्य लोगों ने प्लेयर ऑफ द मैच का कैश एवं ट्रॉफी शिवम कुमार मुखी को भेंट किया.।

## एक-नजर

### लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के सफल आयोजन हेतु जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने की बैठक

**रामगढ।** लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र हजारीबाग के लिए मतदान की तिथि 20 मई 2024 निर्धारित है। इस दौरान रामगढ़ जिले में लोकसभा आम निर्वाचन के सफल तथा स्वच्छ आयोजन को लेकर शनिवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार ने समाहरणालय सभाकक्ष में विभिन्न बैंक प्रतिनिधियों के साथ बैठक की वही इस दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपाय की अध्यक्षता में सीएसआर समिति की बैठक का भी आयोजन किया गया।बैठक में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त के द्वारा रामगढ़ जिले के विभिन्न क्षेत्रों में प?ने वाले बैंकों के प्रतिनिधियों से लोकसभा आम निर्वाचन के तहत मतदाता जागरूकता सहित अन्य विषयों पर किए जा रहे कार्यों की जानकारी ली। इस दौरान उपायुक्त ने सभी बैंक प्रतिनिधियों को उनके उनके क्षेत्र में प?ने वाले मतदान केन्द्रों पर 20 मई 2024 यानी मतदान की तिथि के दिन दिव्यांग, बुजुर्ग सहित अन्य जरूरतमंद मतदाताओं का मतदान आसानी पूर्वक सुनिश्चित कराने को लेकर व्हीलचेयर सहित अन्य उपकरण उपलब्ध कराने को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए वहीं उपायुक्त ने सीएसआर समिति की बैठक के दौरान जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए एजेंसियों के अधिकारियों तथा प्रतिनिधियों से भी उनके द्वारा लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत किए जा रहे कार्यों की जानकारी ली। इस दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने सभी एजेंसियों के अधिकारियों/ प्रतिनिधियों को उनके क्षेत्र में प?ने वाले मतदान केंद्र पर विभिन्न स्वास्थ्य उपकरण व्हीलचेयर आदि उपलब्ध कराने तथा अपने-अपने क्षेत्र में प?ने वाले मतदान केन्द्रों के संबंधित अधिकारियों के साथ समन्वय तथा लगातार संपर्क में रहकर आवश्यकता अनुसार संबंधित अधिकारियों को सहयोग देने को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए वहीं बैठक के दौरान उप निर्वाचन पदाधिकारी श्री रविंद्र कुमार गुप्ता व नोडल पदाधिकारी मतदाता जागरूकता कोषांग सह जिला समाज कल्याण पदाधिकारी श्रीमती कनक तिर्की के द्वारा निर्वाचन संबंधित महत्वपूर्ण विषयों, मतदाता जागरूकता आदि को लेकर आवश्यक जानकारियां सभी को दी गई। बैठक के दौरान वरीय पदाधिकारी कार्मिक कोषांग सह उप विकास आयुक्त? जिला स्तरीय अधिकारियों, विभिन्न एजेंसियों के पदाधिकारी, बैंक प्रतिनिधियों सहित अन्य उपस्थित थे।.

### पुलिस ने एक शव बरामद किया, पोस्टमार्टम के बाद उक्त शव को उसके परिजनों को सौंप दिया गया

**गुमला –** गुमला जिला अंतर्गत बसिया थाना पुलिस ने बसिया थाना स्थित केवागडा कोनवीर पक्की सड़क से बसिया थाना पुलिस ने एक शव बरामद किया और बसिया थाना पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुयें, उक्त शव को बसिया थाना के एस . आई. बुधदेव उरांव अपने दलबल के साथ उक्त घटनास्थल पर पहुंचकर उक्त शव को अपने कब्जे में लेकर , पोस्टमार्टम हेतु गुमला सदर अस्पताल स्थित पोस्टमार्टम हाउस भेजवाया गया , जहां पोस्टमार्टम के बाद उक्त शव को उसके परिजनों को सौंप दिया गया हैं, मृतक के परिजन अनिल मिंज और अनूप रोशन ने बताया है की , उक्त शव पालकोट थाना स्थित बंगरू ग्राम निवासी ललित सोरेन का है और वह ट्रैक्टर दुर्घटनाग्रस्त होने में उसकी घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई है , बसिया थाना पुलिस उक्त घटना को काफी गहराई से पूछताछ और छानबीन शुरू कर दी हैं।..

### घर का ताला तोड़कर, नगद रूपया सहित सोने , चांदी के कीमती आभूषण ले उड़े चोर

**गुमला –** गुमला जिला अंतर्गत सिसई थाना क्षेत्र के सिसई मेन रोड निवासी किसान आलम अपने घर बंदकर , अपने रिश्तेदार के यहां मेहमानी गये हुए थे , इसी क्रम में घर का , गोदरेज अलमारी बक्सा आदि का ताला लगा तोड़कर नगद, सोने चांदी के आभूषण आदि सहित लाखों रुपया के कीमती सामान अज्ञात चोर ले उड़े, किसान आलम जब वापस अपने घर आये तो देखा की ,घर का ताला टुटा हुआ है और घर का सभी सामान बिखरा पड़ा है, गोदरेज अलमारी बक्सा आदि का ताला तोड़कर नगद सहित सोने चांदी के कीमती समान , सोने चांदी के आभूषण अज्ञात चोर ,चोरी कर भागने में सफल रहे , बाद में उक्त घटना की सूचना स्थानीय सिसई थाना पुलिस को लिखित आवेदन देकर अज्ञात चोरों के विरुद्ध , प्राथमिकी दर्ज कराई गई है, सिसई थाना पुलिस मामले की छानबीन शुरू कर दी है ।.

### वर्ग 8 की छात्रा ने फांसी का फंदा लगाकर किया आत्महत्या

**गुमला –** गुमला जिला अंतर्गत भरनो थाना स्थित मठतुरीअंबा ग्राम में नानी के घर में रहकर एक नाबालिक वर्ग 8 वीं की छात्रा ने फांसी फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली, मृतक छात्रा के अपने माता-पिता दूसरे राज्य में मजदूरी करने गए हुए हैं और उक्त छात्रा अपनी नानी के घर में रहकर पढ़ाई कर रही थी, बाद में उक्त घटना की सूचना भरनो थाना पुलिस को दी गई, उक्त सूचना मिलते ही भरनो थाना पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुयें, उक्त घटनास्थल पर पहुंचकर छानबीन शुरू कर दी और उक्त शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु , गुमला सदर अस्पताल स्थित पोस्टमार्टम हाउस भेजवाया गया ,जहां पोस्टमार्टम के बाद उक्त शव को उसके परिजनों को सौंप दिया गया हैं , भरनो पुलिस मामले की छानबीन कर रही हैं।..

### गुरुकुल कोचिंग सेंटर जोगा चौक, रबोध के सभी विद्यार्थी प्रथम श्रेणी से हुए उत्तीर्ण

**गिद्दी।** झारखंड एकेडमिक काउंसिल (जैक) द्वारा आयोजित मैट्रिक बोर्ड परीक्षा -2024 में गुरुकुल कोचिंग सेंटर रबोध के सभी छात्र-छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन किया। इस बार भी बोर्ड परीक्षा में शत प्रतिशत विद्यार्थी प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुए हैं। टॉप- 10 में नितेश कुमार महतो 442 अंक (88.4त्न )लाकर टॉपर बने, मंटू ठाकुर 441 अंक (88.2त्न), राहुल रविदास425 अंक( 85त्न ),रेशमा कुमारी- 414 अंक( 82.8 त्न,),ओमकार कुमार -412 अंक (82 .4त्न ),छोटी कुमारी- 412 अंक( 82.5त्न ),लक्ष्मी कुमारी -410 अंक( 82त्न), आनंद कुमार- 410 अंक( 82त्न ),सुनील कुमार- 401 अंक (80.2त्न ),दिव्या कुमारी -399 अंक( 79.8त्न) प्राप्त कर टॉप 10 में जगह बनाने में कामयाब रहे। विद्यार्थियों के अच्छे प्रदर्शन पर गुरुकुल की प्राचार्य श्रीमती भारती सिंहा ने सभी विद्यार्थियों को बधाइ और शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर शिक्षक सुभाष चंद्र कुमार ने बताया कि इस संस्थान का प्रत्येक वर्ष मैट्रिक परीक्षा का परिणाम अच्छा होता है। इसके लिए विद्यार्थी और शिक्षक पूरे वर्ष मेहनत करते हैं। इसी का परिणाम है कि यहां के शत प्रतिशत छात्र -छात्राएं प्रत्येक वर्ष प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण होते हैं।यह गुरुकुल पिछ्ले 20 वर्षों से रबोध पंचायत के जोगा चौक पर शिक्षा का अलख जगा रहा है।

### पांच दिवसीय श्रीश्री 108 रूद्र महायज्ञ सह प्राण-प्रतिष्ठा अनुष्ठान शुरू

**भुरकुंडा (रामगढ)।**यज्ञ समिति शिवनगर कॉलोनी के तत्वावधान में रिवर साइड भुरकुंडा स्थित शिव नगर कॉलोनी बीटीटीआई में भव्य कलश जल यात्रा के साथ शनिवार से पांच दिवसीय श्रीश्री 108 रूद्र महायज्ञ सह प्राण-प्रतिष्ठा अनुष्ठान का शुभारंभ हुआ। 501 कलशों से सजी यह यात्रा यज्ञ मंडप से शुरू हुई। इसमें भारी संख्या में श्रद्धालु महिला-पुरूष व बच्चे गाजे-बाजे और भगवा ध्वजों के साथ शामिल हुए। कलश यात्रा शिव नगर, दुंदुवा, बुधबाजार, झा मेडिकल चौक आदि क्षेत्रों से भ्रमण करते हुए दुमुहानी राम-जानकी मंदिर स्थित दामोदर नदी और नलकारी तट पहुंची। यहां वाराणसी के यज्ञाचार्य पंडित सुनील पाठक द्वारा पूरे विधि-विधान एवं वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच कलशों में जल भरवाया गया। इसके बाद पुनः कलश यात्रा वापस यज्ञ स्थल पहुंची। जहां कलशो की स्थापना की गई। कलश यात्रा के दौरान हर-हर महादेव, बम-बम भोल, ऊं नमः शिवाय सहित अन्य आराध्य देवी-देवताओं के जयकारों से पूरा क्षेत्र गूंजता रहा।

# इंडी गठबंधन की रैली में देश और विकास विरोधियों का होगा जमावड़ा : बाबूलाल मरांडी

**रांची,** । भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने इंडी गठबंधन पर जोरदार हमला किया। उन्होंने कहा कि रांची में इंडी गठबंधन की ओर से आयोजित रैली में देश विरोधी, सनातन विरोधी, झारखंड विरोधी, विकास विरोधी लोगों का जमावड़ा हो रहा है। इसमें वही लोग शामिल हो रहे हैं, जिन्होंने झारखंड को बेचने और खरीदने का काम किया है।

मरांडी शनिवार को पार्टी के मीडिया सेंटर में संवाददाताओं से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि रैली शामिल होने वाले लोग सत्ता में आने पर सारा समय लूटने में लगाते हैं। हेमंत सोरेन चार साल सरकार में रहे। आज वे जेल में हैं। जैसे जैसी करनी वैसी भरनी वाली कहावत उनपर पर चरितार्थ हो रही है। सत्ता मिलने के बाद नदी, बालू, पहाड़ तक नहीं छोड़ा। राजमहल के पहाड़ को खोद दिया।

मरांडी ने कहा कि राजमहल में 1000 करोड़ के पत्थर का अवैध खनन हुआ है। ईडी ने इसका उल्लेख अपने चार्जशीट में किया है। बालू, कोयला पत्थर की लूट की। जमीन में फजीर्वाड़ा का उसको बेचने का काम किया। सेना की जमीन को भी नहीं छोड़ा। आदिवासी जमीन का फर्जी कागजात बनाकर उसे बेचा। इस



कार्य को सरकार का संरक्षण मिलता रहा। अब धीरे-धीरे ईडी ऐसा करने वाले सभी लोगों को जेल में डाल रही है।

प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि झारखंड की जनता सब जानती है। जनभावना का सम्मान नहीं करने और हर तरह से जनता को लूटने वालों का जमावड़ा रैली में हो रहा है। ऐसे लोगों पर जनता कैसे विश्वास करेंगी। मरांडी ने कहा कि ये वही लोग हैं, जो आतंकी हमले को भगवा आतंकवाद कहते हैं। देश के जवान के आतंकियों की गोली से मारे जाने पर राजनीति करते हैं। 'जी' लगाकर आतंकवादियों को सम्मान देते हैं। भारत के जवान के जवाबी कार्रवाई करने पर सबूत मानते हैं। देश को कमजोर करने का लगातार प्रयास करते हैं। ऐसे ही लोगों का जुटान रैली में हो रहा है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि 1962 में देश का बड़ा हिस्सा चीन को कांग्रेस सरकार ने दे दिया था। मोदी सरकार देश की एक-एक जमीन के लिए जान लगा रही है। किसी की भी हिम्मत नहीं है, जो देश का एक इंच भी जमीन कब्जा कर ले। गलवान घाटी और पूर्वोत्तर के क्षेत्र में यह नजारा देश की जनता देख चुकी है। उन्होंने कहा कि पहले डिफेंस के क्षेत्र में हम सिर्फ आयात करते थे। आज निर्यात कर रहे हैं।मरांडी ने कहा कि 2004 में अटल की सरकार जाने के बाद कांग्रेस सत्ता में आई। तब देश की अर्थव्यवस्था 11 स्थान पर थी। मनमोहन सरकार के कार्यकाल में सुपर पीएम सोनिया गांधी थी। स्थिति यह रही देश की अर्थव्यवस्था मात्र एक पायदान ऊपर आई यानी 11 में से 10वें नंबर पर आई। मोदी सरकार के 10 साल के कार्यकाल में भारत की अर्थव्यवस्था में बड़ी छलांग लगाकर पांचवें स्थान पर पहुंच गई। मोदी सरकार के तीसरे टर्म में देश की अर्थव्यवस्था तीसरे स्थान पर आ जाएगी।

## इंडियन सोसाइटी फॉर ट्रेनिंग एंड डेवलपमेंट के पूर्वी क्षेत्रीय सम्मेलन का समापन

**रांची।** सीसीएल मुख्यालय में 'सतत विकास के लिए नई प्रौद्योगिकी को अपनाने के लिए मानव संसाधन को सशक्त बनाना' विषय पर इंडियन सोसाइटी फॉर ट्रेनिंग एंड डेवलपमेंट (आईएसटीडी) का दो दिवसीय पूर्वी क्षेत्रीय सम्मेलन का शनिवार को समापन हुआ। कांफ्रेंस तीन सत्रों में आयोजित हुआ। प्रथम सत्र में प्रतिभा प्रबंधन के माध्यम से मानव संसाधन उत्कृष्टता का प्रबंधन (प्रतिभा प्रबंधन के माध्यम से मानव संसाधन उत्कृष्टता का प्रबंधन) पर चर्चा हुई।



निदेशक (कार्मिक), बीसीसीएल मुरली कृष्ण रमैया ने इस सत्र की अध्यक्षता की। प्रथम सत्र में निदेशक (कार्मिक), एनएचपीसी, संजीव शेखर ने विषय विशेष पर व्याख्यान दिया। प्रोफेसर वैष्णवी जगदीश साहू ने सबके सम्मुख रिसर्च पेपर प्रस्तुत किया। इस सत्र के समन्वयक पूर्व महाप्रबंधक, सेल, डॉ. हरिहरन थे। द्वितीय सत्र की अध्यक्षता मेकॉन (तकनीकी) के निदेशक अमित राज ने की। इस सत्र में मानव संसाधन में कृत्रिम बुद्धिमत्ता और प्रौद्योगिकी के नए आयाम (मानव संसाधन में कृत्रिम बुद्धिमत्ता और प्रौद्योगिकी के नए आयाम पर चर्चा हुई। इस सत्र में सुजुकी के मानव संसाधन के प्रमुख मुशर्रत हुसैन एवं टाटा कंसल्टेंसी के शरत चंद्रा ने उपरोक्त विषय पर व्याख्यान प्रस्तुत किया। डॉ. कुमार मोहित स्प्रिंग ने विषय विशेष रिसर्च पेपर प्रस्तुत किया।

तृतीय सत्र की अध्यक्षता हिंदुस्तान कॉपर लिमिटेड के पूर्व सीएमडी अरुण कुमार शुक्ला ने की। इस सत्र का विषय 'स्थिरता और घातीय वृद्धि' था। इस सत्र में कार्यकारी निदेशक, आईआईसीएम, डॉ. कामाक्षी रमन एवं डॉ. रोहित कुमार ने सम्बंधित विषय पर व्याख्यान दिया।

## उलगुलान न्याय महारैली में दिखेंगे इंडी गठबंधन के सभी उम्मीदवार

**रांची,** । झामुमो के नेतृत्व में इंडी गठबंधन की तरफ से रविवार को उलगुलान न्याय महारैली से लोकसभा चुनाव का शंखनाद होगा। साथ ही इंडी गठबंधन इस रैली के जरिए एकजुटता का भी परिचय देकर चुनावी मैदान में उतरेगा। इस रैली में गठबंधन के सभी उम्मीदवार मंच पर दिखेंगे।

वैसे तो इंडी गठबंधन अब तक 11 उम्मीदवारों की घोषणा कर चुका है। बची तीन लोकसभा सीटों रांची, जमशेदपुर और पलामू की घोषणा होनी बाकी है। रांची लोकसभा सीट कांग्रेस कोटे में है। इस सीट से सुबोधकांत सहाय की बेटी यशस्विनी सहाय का नाम सबसे आगे चल रहा है। इसके साथ मंत्री बन्ना गुप्ता के नाम की चर्चा केंद्रीय चुनाव समिति में चल रही है, जिस पर पार्टी निर्णय ले




सकती है।

हालांकि, रांची लोकसभा के लिए सुबोधकांत सहाय की बेटी के नाम पर आलाकमान अंतिम निर्णय ले सकता है। जेएमएम कोटे की जमशेदपुर लोकसभा सीट से आस्तिक महतो और पार्टी के केंद्रीय महासचिव सह प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य के नाम पर मुहर लग सकती है जबकि पलामू लोकसभा सीट राजद के खाते में है और इस सीट से आधिकारिक घोषणा होनी बाकी है।

सुबोधकांत सहाय की बेटी के नाम पर केंद्रीय नेतृत्व राजी होता है, तो चुनावी मैदान में कांग्रेस की तीन महिला उम्मीदवार होंगी। गोड्डा से प्रदीप यादव का नाम आगे था। ऐसे में धनबाद से अनुपमा सिंह का नाम आगे बढ़ाया गया। इसके पीछे दलील थी कि एक महिला उम्मीदवार को मैदान में उतारा जाये। अनुपमा सिंह का नाम तय होने के बाद प्रदीप यादव का मामला फंसा गया।

इसके बाद स्क्रीनिंग कमेटी ने दीपिका पांडेय सिंह का नाम आगे बढ़ाया और केंद्रीय नेतृत्व सहमत भी हो गया। अब इधर सुबोधकांत सहाय ने भी अपनी बेटी का नाम आगे बढ़ाया है। ऐसे में राज्य में भाजपा ने कोडरमा, सिंहभूम से महिला उम्मीदवारों को उतरा है जबकि इंडी गठबंधन ने सिंहभूम और गोड्डा से महिला प्रत्याशियों को मैदान में उतारा है।

## उलगुलान न्याय महारैली में आने वाले वाहनों के रुट और पार्किंग की रहेगी अलग व्यवस्था

**रांची,** । झामुमो के नेतृत्व में इंडी गठबंधन के तत्वावधान में रविवार को रांची के प्रभात तारा मैदान में उलगुलान न्याय महारैली आयोजित की गई है। इसमें इंडी गठबंधन के तमाम बड़े नेताओं के शामिल होने की संभावना है। इसके मद्देनजर शनिवार को रांची ट्रैफिक एसपी कैलाश करमाली ने महारैली कार्यक्रम में विभिन्न जिलों से आनेवाली बसों का रूट और पार्किंग की व्यवस्था तय कर दी है।



**ऐसा रहेगा वाहनों के रुट और पार्किंग की व्यवस्था**

-गढ़वा, पलामू, लातेहार, चतरा, रामगढ़ और रांची से आने वाले वाहन काठीटांड़ से रिंग रोड दलादली, नयासराय रिंग रोड होते हुए बलालौंग मोड़ से धुर्वा डैम होते हुए धुर्वा बस स्टैंड से बाएं में सखुआ बगान एवं आम बगान में पार्क करेंगे

- दुमका, देवघर, जामताडा, गोड्डा, पाकुड़, साहेबगंज से आने वाले वाहन नेउरी रिंग रोड होते हुए रामपुर रिंग रोड होते हुए तुपुदाना से हटिया चांदनी चौक से प्रोजेक्ट भवन होते हुए धुर्वा गोलचक्कर के पूर्वी भाग में पार्क करेंगे।

-हजारीबाग, कोडरमा, धनबाद, बोकारो, गिरिडीह से आने वाले वाहन नेउरी रिंग रोड होते हुए रागपुर रिंग रोड होते हुए तुपुदाना चौक से प्रोजेक्ट भवन होते हुए धुर्वा गोल चक्कर पश्चिमी में पार्क करेंगे।

-जमशेदपुर, चाईबासा, सरायकेला- खरसावां, रांची के बुंडू, तमाड़, सिल्ली से आने वाले वाहन श्रामपुर से रिंग रोड होते हुए तुपुदाना चौक से हटिया चांदनी चौक से प्रोजेक्ट भवन होते हुए धुर्वा गोलचक्कर से जवाहर स्टेडियम में पार्क होंगे।

-सिमडेगा, खूंटी, गुमला के वाहन रिंग रोड होते हुए तुपुदाना चौक से हटिया चांदनी चौक से प्रोजेक्ट भवन होते हुए जेएन कॉलेज मैदान में पार्क होंगे।

-वीआईपी के छोटे वाहनों के लिए धुर्वा गोल चक्कर से नेहरू स्टेडियम होते हुए मियां मार्केट के सामने से प्रभात तारा मैदान के दक्षिणी भाग में पार्किंग की व्यवस्था

-वीआईपी और मीडिया के छोटे वाहनों के लिए धुर्वा गोलचक्कर से नेहरू स्टेडियम होते हुए मियां मार्केट के सामने संत थॉमस स्कूल के पास पार्किंग की व्यवस्था रहेगी।

### हमें नाली और पीसीसी रोड की मानसिकता से निकलना होगा : अर्जुन मुंडा

**खूंटी।** खूंटी संसदीय सीट से भाजपा प्रत्याशी और जनजातीय मामलों तथा केंद्रीय कृषि मंत्री अर्जुन मुंडा ने कहा कि हमें नाली और पीसीसी रोड की मानसिकता से निकलना होगा। यह लोकसभा चुनाव है, जो देश का भविष्य निर्धारित करेगा। इसलिए लोगों को राष्ट्र हित में सोचकर मतदान करना चाहिए। अर्जुन मुंडा शनिवार को मरचा गांव में आयोजित सरहुल महोत्सव में शामिल होने के बाद खूंटी लौटने के क्रम में तोरपा स्थित भाजपा के विधानसभा स्तरीय कार्यालय में कार्यकर्ताओ के साथ चाय पे चर्चा कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि आपको बताना होगा कि केंद्र सरकार से आप किस तरह की योजना चाहते हैं। ऐसी योजनाओं की मांग करें, जिससे क्षेत्र का विकास हो। उन्होंने कहा कि कुछ लोगों को



शिकायत रहती है कि अर्जुन मुंडा गांवों में नहीं जाते। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि खूंटी संसदीय क्षेत्र में पांच हजार से अधिक गांव हैं। ऐसे में सभी गांवों में जाना संभव नहीं है। वैसे जनता जब भी उन्हें बुलाती है, वे वहां पहुंचने का प्रयास करते हैं। मौके पर भाजपा के विधानसभा संयोजक अरूणचंद्र गुप्ता, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य संतोष जयसवाल, विनोद भगत, शशांक राय, नीरज जयसवाल सहित कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

# खूंटी लोकसभा चुनाव में महिला मतदाता निर्णायक भूमिका में

**खूंटी,** । हमेशा सुर्खियों में रहनेवाली जनजातियों के लिए सुरक्षित संसदीय सीट की विभिन्न विशेषताओं में एक खास है कि इस लोकसभा क्षेत्र के सभी छह विधानसभा क्षेत्रों में महिला मतदाताओं की संख्या पुरुषों की अपेक्षा अधिक है। खूंटी, गुमला, सिमडेगा, गुमला, रांची और सरायकेला-खरसावां इन छह जिलो में फैले खूंटी लोकसभा क्षेत्र में कुल मतदाताओं की संख्या है। 13 लाख नौ हजार 677। इनमें महिला मतदातओं की संख्या 6,66,584 और पुरुष वोटरों की संख्या है 643087। इस संसदीय क्षेत्र के छह विधानसभा क्षेत्र में भी महिला वोटरों की संख्या पुरुषों से अधिक है। एक भी विधानसभा क्षेत्र ऐसा नहीं है, जहां पुरुष मतदाताओं की संख्या महिलाओं से अधिक है। यही कारण है कि प्रत्याशियों की जीत-हार में महिलाओं की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण है। इसको लेकर हर राजनीतिक दल चुनाव के दौरान महिला मतदाताओं का अधिक तवज्जो देते हैं।

जिला जनसंपर्क कार्यालय खूंटी से मिली जानकारी के अनुसार खरसावां विधानसभा क्षेत्र में कुल मतदाताओं की संख्या 109761 है। वहीं इस सीट पर महिला वोटरों की संख्या 111383 है। तमाड़ विधानसभा क्षेत्र के कुल 215101 में पुरुष मतदाता 107358 है, जबकि महिलाओं की संख्या107743 है। इसी प्रकार तोरपा में महिला वोटरों की संख्या 1000487 है, जबकि 978122 पुरुष मतदाता हैं। खूंटी विधानसभा क्षेत्र में वोटरों की कुल संख्या 223658 है। इनमें पुरुष मतदाता 108771 है, वहीं महिला वोटरों की संख्या 114884 है। सिमडेगा विधानसभा क्षेत्र मे 117062 पुरुष वोटरों की तुलना में महिला मतदातओं की संख्या 124800 है। इसी जिले के कोलेबिरा विधानसभा क्षेत्र के कुल 210300 में 197287 महिला मतदाता हैं, जबकि पुरुष वोटरों की संख्या 103013 है।

**17 संसदीय चुनाव में सिर्फ एक बार महिला को मिला संसद पहुंचने का मौका**

खूंटी संसदीय क्षेत्र में भले ही महिला मतदाताओं की संख्या पुरुषों की तुलना में अधिक हो, पर इस संसदीय सीट पर अब तक हुए 17 लोकसभा चुनावों में मात्र एक महिला को अब तक संसद पहुंचने का का मौका मिला है और वे थीं बिहार की पूर्व मंत्री और बिरसा कॉलेज खूंटी की प्राचार्या सुशीला केर-केट्टा। सुशीला केरकेट्टा ने 2004 के लोकसभा चुनाव में छह बार के सांसद कड़िया मुंडा को मात दी थी। उसके पहले या बाद में किसी महिला को लोकसभा पहुंचने का मौका नहीं मिला। वैसे कांग्रेस ने सुशीला केरेट्टा के पहले या बाद में किसी भी पार्टी ने महिला उम्मीदवारों को टिकट नहीं दिया। भाजपा ने भी अब तक किसी महिला प्रत्याशी को मैदान में नहीं उतारा है। वैसे दयामनी बारला ने 2009 के लोकसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी के टिकट पर भाग्य आजमाया था, लेकिन वह अपनी जमानत तक बचा नहीं पाई थी। ऐसा नहीं है कि इस ससंदीय सीट से अन्य महिला प्रत्याशियों ने चुनाव नहीं लड़ा हो, पर किसी बड़े राजनीतिक दल के टिकट पर उन्हें किस्मत आजमाने का मौका नहीं मिला।

## एकाउंटेंट संजय कुमार हत्याकांड के आरोपित की जमानत याचिका खारिज

**रांची,।** अपर न्यायायुक्त एमसी झा की अदालत ने शनिवार को जमीन कारोबारी कमल भूषण के एकाउंटेंट संजय कुमार की हत्या मामले के मुख्य आरोपित राहुल कुजूर की जमानत याचिका खारिज कर दी। इससे पूर्व शुक्रवार को अदालत ने मामले के एक अन्य आरोपित डब्लू कुजूर की जमानत याचिका खारिज कर दी थी।

मामले में दोनों पर आरोप है कि राहुल कुजूर और डब्लू कुजूर के इशारे पर एकाउंटेंट संजय कुमार की हत्या हुई थी। पांच जुलाई, 2023 को एकाउंटेंट संजय कुमार ऑफिस से घर लौट रहे थे। इसी दौरान शूटरों ने गोली मारकर उनकी हत्या कर दी थी। हत्याकांड को लेकर एसआईटी गठित की गई थी।

## झारखंड हाई कोर्ट में शराब कारोबारी योगेंद्र तिवारी की जमानत अर्जी पर 22 अप्रैल को होगी सुनवाई

**रांची,** । झारखंड हाई कोर्ट में शराब घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में आरोपित योगेंद्र तिवारी की जमानत याचिका की सुनवाई शनिवार को हुई। अगली सुनवाई 22 अप्रैल को होगी।

दरअसल, ईडी कोर्ट ने योगेंद्र तिवारी की जमानत अर्जी खारिज कर दी थी। ईडी ने योगेंद्र तिवारी के खिलाफ आरोप पत्र भी दाखिल किया है। ईडी की जांच में योगेंद्र तिवारी द्वारा बालू की तस्करी और अवैध तरीका से जमीन की खरीद-बिक्री कर अर्जित आय को शराब के कारोबार में लगाने की खुलासा हुआ है। मामले में ईडी ने 8/2023 दर्ज किया है।19 अक्टूबर, 2023 को पूछताछ के क्रम में ईडी ने योगेंद्र तिवारी को गिरफ्तार किया था। गिरफ्तारी के बाद 14 दिनों तक ईडी ने रिमांड पर लेकर उससे पूछताछ की थी।

## सार-संक्षेप

### कक्षा दशम के छात्रों को मोटिवेशनल कैरियर काउंसलिंग का आयोजन

**मांडर** : प्रखण्ड स्थित ऑक्सब्रिज स्कूल कंदरी मोड़ मांडर में शनिवार को ऑक्स ब्रिज स्कूल के सभागार में कक्षा दशम के छात्रों के लिए मोटिवेशनल कैरियर काउंसिलिंग का आयोजन किया गया ।मेहमानों को स्कूल के हेड बॉय एवं हेड गर्ल के अभिभावकों द्वारा पुष्प गुच्छा भेंट किया गया ।इस मौके में जाने से डी॰ए॰वी॰ के प्राचार्य श्री टी॰ पी॰ झा (सेवा निवृत), श्री सरोज पाठक (आई०आई०टी०रूरकी),श्री अभिषेक (आई॰आई॰टी॰ रुरकी )खुशबू पटेल(कैरियर काउंसलर) मौजूद थे।



प्राचार्य श्री टी॰पी॰ झा(सेवानिवृत्त)ने अपने अनुभव को साझा करते हुए कहा कि उस उम्र में अपने मनोबल से पढ़ाई करते हुए बेहतर परिणाम कैसे हासिल किया जा सकता है ।श्री सरोज पाठक और श्री अभिषेक ने अपनी स्कूली पढ़ाई के साथ प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी एवं सफलता हासिल करने के सुझाव बताए।

श्रीमती खुशबू पटेल ने अपने रुचि के अनुसार आज कैरियर का चुनाव का सुझाव दिया। इस मौके में दशवी कक्षा के छात्रों के अभिभावक स्कूल निदेशक टौफीक आलम प्राचार्या इवोन ई. एक्का शिक्षिका मनुजा सुप्रिया पुष्पा विवेक सर एवं अन्य शिक्षक गण भी मौजूद थे । समारोह का संचालन जितेंद्र सिंह ने किया।

### जैक 10वी की परीक्षा सरस्वती शिशु बिद्या मंदिर के बच्चों ने लहराया परचम

**चान्हो** ।प्रखण्ड स्थित मैट्रिक परीक्षा में सरस्वती शिशु विद्या मंदिर बीजू पाड़ा विद्यालय का रिजल्ट शानदार रहा। शुक्रवार को जैक बोर्ड। का रिजल्ट प्रकाशित हुआ जिसमें सरस्वती शिशु बिद्या मंदिर बिजुपडा स्कूल के छात्र छात्रओं प्रथम स्थान प्रवीण उरांव 94 प्रतिशत अंक लेकर स्कूल टॉपर बने वही दुतीय स्थान आँचला कुमारी 91,8 प्रतिशत लेकर दुतीय स्थान तृतीय स्थान खुशी साहू 91 प्रतिशत लेकर स्कूल में तृतीय स्थान प्राप्त की स्कूल शिक्षक शिक्षिका प्रधानाध्यपक नीरज तिवारी ने बच्चों उज्वल भविष्य कमाना किये।



### भाजपा मंडल की मंडल स्तरीय संगठनात्मक की बैठक

**चान्हो** भाजपा मंडल की मण्डल स्तरीय संगठनात्मक बैठक ओपा विशाल गार्डन में मण्डल अध्यक्ष विजय महतो की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक का मुख्य उद्देश्य लोकसभा चुनाव के संदर्भ में था,जिसे बुथ सशक्तिकरण एवम बुथ जीता तो चुनाव जीता के संकल्प के साथ कार्यकताओं को चुनाव कार्य मे लगने का आह्वन किया गया। बैठक में मुख्य रूप से निवर्तमान प्रदेश अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद श्री दीपक प्रकाश उपस्तिथ रहे एवम कार्यकताओं को संबोधन किए। साथ मे पूर्व विधायक सह विधानसभा संयोजक श्रीमती गंगोत्री कुजूर,लोकसभा सह संयोजक श्री सन्नी टोप्पो, ग्रामीण जिलाध्यक्ष सुरेन्द्र महतो,प्रभारी श्री ओम सिंह,सह संयोजक अरविंद सिंह,विस्तारक ओम तिवारी,संजीव तिवारी, प्रदेश नेता सफीक अंसारी,प्रदेश नेत्री सोनी तब्बसुम,सतीश साह, कैलाश गुप्ता,सभी मण्डल पदाधिकारी,सभी मोर्चा के अध्यक्षगण,पंचायत प्रभारी,संयोजक,सह संयोजक एवम देवतुल्य भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे। मंच संचालन मण्डल महामंत्री विशेश्वर महतो एम धन्यवाद ज्ञापन सतीश साह ने किया।



### मांडर पुलिस ने नाबालिग की होने वाली शादी को रोक दिया

**मांडर**। प्रखंड अंतर्गत पचपदा गांव में शनिवार को पुलिस और डालसा की टीम द्वारा एक नाबालिग की होने वाली शादी को रोक दिया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार पचपदा निवासी सोलह वर्षीय सोनाली का विवाह बेड़ो थाना क्षेत्र के रहने वाले युवक से परिवार वालों ने तय कर दिया था। विवाह 22 अप्रैल को होना था। कस्तूरबा स्कूल मांडर की नवीं कक्षा की छात्रा सोनाली ने बताया कि वह पिछले महीने की होली छुट्टी में घर गई थी। इसी दौरान उसका विवाह तय हो गया है उसने अपने सहेलियों से कहा कि वह अभी शादी नहीं करना चाहती है और आगे पढ़ाई कर कुछ बनना चाहती है। इसी दौरान शनिवार को पीएलवी सुमन ठाकुर लीगल लिट्रेसी क्लब में लीगल क्लास लेने पहुंची तो सोनाली के दोस्तों ने सारी बात उन्हें बताई, जिसके बाद डालसा सेक्रेट्री के माध्यम से जिले के आला अधिकारियों को नाबालिग के शादी की जानकारी दी गई। इसकी जानकारी मिलते ही कस्तूरबा स्कूल की वार्डन इंदु, नरकोपी पुलिस और पूर्व मुखिया बिरेंद्र उरांव सोनाली के घर पहुंचे और कानून का हवाला देते हुए शादी को रूकवाया गया।

### पद्मभूषण कड़िया मुंडा को अर्जुन मुंडा ने दी जन्मदिन की बधाई

**खूंटी।** भाजपा प्रत्याशी और केंद्रीय मंत्री ने शनिवार को पद्मभूषण कड़िया मुंडा के अनिगड़ा स्थित आवास जाकर उन्हें जन्मदिन की बधाई दी और उनके बेहतर स्वास्थ्य और लंबी उम्र की कामना की। केंद्रीय मंत्री ने कड़िया मुंडा के पैर छूकर उनका आशीर्वाद लिया। खूंटी से आठ बार सांसद, कई बार केंद्रीय मंत्री और लोकसभा के उपाध्यक्ष कड़िया मुंडा अपने जीवन के 88 बसंत देख चुके हैं। उनका जन्म 20 अप्रैल 1936 को हुआ था।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी–सह–उपायुक्त का कार्यालय, लातेहार
(जिला निर्वाचन शाखा)
(E-mail id:- dy.eolatehar1@gmail.com
–::आदेश::–
लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 160 के तहत प्राप्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए मैं गरिमा सिंह (भा0प्र0से0) जिला निर्वाचन पदाधिकारी–सह–उपायुक्त, लातेहार भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली द्वारा लोकसभा आम निर्वाचन–2024 के निमित्त दिनांक 10.05.2024 से मतदान प्रक्रिया की समाप्ति तक लातेहार जिला अन्तर्गत सभी अधिसूचित मतदान केन्द्रों/इंटरमीडिएट स्ट्रॉंग रूम के रूप में चिन्हित भवनों को कैम्पस/उपस्कर सहित अधिग्रहण करती हूँ। साथ ही सभी संबंधित कार्यालय प्रधान को आदेशित करती हूँ कि वे संबंधित भवनों को चुनाव कार्य हेतु जिला प्रशासन, लातेहार को (उपस्कर सहित) उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।
जिला निर्वाचन पदाधिकारी –सह–उपायुक्त, लातेहार।
PR 323940 Latehar(24-25)D

# उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक ने हजारीबाग वासियों का जताया आभार

## रामनवमी 2024 हुआ भव्य एवं शांतिपूर्ण समापन

### रामनवमी शांति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न होने पर उपायुक्त ने जिलेवासियों एवं सभी अखाड़ों के सदस्यों को दिया धन्यवाद

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता





**हजारीबाग।** जिला में रामनवमी 2024 शांति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न होने पर आईजी डॉ माइकल राज ने हजारीबाग के समस्त जनता को धन्यवाद दिया,उन्होंने पुलिस प्रशासन एवं जिला प्रशासन के बेहतर कॉर्डिनेशन को सफलता मूल मंत्र बताया। मौके पर जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त नैन्सी सहाय ने जिलेवासियों को धन्यवाद दिया है। उपायुक्त ने कहा कि इस बार हजारीबाग वासियों ने मिसाल कायम किया है,सभी को दिल से आभार।

पुलिस पदाधिकारियों, दंडाधिकारियों,अन्य जिलों से आए प्रतिनियुक्त दंडाधिकारियों, अंचलाधिकारियों, प्रखंड विकास पदाधिकारियों, कर्मियों, विद्युत विभाग, नगर निगम एवं स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़े तमाम लोगों को धन्यवाद देते हुए उन्होंने कहा कि अथक प्रयास और पूरी तत्परता के साथ सभी ने अपने कर्तव्यों का निर्वहन किया है। मीडिया को धन्यवाद देते हुए उपायुक्त ने कहा सभी ने अपनी जिम्मेदारी समझते हुए सही सूचनाओ को आमजन तक पहुंचाया।

पुलिस अधीक्षक ने भी ऐतिहासिक रामनवमी पर्व के सफल आयोजन पर उन्होंने कहा कि तमाम जिले वासियों के सहयोग,अनुशासन से प्रभावित हूं। सभी मीडिया कर्मी,पुलिस प्रशासन ने भी इस ऐतिहासिक पर्व को सफल बनाने में कोई कोर कसर बाकी नहीं रखी सभी को आभार।उन्होंने शांति समिति, शांति मित्र,अख?ा समिति, सद्भावना समिति, संरक्षण समिति,महासमिति के तमाम सदस्यों और विभिन्न धर्मों के प्रबुद्धजनों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सामूहिक प्रयास से यह सम्भव हो पाया है। इस अवसर पर उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक ने उम्मीद जताया कि आगे भी इसी तरह जनता और मीडिया का सहयोग मिलता रहेगा।

## पेलावल विकास मंच की ओर से महापर्व रामनवमी शांतिपूर्वक एवं सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न होने पर सभी को हार्दिक बधाई

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता




**हजारीबाग।** पेलावल विकास मंच की शनिवार को एक खास बैठक पेलावल दक्षिणी, अंबेडकर टोली स्थित प्रधान कार्यालय में हुई।बैठक में मुख्य रूप से हजारीबाग का ऐतिहासिक महापर्व रामनवमी शांतिपूर्वक संपन्न होने व कराने के लिए जिला प्रशासन,पुलिस प्रशासन,महासमिति अध्यक्ष एवं समिति की पूरी टीम,सभी अखाड़ों के अगुआ रामभक्त,सभी सेवा शिविर के आयोजकों तथा हजारीबाग के सभी समुदाय के धर्मावलंबियों को पेलावल विकास मंच की ओर से कोटि-कोटि साधुवाद।जिला प्रशासन का बेहतर माहौल में रामनवमी मनाने का अथक प्रयास एवं प्रशासन की ओर से हर सहयोग के लिए 24 घंटा तैयार रहना ही हजारीबाग की इस ऐतिहासिक पर्व में चार चांद लग पाया। 98 झांकियों का भव्य प्रदर्शन कोई मजाक की बात नहीं है।शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल के समस्त डॉक्टरों एवं कर्मियों ने जो बिना थके दिन रात घायल या चोटिल रामभक्तों का इलाज किए सब साधुवाद के पात्र हैं।बैठक की अध्यक्षता एम.हक भारती ने की। बैठक में मुख्य रूप से चंद्रशेखर शर्मा, कुलदीप पासवान,सद्दाम हुसैन,संजय कुमार, अतीक आलम,मो.रफीक,विशाल कुमार, मो.कमरुद्दीन,मो.सैफ अंसारी एवं इंजमामुल हक भारती तथा वर्चुअल रूप में मंच के संरक्षक मो.समीर,डॉ.सीपी दांगी, डॉ.अभयकांत मेहता,अशफाक अहमद, अनिल सिंह ने अपनी उपस्तिथि दर्ज कराई।

## एक्सलेंट पब्लिक स्कूल के विधार्थियों ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन



**केरेडारी।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत गरी कलां में संचालित एक्सलेंट पब्लिक स्कूल के छात्र छात्राओं ने मैट्रिक परीक्षा में उत्कृष्ठ प्रदर्शन कर अपने विधालय का नाम रौशन किया है! झारखंड अधिविधि परिषद रांची द्वारा प्रकाशित दसवीं बोर्ड के परीक्षा में एक्सलेंट पब्लिक स्कूल के छात्र मिथुन कुमार पिता सहदेव महतो ने 92.80 प्रतिशत अंक लाकर 2024 का टॉपर छात्र रहा है! दूसरे स्थान पर स्वेता कुमारी पिता रघुनंदन महतो 90.60प्रतिशत अंक लाकर सेकेंड टॉपर बनी है! स्कूल में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विधार्थियों में 87.60 प्रतिशत मून कुमारी 87.40 प्रतिशत नेहा कुमारी 87.40 प्रतिशत राजकिशोर 84.80 प्रतिशत अमित 85.40 प्रतिशत बिपिन 83 प्रतिशत ममता 75.80 प्रतिशत शत्रुध्न 74.40 प्रतिशत सिम्पा 78.60 प्रतिशत श्रावण 74.20 प्रतिशत अंकित 75.60 प्रतिशत मुकेश 76.60प्रतिशत कार्तिक 66.40प्रतिशत मनीषा 75 प्रतिशत क्रांति 70 प्रतिशत आलोक 65.20 प्रतिशत अजय 69 प्रतिशत संजीत 64.60प्रतिशत सवेता कुमारी 62.60 प्रतिशत नुसरत प्रवीण 60 प्रतिशत दिया कुमारी 53.40 प्रतिशत मो सलिक 53.80 प्रतिशत अंक प्राप्त किया! विधालय के निर्देशक सह प्रधानाध्यापक कुलदीप कुमार ने बताए कि कुल 24 बच्चे बोर्ड परीक्षा में शामिल हुए थे जिसमें 22 बच्चों ने प्रथम स्थान प्राप्त किया वहीं दो बच्चे दूसरे स्थान पर रहे! विधालय के शिक्षक कुलदीप कुमार प्रताप कुमार चौहान रॉकी कुमार पासवान मुनेश्वर राणा शिक्षिका ऋतु राज मौर्य संगीता मिस प्रियंका मिस काजल मिस ने सफल सभी छात्र छात्राओं की उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए हरसंभव मदद की बात कही है!

## कृमि मुक्त अभियान को लेकर डीएस ने अनुमंडलीय अस्पताल में किया आवश्यक बैठक

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता



**बरही।** राष्ट्रीय कृमि मुक्त अभियान को सफल बनाने के उद्देश्य से डीएस डॉ प्रकाश ज्ञानी ने एक महत्वपूर्ण बैठक किया। जिसमे सीडीपीओ व बीआरसी कार्यालय के कर्मी सहित सहिया, एएनएम व स्वास्थ्यकर्मी मौजूद रहे। डॉ ज्ञानी ने राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के कार्यक्रम के तहत निजी विद्यालय के बच्चो को कृमि मुक्त दवा खिलाने की बात कही। उन्होने बताया कि 6 से 19 वर्ष के बच्चो में कृमि की संभावनाएं अधिक देखने को मिलते है। इसके कारण बच्चे मानसिक और शारीरिक रूप से दुर्बल होते हैं। उनका सर्वांगीण विकास रुक जाता है और बच्चे कमजोर हो जातें है। डॉ ज्ञानी ने राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के कार्यक्रम के तहत निजी विद्यालय के बच्चो को कृमि मुक्त दवा खिलाने की बात कही। उन्होंने उपस्थित लोगो से अपने क्षेत्र के सभी विद्यालयों के बच्चों को एलबेंडाजोल की गोली खिलाने की बात कही। यह गोली सभी के लिए अनिवार्य है। जिससे कि यह सुनिश्चित किया जा सके कि निजी स्कूलों में शिक्षा के साथ स्वास्थ्य पर भी ध्यान रखे जाते हैं ताकि बच्चो को बेहतर पोषण दिया जा सके। बैठक में बीपीएम नारायण राम, एचएम सुधांशु कुमार सिन्हा, मोती कुमार, सीआरपी गुलाब चंद्र प्रसाद सहित सीडीपीओ कार्यालय के आंगनबाड़ी की सेविका, सहायिका सहित सहिया व एएनएम मौजूद थे।

## जर्जर विद्युत लाइन बना मौत का कारण, 11 हजार वोल्टेज बिजली तार की चपेट में आने से चार मवेशी की हुई मौत



**पदमा।** पदमा थाना क्षेत्र के कुटिपिसी पंचायत स्थित नावाडीह में 11 हजार वोल्टेज विद्युत तार के चपेट मे आने से खेत मे चर रही चार मावेशियों की मौत घटना स्थल पर ही हो गई। मृत चारो मेवेशी फुलिया देवी पति, अर्जुन प्रसाद मेहता,छोटेलाल मेहता, पिता सरजू प्रसाद मेहता, सुरेश ठाकुर स्व लालो ठाकुर, चन्दन कुमार राणा पिता महेंद्र राणा का बताया जा रहा हैं। मिली जानकारी के अनुसार हर रोज की तरह ग्रामीण अपने मावेशीयों को चराने के लिए खेत के तरफ गए थे। इसी दौरान हल्की हवा चलने से 11हजार वोल्टेज विद्युत तार टूट कर मेवेशियों के ऊपर गिर गया। मावेशियों की आवाज सुनकर उक्त चरवाहा वहां गया तो उसके ऊपर बिजली का तार गिरा हुआ था, बिजली का तार देख कर वह घबरा गया और आनन फनन मे इसकी जानकारी गांव के लोगों को दिया। मावेशी मालिक समेत दर्जनों ग्रामीण घटना पर पहुँच कर इसकी सूचना पदमा पुलिस, पदमा पशुपालन पदाधिकारी और बिजली बिभाग को देकर विद्युत सप्लाई बंद करवाया। जिसके बाद पदमा पशु चिकित्सालय से डॉ नकुल मोदी के निर्देश पर ललन कुमार यादव उर्फ लालू ,छोटन कुमार मेहता और पदमा बिजली विभाग से ऑपरेटर राजेश कुमार पहुंचे.तब तक मावेशीयों कि मौत हो चुकी थी।

**जर्जर विद्युत लाइन बन मौत का कारण–**

क्षेत्र के ग्रामीणों का माने तो विद्युत तार जर्जर होने के वजह से लूज हो गई थी, नतीजतन सुबह में हल्की हवा चलने से वह टूटकर खेत में चार रहे मावेशी के ऊपर गिर गई। जिससे उसकी घटना स्थल पर ही मौत गई। अभी भी ग्रामीण क्षेत्रो मे कही कही तार लूज होकर काफी नीचे झुके हुये हैं। जिससे ग्रामीण लोगों के साथ साथ मावेशियों के ऊपर भी खतरा बना हुआ है। लेकिन विद्युत बिभाग के जिम्मेदार अधिकारी लोग ना तो क्षेत्र मे भ्रमण करते हैं और नहीं इसे दुरुस्त करवाते हैं।

## एनडीए उम्मीदवार मनीष जायसवाल के समर्थन में भारी तादाद में जुट रहें लोग

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता



**हजारीबाग।** चुनावी गर्मी के साथ हजारीबाग का तापमान भी बढ़ने लगा है। हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के बिहार- झारखंड बॉर्डर चौरदाहा चेकपोस्ट पर शनिवार को तापमान भट्ठी की तरह गर्म रहा। इस प्रचंड गर्मी में गर्म हवा के बीच हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के एनडीए उम्मीदवार मनीष जायसवाल ने बरही के पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव सहित अन्य इस क्षेत्र के नेताओं और भाजपा कार्यकर्ताओं संग अपना जनसंपर्क अभियान शुरू किया। शादी- लग्न, क्षेत्र में कई धार्मिक आयोजन और महुआ चुनने का समय होने के बावजूद क्षेत्र की जनता और मतदाता ने तादाद में उपस्थित होकर सांसद प्रत्याशी मनीष जायसवाल को सुना और उनके समर्थन में मतदान करने का उन्हें भरोसा जताया। मनीष जायसवाल ने इस दौरान बरही विधानसभा क्षेत्र के चौपारण प्रखंड स्थित करीब 11 पंचायतों के दर्जनभर से अधिक गांवों का तुफानी दौरा कर जनसंपर्क और जनसंवाद के माध्यम से भाजपा और अपने पक्ष में आगामी 20 मई को कमल फूल छाप पर वोट देने का अपील किया। सांसद उम्मीदवार मनीष जायसवाल ने चोरदाहा, चौपारण, सियरकोनी, यवनपुर, चयकला, दादपुर, बेड़ना, बेला, राणिक, झापा, चैथी, पपरो, करमा, बहेरा और मानगढ़ का चुनावी दौरा किया। इस दौरान महाराजगंज चौक पर सैकड़ों बाइक जत्थे के साथ गर्मजोशी से मनीष जायसवाल का भाजपा कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने अभूतपूर्व स्वागत किया और यहां से जुलूस की शक्ल में काफिला नारा जयकारा लगाते हुए आगे बढ़ा। ग्राम पंचायत चयकला में ग्रामीणों ने 51 किलो के विशाल माला से अभिनंदन कर पूर्ण समर्थन का भरोसा जताया। ग्राम दादपुर में जनसंवाद के दौरान जैक के मैट्रिक परीक्षा के परिणाम में प्रखंड टॉपर बने छात्र अनिकेत सिन्हा और उनके स्कूल मॉडर्न स्कूल, दादपुर के शिक्षकों का मनीष जायसवाल और मनोज कुमार यादव ने संयुक्त रूप से माला पहनाकर हौसलाअफजाई किया। तूफानी दौरे के क्रम में हरेक गांवों और क्षेत्र में ग्रामीणों ने सांसद प्रत्याशी मनीष जायसवाल का गाजे-बाजे, ढोल-तासे के साथ फूल माला पहनाकर और पुष्पगुच्छ भेंटकर जबरदस्त स्वागत किया ।

**देश का मान-सम्मान और अभियान हैं मोदी, तीसरी बार बनाएं मोदी सरकार- मनीष जायसवाल**

चौपारण प्रखंड के तुफानी दौरे के क्रम में हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के एनडीए उम्मीदवार मनीष जायसवाल ने लोगों से कहा की हिंदुस्तान का मान- सम्मान और अभियान नरेंद्र मोदी हैं इसीलिए फिर एक बार मोदी सरकार बनाए । उन्होंने कहा की कांग्रेस के 62 साल के तुलना में मोदी सरकार का 10 साल भारी है। उन्होंने यह भी कहा की मैं मन से नेता नहीं सेवक हूं और सेवा के भाव से ही राजनीति में आया हूं। आशिर्वाद दें अपने सेवा को विस्तार दूंगा और हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र को नई बुलंदी तक पहुंचाऊंगा ।

नेता नहीं बेटा/भाई चुनें, मनीष को अपना सांसद चुनें- मनोज कुमार यादव मनीष जायसवाल के समर्थन में चल रहें बरही के पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव ने कहा की नेता नहीं बेटा/भाई चुनें, मनीष जायसवाल ।

## एक-नजर

### रामनवमी के सफलता पूवर्क समापन पर निसार ने जिला प्रशासन को दी बधाई

**हजारीबाग।** जिला 15 सूत्री कार्यक्रम क्रियान्वयन समिति सदस्य निसार खान ने रामनवमी को आपसी एकता, शांति, हर्षोल्लास साम्प्रदायिक सौहार्द के वातावरण में संपन्न कराए जाने पर जिला प्रशासन व पुलिस प्रशासन की सराहना करते हुए बधाई का पात्र बताया है। उन्होंने एक बयान जारी कर कहा है कि हजारीबाग का अंतरराष्ट्रीय रामनवमी सफलतापूर्वक समापन को लेकर जहां एक ओर रामनवमी महासमिति की ओर से विशेष तैयारी की गई थी।

वहीं दूसरी ओर रामनवमी संचालन समिति ने रामनवमी के सफल संचालन को लेकर अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने कहा कि समाजिक संगठन के कार्यकर्ताओं की सक्रियता देखी गई। जिला शांति समिति के सदस्यों का भी बहुमूल्य योगदान रहा है। सबसे बड़ी बात जिस तरह से रामभक्तों ने अपनी अच्छी सूझबूझ का परिचय दिया है, जो काबिल ए तारीफ है। उसके लिए सभी का हृदय से आभार व्यक्त किया है।.

### धूमधाम से वीर कुंवर सिंह की जयंती मनाने का लिया निर्णय

**हजारीबाग।** बाबू वीर कुंवर सिंह की जयंती मानने को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक हुई। जिसमें चुनाव आचार संहिता को देखते हुए आगामी 23 अप्रैल को बाबू वीर कुंवर सिंह विजय उत्सव समारोह सादगी से मनाने का निर्णय लिया गया। बैठक में निर्णय लिया गया कि हजारीबाग परिसदन के सामने बाबू वीर कुंवर सिंह की प्रतिमा पर 23 अप्रैल को प्रातः 9ः00 बजे एक कार्यक्रम का आयोजन होगा।इस बैठक में मुन्ना सिंह, आनंद देव, डॉ मिथिलेश, प्रदीप सिंह, राजू सिंह, परमानंद सिंह, मनोज सिंह, भोला सिंह, गोविंद सिंह, संजय सिंह, शंकर सिंह, शत्रुघ्न सिंह, दिलीप सिंह, आशीष सिंह, दीपक सिंह, रवि सिंह, अमित सिंह समेत हजारीबाग क्षत्रिय समाज के कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

### चरही बाजार टांड में सादगी के साथ मनाया गया सरहुल

**चरही।** चरही में एन एच 33 के किनारे स्थित बाजारटांड में सादगी व हर्षोल्लास के साथ प्रकृति का पर्व सरहुल मनाया गया। सरहुल पूजा में पाहन प्रेम कच्छप और सुनील टोप्पो ने सरना स्थल पर साल वृक्ष के पास पूजा-अर्चना कर लोगों के लिए सुख- शांति की प्रार्थना की। मौके पर सुनील टोप्पो ने कहा कि अपनी संस्कृति की विरासत को बचाने के लिए सरना देवता की पूजा आवश्यक है। प्रीतम उरांव ने कहा कि सांस्कृतिक पर्व के लिए संरक्षण की आवश्यकता है। जिससे आने वाले युवा पीढ़ी अपने सांस्कृतिक पर्व की महत्व को समझ सकें। आने वाले समय में प्रकृति को बचाने के लिए अपने धार्मिक स्थल पर वृक्षारोपण करना मुख्य प्राथमिकता होगी। उन्होंने कहा कि यह पूजा वर्तमान समय में तभी सार्थक होगा,जब हम सभी जंगल जमीन का संरक्षण और बड़े पैमाने पर वृक्षारोपण करेंगें। हमारा लक्ष्य सरना के पूजा स्थल पर वृक्षारोपण के लिए ग्रामीणों को प्रोत्साहित करना है। आदिवासी समाज की सबसे बड़ी शक्ति धैर्य, संतोष है।

विकसित भारत भारत बनाने के लिए आदिवासियों को आर्थिक, सामाजिक ,सुरक्षा सभी क्षेत्र में आगे बढ़ाने की आवश्यकता है। सरना स्थल की सुंदरीकरण के लिए वृक्षारोपण किया जाना चाहिए। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रीतम उरांव, पाहन सुनील टोप्पो, प्रेम कच्छप, प्रीतम उरांव, जितेंद्र कच्छप, जगदीश हंसदा, निरज यादव, मुकेश उरांव, रंजीत कच्छप, ममता उरांव, पूजा उरांव, पूर्णिमा उरांव, दशमी उरांव, सोनू उरांव, शंकर कच्छप सहित कई लोग सम्मिलित थे।

### लोकसभा आम चुनाव 2024 अंतर्गत महिला मतदान कर्मी/पर्दानसीन मतदान कर्मी का प्रशिक्षण कार्यक्रम नगर भवन में

**हजारीबाग।** लोकसभा आम चुनाव 2024 अंतर्गत नोडल पदाधिकारी प्रशिक्षण कोषांग सह जिला भू अर्जन पदाधिकारी के द्वारा महिला/पर्दानसीन मतदान पदाधिकारी यथा ओपी, पी1, पी2, पी3 का दिनांक 24 अप्रैल को प्रशिक्षण दिया जाएगा। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम 11ः00 बजे पूर्वाह्न से 2ः00 बजे अपराह्न तक 24 अप्रैल को स्थानीय नगर भवन में आयोजित किया जाएगा।

### बढ़ती गर्मी और लू को देखते हुए शिक्षा एवं साक्षरता विभाग ने स्कूलों के संचालन के समय में किया बदलाव

**बड़कागांव।** झारखंड में बढ़ती गर्मी और लू को देखते हुए शिक्षा एवं साक्षरता विभाग ने सभी श्रेणी के स्कूलों के संचालन के समय में बदलाव कर दिया है। इसको लेकर विभाग की ओर से आदेश जारी कर दिया गया है, जो सोमवार 22 अप्रैल से लागू होगा। शिक्षा सचिव उमा शंकर सिंह की ओर से जारी आदेश में कहा गया है कि क्लास केजी से आठवीं तक की कक्षा सुबह 7ः00 से 11ः30 तक और क्लास 9वीं से ऊपर की कक्षाएं सुबह 7ः00 से 12ः00 तक संचालित होगी।.......

### सरस्वती उच्च विद्यालय की छात्रा मुस्कान सिन्हा 93.40 प्रतिशत अंक लाकर प्रखंड की टॉपर छात्रा बनी, बधाइयों का लगा ताता

**दारू ।** सरस्वती उच्च विद्यालय की छात्रा मुस्कान सिन्हा ने मैट्रिक की परीक्षा मे 93.4 प्रतिशत अंक लाकर प्रखंड की टॉपर छात्रा बनने का गौरव हासिल किया है।मुस्कान एक बहुत ही प्रतिभावान छात्रा है और सिमित संसाधनों मे उसने बहुत मेहनत और लगनपूर्वक प?ाई कर यह उपलब्धि हासिल किया है। मुस्कान के पिता भैया अजीत कुमार सिन्हा टाटीझरिया के एक निजी विद्यालय मे शिक्षक है और मा एक सफल गृहणी है।मुस्कान की प्रखंड की उत्कृष्ट छात्रा घोषित होने पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक रामेश्वर प्रसाद, मुखिया सुनील कुमार सहित कई जनप्रतिनिधियों और प?ौसियों ने बधाई देते हुए मुस्कान के उज्जवल भविष्य की कामना की है। इसी विद्यालय का दूसरा होनहार छात्र पेटो निवासी बादल कुमार पिता कृष्ण कुमार कुशवाहा ने भी शानदार प्रदर्शन करते हुए 93.20 प्रतिशत अंक लाकर प्रखंड का दूसरा टॉपर छात्र बना है। बादल ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता पिता और विद्यालय के शिक्षकों को दिया है।इन दोनो छात्रों के साथ मुस्कान कुमारी 455,संजना कुमारी 443 अनुराज 428 शायरा बानो 420 नगमा ना? 417 ,हीना कुमारी 412 मुनिका कुमारी 409 मुस्कान कुमार वर्मा 408 अंक लाकर टॉप टेन छात्रों मे अपनी जगह बनाने मे सफल रहे।.

### कांग्रेस पार्टी में मुस्लिम उम्मीदवारों को लेकर विवादः झारखंड में असंतोष और विकल्पों की तलाशः बाबर कुरैशी

**हजारीबाग।** झारखंड से लोकसभा चुनाव में किसी भी मुस्लिम उम्मीदवार को मैदान में नहीं उतारने के कांग्रेस पार्टी के फैसले पर बाबर कुरैशी के ब्यान ने राज्य के मुस्लिम समुदाय में असंतोष की लहर पैदा कर दी है। अपनी निराशा व्यक्त करते हुए बाबर कुरैशी ने इस कदम की निंदा की और मुस्लिम समुदाय से कांग्रेस पार्टी द्वारा उनके हितों की अनदेखी करने के खिलाफ एकजुट होने का आह्वान किया। एक सार्वजनिक संबोधन में बाबर कुरैशी ने झारखंड में मुस्लिम समुदाय के बीच एकता की आवश्यकता पर जोर दिया और उनकी गरिमा और भविष्य की संभावनाओं के प्रति उनकी जागरूकता और प्रतिबद्धता की प्रशंसा की। उन्होंने कांग्रेस पार्टी पर ऐतिहासिक रूप से मुस्लिम विरोधी होने और भाजपा का डर दिखाकर उनके वोटों का शोषण करने का आरोप लगाया। मुस्लिम समुदाय के भीतर कांग्रेस पार्टी के खिलाफ प्रतिक्रिया ने निराशा की भावना को बढ़ा दिया है और वैकल्पिक राजनीतिक विकल्पों की तलाश शुरू कर दी है। राज्य के विभिन्न मुस्लिम संगठनों ने झारखंड में व्यवहार्य तीसरे विकल्प की अनुपस्थिति में तीसरे पक्ष के विकल्पों को तलाशने के लिए अपनी तत्परता की खुले तौर पर घोषणा की है। आगामी लोकसभा चुनावों के साथ, असंतोष व्यक्त करने और बेहतर प्रतिनिधित्व की मांग के साधन के रूप में नोटा (इनमें से कोई नहीं) विकल्प का उपयोग करने की संभावना पर भी चर्चा की गई है।

# 11 पंचायतों में भाजपा प्रत्याशी व पूर्व विधायक का दौरा, जनसंपर्क कर भाजपा के पक्ष में मांगा वोट

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता



**चौपारण।** हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के एनडीए उम्मीदवार मनीष जायसवाल ने बरही के पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव सहित अन्य के साथ प्रखण्ड के 11 पंचायतों के दर्जनों गाँवो में चलाया तूफानी जनसम्पर्क अभियान। शादी- लग्न, क्षेत्र में कई धार्मिक आयोजन और महुआ चुनने का समय होने के बावजूद क्षेत्र की जनता और मतदाता ने तादाद में उपस्थित होकर सांसद प्रत्याशी मनीष जायसवाल को सुना और उनके समर्थन में मतदान करने का उन्हें भरोसा जताया। इस दौरान चोरदाहा, चौपारण, सियरकोनी, यवनपुर, चयकला, दादपुर, बेड़ना, बेला, रानीक, झापा, चैथी, पपरो, करमा, बहेरा और मानगढ़ का चुनावी दौरा किया। इस दौरान महाराजगंज चौक पर सैकड़ों बाइक जत्थे के साथ गर्मजोशी से मनीष जायसवाल व मनोज यादव का भाजपा कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने स्वागत किया। ग्राम पंचायत चयकला में ग्रामीणों ने 51 किलो के विशाल माला से अभिनंदन कर पूर्ण समर्थन का भरोसा जताया। ग्राम दादपुर में जनसंवाद के दौरान जैक के मैट्रिक परीक्षा के परिणाम में प्रखंड टॉपर बने छात्र अनिकेत सिन्हा और उनके स्कूल मॉडर्न स्कूल, दादपुर के शिक्षकों का मनीष जायसवाल और मनोज कुमार यादव ने संयुक्त रूप से माला पहनाकर हौसलाअफजाई किया। तूफानी दौरे के क्रम में हरेक गांवों और क्षेत्र में ग्रामीणों ने सांसद प्रत्याशी मनीष जायसवाल का गाजे-बाजे, ढोल-तासे के साथ फूल माला पहनाकर और पुष्पगुच्छ भेंटकर जबरदस्त स्वागत किया ।

**देश का मान-सम्मान और अभियान हैं मोदी, तीसरी बार बनाएं मोदी सरकार- मनीष जायसवाल**

चौपारण प्रखंड के तुफानी दौरे के क्रम में हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के एनडीए उम्मीदवार मनीष जायसवाल ने लोगों से कहा की हिंदुस्तान का मान- सम्मान और अभियान नरेंद्र मोदी हैं इसीलिए फिर एक बार मोदी सरकार बनाए । उन्होंने कहा की कांग्रेस के 62 साल के तुलना में मोदी सरकार का 10 साल भारी है। उन्होंने यह भी कहा की मैं मन से नेता नहीं सेवक हूं और सेवा के भाव से ही राजनीति में आया हूं। आशिर्वाद दें अपने सेवा को विस्तार दूंगा और हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र को नई बुलंदी तक पहुंचाऊंगा ।

**नेता नहीं बेटा भाई चुनें, मनीष को अपना सांसद चुनें- मनोज कुमार यादव**

मनीष जायसवाल के समर्थन में चल रहें बरही के पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव ने कहा की नेता नहीं बेटा/भाई चुनें, मनीष जायसवाल जैसे सुलभ, मिलनसार और मृदुभाषी व्यक्तित्व को ही अपना सांसद चुनें। उन्होंने कहा की मनीष जायसवाल गरीबों के मसीहा हैं और जनता के हर सुख- दुख में सहभागी बनकर उनके साथ रहते हैं। हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र की खुशहाली के लिए कमल फूल छाप पर ही बटन दबाएं ।

मौके पर ये गणमान्य लोग रहें मौजूद मौके पर जिला महामंत्री सुनील साहू, उपाध्यक्ष राजेश सहाय, रमेश ठाकुर, एससी मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष रामस्वरूप पासवान, जीप सदस्य राकेश रंजन, चौपारण पश्चिमी मण्डल अध्यक्ष मुकेश सिन्हा ,विहिप जिला मंत्री गुरुदेव गुप्ता, भाजपा नेता रंजीत चनद्रवंशी, मुकुन्द साव,।

## बडवार में कलश यात्रा के साथ शुरू हुआ श्री श्री 1008 रुद्र महायज्ञ

उज्जवल दुनिया संवाददाता



**दारू ।** प्रखंड क्षेत्र के इरगा पंचायत के बडवार गावँ में नवनिर्मित शिव मंदिर प्रांगण में शिव परिवार प्राणप्रतिष्ठा को लेकर श्री श्री 1008 रुद्र महायज्ञ का आयोजन किया गया है।इस यज्ञ का शुभारंभ शनिवार को वैदिक कर्मकांड के अनुसार भव्य कलश यात्र निकाली गई। इस कलश यात्रा में 581 कुमारी कन्याओं व महिलाओं ने कलश उठाकर मंदिर प्रांगण से गाजे -बाजे व हर हर महादेव व जय श्री राम के जयकारे लगाते हुए 3किमी दूर उतर वाहिनी कोनार नदी पहुंचे।जहां यज्ञाचार्य डॉ अनुग्रह नारायण शर्मा व उनके सहयोगियों के द्वारा मुख्य पुजारी नरेश राम व उनकी धर्मपत्नी रीता देवी व अन्य पुजारी मनोज राम उनकी पूनम देवी, जितेंद्र यादव उनकी पत्नी रीता , लक्ष्मण ठाकुर धर्मपत्नी कमली देवी, कुलेश्वर यादव धर्मपत्नी तेतरी देवी,संजय यादव धर्मपत्नी विभा देवी,दिलीप राम धर्मपत्नी पार्वती देवी,विनोद यादव धर्मपत्नी ममता देवी व विनोद राम धर्मपत्नी मीणा देवी से परे वैदिक कर्मकांड के साथ पूजा अर्चना कर व वरुण देव का आह्वान कर जल उठवाया। जहां से कलश यात्री अपने कलश में जल लेकर यज्ञ स्थल पर पहुंचकर कलश को स्थापित किया।समिति की ओर से सभी कलश यात्रीयों को चना गु? व शर्बत से व्रत को तो?वाया गया। यज्ञ को सफल बनाने में अध्यक्ष रामशरण राम ,सचिव- सुखदेव राम

कोषाध्यक्ष -धानेश्वर राम ,समिति के सदस्य विकाश कुमार, संतोष यादव, सचिन राम , नरेश यादव , मनोज राम, सीता राम, कमेवश्वर राम, सुधेश्वर सिंह, अर्जुन राम , सूरज राम, इंद्रनाथ यादव, अशोक यादव, अजित यादव, राजकुमार याद , नरेश यादव , नरेश पासवान, महावीर कुमार यादव, सचिन राम, दिलीप राम, विजय राम, अजय यादव, गुलाब यादव, निरंजन यादव जु? हुए है।

इस सात दिवसीय यज्ञ की जानकारी देते हुए यज्ञाचार्य डॉ अनुग्रह नारायण शर्मा ने बताया कि 20 अप्रैल को कलश यात्रा व पंचांग पूजन हुआ, 21 अप्रैल को मंडप प्रेवश व स्तम्भ पूजन, 22 अप्रैल को वेदी पूजन व अग्निस्थापन, 23 अप्रैल को जलाधिवास व अन्नाधिवास 24 मार्च को पुष्पढिवास व फुलधिवास , 25 को नगर भ्रमण व शैय्याधिवास एवं 26 अप्रैल को मंगल स्नान यज्ञ की पूर्णाहुति ,भंडारा व रात्रि में जागरण का आयोजन किया ज्ञात है।

## परियोजना बालिका उच्च विद्यालय बरकट्ठा की अनुष्ठा गुप्ता 93.4त्न के साथ बनी प्रखंड टॉपर

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता



**बरकट्ठा।** प्रखंड अंतर्गत हाई स्कूल एवं प्लस टू हाई स्कूल के छात्र-छात्राओं का मैट्रिक बोर्ड परीक्षा 2024 में उत्कृष्ट प्रदर्शन रहा ।परिणाम जारी होते ही परीक्षार्थियों के बीच कौतूहल मच गया तथा परिणाम जानने के लिए जैक द्वारा जारी लिंक को देखने में छात्र व्यस्त हो गए। इस बार के बोर्ड परीक्षा में प्रखंड के दर्जनों छात्रों ने 90त्न से अधिक अंक लाकर विद्यालय समेत प्रखंड का नाम रोशन किया। वहीं बेहतर भविष्य की नींव रखी ।अब तक प्राप्त जानकारी के अनुसार परियोजना बालिका उच्च विद्यालय बरकट्ठा की छात्रा अनुष्ठा गुप्ता पिता अशोक कुमार गुप्ता बरकट्ठा निवासी 93.40त्न अंक लाकर अपने विद्यालय समेत प्रखंड में प्रथम रही वहीं विद्यालय में द्वितीय रूप कुमारी, प्रीति कुमारी 93.20त्न, तृतीय स्थान मधु कुमारी 92.40त्न के साथ रही ।कुल 311 परीक्षार्थियों में प्रथम 282, द्वितीय 29 ,तृतीय 0, मार्जिनल 0 ,अनुपस्थित 0 ,कुल रिजल्ट हंड्रेड परसेंट रहा।

वही प्लस टू उच्च विद्यालय बरकट्ठा का टिंकू कुमार 93.20 प्रतिशत के साथ विद्यालय में प्रथम ,द्वितीय सागर कुमार 90.20त्न ,तृतीय दयानंद कुमार 88.80त्न के साथ रहा। कुल परीक्षार्थी 216 ,प्रथम 95, द्वितीय 96 व तृतीय 5, मार्जिनल 20, कुल रिजल्ट 92त्न ।उ0 उच्च विद्यालय कलहाबाद में प्रथम स्थान शिवम कुमार 93.2त्न, द्वितीय सुमन शर्मा 87.8 त्न,तृतीय सोनी कुमारी 87त्न के साथ रही ,कुल परीक्षार्थी 156, प्रथम 111, द्वितीय 36, तृतीय 1, मार्जिनल 8 ,कुल रिजल्ट 94.87त्न। उ0 उ0 विद्यालय गंगपाचो में अनामिका कुमारी 85.8 प्रतिशत के साथ प्रथम, द्वितीय दिवस कुमार, तृतीय लकी कुमारी रहे ।कुल परीक्षार्थी 78, प्रथम 49, द्वितीय 27, मार्जिनल 2 ,कुल रिजल्ट 97.43त्न। आदिवासी वि0 उ0 वि0 शिलाडीह में प्रथम मनोज कुमार 90.4त्न, द्वितीय लक्ष्मी कुमारी 90त्न ,तृतीय अनिशा कुमारी 90त्न के साथ रही। कल परीक्षार्थी 550 ,प्रथम 363 ,द्वितीय 163 व तृतीय 4 ,मार्जिनल 20 ।

## ट्रैक्टर ने युवक को लिया चपेट में मौत, बालू का अवैध रूप से परिवहन के दौरान युवक को कुचला

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता



**केरेडारी।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत बेंगवरी गांव निवासी यशवंत कुमार पिता अमृत साव उम्र 26 वर्ष की मौत ट्रैक्टर के चपेट में आने से हो गई! घटना 20 अप्रैल लगभग 11 बजे दिन की है! इस संदर्भ में मिली जानकारी के अनुसार मृत युवक एनटीपीसी के चट्टी बरियातू कोल माइंस में साइट इंजीनियर के पद पर कार्यरत था! युवक एनटीपीसी के कार्य को लेकर केरेडारी टंडवा मुख्य सड़क से होकर पगार गांव अपने साइट पर जा रहा था! इसी दौरान टंडवा केरेडारी मुख्य सड़क के बसीर चौक के समीप एक ट्रैक्टर जो बालू खाली कर वापस जा रहा था जाने के क्रम में युवक को पूरी तरह अपने चपेट में ले लिया! जिस कारण युवक बुरी तरह से घायल हो गया! स्थानीय लोगों के सहयोग से गंभीर अवस्था में घायल युवक को केरेडारी स्वास्थ उपकेंद्र ले जाया गया जहां युवक की मौत हो गई! घटना के उपरांत परिजनों ने शव को केरेडारी टंडवा मुख्य सड़क पर रखकर विलाप करने लगे! इस संदर्भ में मिली जानकारी के अनुसार मृत युवक एनटीपीसी के चट्टी बरियातू कोल माइंस में साइट इंजीनियर के पद पर कार्यरत था! जिस कारण सड़क जाम की स्थिति बन गई! समाचार लिखे जाने तक सड़क जाम लगी हुई थी!

**केरेडारी में बालू घाटों के बगैर नीलामी के बालू के अवैध खनन और परिवहन पर उठ रहे हैं सवाल ::**

ट्रैक्टर द्वारा बालू अनलोड कर वापसी के क्रम में ट्रैक्टर के चपेट में आने से युवक की मौत पर लोगों ने गंभीर सवाल उठाएं है! लोगों का कहना है कि अगर केरेडारी प्रखंड में भी बालू की नीलामी हुई रहती तो ट्रैक्टर चालक चूपा चोरी बालू का अवैध रूप से खनन और परिवहन नही करते! क्योंकि बालू के अवैध रूप से खनन कर परिवहन करने के दौरान ट्रैक्टर चालक संबंधित विभाग की करवाई से बचने के लिए ट्रैक्टर को पूरी रफ्तार में चलाते हैं जिस कारण घटना दुर्घटना होने की प्रबल संभावना बनी रहती है! घटित घटना में पुलिस द्वारा पकड़े गए ट्रैक्टर के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार बालू के खनन और परिवहन पर रोक होने के बावजूद बगैर चालान के बालू का कारोबार संचालित होना स्वालों के घेरे में है! ज्ञात हो कि नौवा खाप नदी सायल गांव के बड़की नदी बुंडू पताल में दामोदर नदी गरी कलां पतरा कलां और मनातू क्षेत्र के नदियों से बालू का अवैध खनन और परिवहन बड़े पैमाने पर हो रहा है!...

## स्मृति शेष : नहीं रहे सेवानिवृत्त एजुकेशन एसडीओ श्याम बिहारी ओझा

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता



**हजारीबाग।** सेवानिवृत्त एजुकेशन एसडीओ श्याम बिहारी ओझा नहीं रहे। वह 92 वर्ष के थे और को-ऑपरेटिव कॉलोनी स्थित अपने आवास पर 11 अप्रैल को आखिरी सांस ली। वे अपने समय के ईमानदार अफसर के रूप में जाने जाते थे। सामाजिक और धार्मिक कार्यों में भी उनकी खूब भागीदारी रहती थी। दो सप्ताह पहले उन्होंने नृसिंग स्थान मंदिर में पूजा की थी। मूल रूप से वह बिहार के बक्सर जिला के रहने वाले थे। वे मई 1984 में हजारीबाग आए और फिर यहां की आबोहवा में रच-बस गए। यहीं को-ऑपरेटिव कॉलोनी में उन्होंने घर बना लिया। वे जुलाई 1993 में सेवानिवृत्त हुए थे। उनका अंतिम संस्कार हजारीबाग के खीरगांव स्थित मुक्तिधाम में किया गया। उनके ब? पुत्र गोपाल कृष्ण कश्यप ने उन्हें मुखाग्नि दी। श्याम बिहारी ओझा की पत्नी रामदुलारी देवी फरवरी 2016 में चल बसी थीं। श्याम बिहारी ओझा के दो पुत्रों में ब? गोपाल कृष्ण कश्यप आईटी इंजीनियर एटीएम और छोटे पुत्र हरिगोपाल कश्यप इटिनेट मुंबई में सीनियर डायरेक्टर हैं। श्याम बिहारी ओझा दो पुत्र, तीन बेटियां समेत भरा-पूरा परिवार है। उनकी श्रद्धांजलि सभा उनके आवास पर 23 अप्रैल की शाम पांच बजे से होगी।

## लोकसभा चुनाव का झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी का गठन, देवलाल बने हजारीबाग लोकसभा के संयोजक

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता



**चरही।** लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर प्रदेश कांग्रेस पार्टी तैयारियों में जुट गई है। झारखंड में 14 लोकसभा में जीत हासिल करने के लिए लोकसभा संयोजकों की नियुक्ति कर दी गयी है। इसकी घोषणा प्रदेश अध्यक्ष ने कर दी है। जीत दर्ज करने के लिए कांग्रेस के विधायकों से लेकर सांसद और अन्य नेताओं तक को जिम्मेदारी सौंपी गयी है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिका अर्जुन खड़के व झारखंड प्रदेश अध्यक्ष द्वारा लोकसभा संयोजक नियुक्त किया गया है। हजारीबाग लोकसभा के संयोजक देवलाल कुमार को नियुक्त किया गया है। वही गोंडा लोकसभा के अमित झा, चतरा अमुख प्रियदर्शी, शिहभुम सुभाष नाग,खूंटी जॉनसन मिंज,लोहरदगा संदीप गुप्ता को नियुक्त किया गया है। हजारीबाग लोकसभा के नियुक्त संयोजक देवलाल कुमार ने बताया कि जन-जन तक राहुल गांधी व अध्यक्ष मल्लिका अर्जुन खडके की निराश नही किया जाएगा। हजारीबाग लोकसभा प्रत्याशी जयप्रकाश भाई पटेल को जीत सुनिश्चित करना है। इस बार हजारीबाग लोकसभा की जनता बदलाव की और है। हजारीबाग लोक सभा जयप्रकाश भाई पटेल को जीतकर कांग्रेस सरकार बननी तय है।.

# अल्पसंख्यकों ने महागठबंधन को दिया बड़ा झटका

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता/ गीतांजलि

**चतरा।** आगामी 20 मई को पांचवें चरण के तहत चतरा लोकसभा के होने वाले चुनाव की तिथियां जैसे-जैसे नजदीक आती जा रही है राजनीतिक परिदृश्य लगातार बदलते नजर आ रहे हैं। जहां एक ओर भारतीय जनता पार्टी के स्थानीय प्रत्याशी कालीचरण सिंह लगातार क्षेत्र में जनसंपर्क अभियान चलाकर सभी वर्गों के मतदाताओं को अपने पक्ष में रिझाने के प्रयासों में जुटे हैं। वहीं दूसरी ओर महागठबंधन के कोटे से कांग्रेस के टिकट पर चतरा से भाग्य आजमा रहे केएन त्रिपाठी आगमन के साथ ही विवादों में घिरते नजर आ रहे हैं। दो दिन पूर्व कांग्रेस प्रत्याशी के द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लेकर किए गए विवादित टिप्पणी का मामला अभी शांत भी नहीं हुआ था कि चतरा लोकसभा क्षेत्र में 20 प्रतिशत की आबादी के साथ दूसरे नंबर पर रहने वाले मुसलमानों ने अपनी एक घोषणा से महागठबंधन प्रत्याशी की परेशानी बढा दी है। अबतक कांग्रेस व राजद के लिए जीने मरने की कसमें खाने वाले मुसलमानों ने ही महागठबंधन और उसके प्रत्याशी को बड़ा झटका दे दिया है। लोकसभा चुनाव में महागठबंधन की ओर से एक भी सीट पर मुस्लिम प्रत्याशी नहीं देने से नाराज चतरा लोकसभा क्षेत्र के पांचो चतरा, पलामू, लातेहार, मनिका व पांकी विधानसभा के मुस्लिम धर्म से जुड़े बुद्धिजीवियों की मैराथन बैठक चतरा में हुई। बैठक के दौरान बुद्धिजीवियों ने एक स्वर में महागठबंधन और उसके प्रत्याशी केएन त्रिपाठी का सामूहिक बहिष्कार करने की घोषणा की। बैठक के दौरान बुद्धिजीवियों ने कहा कि कांग्रेस पार्टी चतरा के मुसलमान को अपना जागीर समझने की भूल करना छोड़ दे। अब मुसलमान पूरी तरह से जाग चुके हैं। किसी भी परिस्थिति में भाजपा का भय दिखाकर कांग्रेस पार्टी और महागठबंधन के प्रत्याशी मुसलमानों का वोट नहीं ले पाएंगे। मुसलमान अब पूरी तरह से जाग चुके हैं, हम अब सिर्फ दरी बिछाने वाले मुसलमान नहीं है। झारखंड में आदिवासियों के बाद दूसरे नंबर पर हमारी आबादी आती है। हम 20 प्रतिशत आबादी के साथ कई बार गोड्डा और धनबाद समेत अन्य लोकसभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। बावजूद महागठबंधन के द्वारा 14 में से किसी एक सीट पर भी मुस्लिम को प्रत्याशी नहीं बनाया जाना दुर्भाग्यपूर्ण है। झारखंड के मुसलमान अपना यह अपमान किसी भी परिस्थिति में बर्दाश्त नहीं करेंगे। मुस्लिम बुद्धिजीवियों ने थर्ड फ्रंट बनाकर अपना प्रत्याशी देने या सार्वजनिक तौर पर बैठक कर भाजपा के स्थानीय प्रत्याशी के पक्ष में मतदान करने की घोषणा की है।मुस्लिम बुद्धि जीवियों ने यह भी कहा है कि इस बार के लोकसभा चुनाव में किसी भी परिस्थिति में स्थानीय प्रत्याशी की मांग महागठबंधन और उसके घटक दलों से की गई थी। इस बाबत कई मुस्लिम प्रत्याशियों ने भी अपनी आबादी के आधार पर अपनी मजबूत दावेदारी पेश की थी। लेकिन उसके बावजूद कांग्रेस और राजद ने हमारी मांगों पर विचार करना उचित नहीं समझा। वहीं दूसरी ओर विश्व की सबसे बड़ी पार्टी भाजपा ने स्थानीय बेटे को अपना प्रत्याशी बनाया है।

## एक-नजर

### बड़कागांव की रिया कुमारी ने मैट्रिक बोर्ड परीक्षा में राज्य में आठवां स्थान लाकर प्रखंड का नाम किया रौशन



**बड़कागांव।** बड़कागांव प्रखंड के तलसवार गांव निवासी रंजीत महतो पत्नी रीना कुमारी की पुत्री रिया कुमारी ने झारखंड बोर्ड मैट्रिक की परीक्षा में 487 अंक लाकर राज्य में आठवां स्थान प्राप्त की है। वहीं बड़कागांव प्रखंड टॉपर भी बनी है । रिया बड़कागांव प्लस टू हाई स्कूल की छात्रा है। बड़कागांव प्लस टू हाई स्कूल स्कूल के अध्यक्ष संदीप सिंह एवं शिक्षक अशोक राम ने बताया कि झारखंड मेट्रिक बोर्ड परीक्षा में रिया राज्य में आठवां स्थान प्राप्त की है। हम लोगों को काफी खुशी हुई है। हमारे पूरे स्कूल परिवार की ओर से ढेर सारी शुभकामनाएं हैं। रिया आगे चलकर एक बड़ा अफसर बनकर प्रखंड का नाम रोशन करें। रिया को मिठाई खिलाकर परिवार वालों ने सफलता पर बधाई दी। रिया ने कहा कि मुझे आगे पढ़ लिखकर इंजीनियर बनने की इच्छा है। बधाई देने वाले में मुख्य रूप से विधायक अंबा प्रसाद, प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी जवाहर प्रसाद, मुखिया गीता देवी, मुखिया प्रतिनिधि संजय महतो, प्रधानाध्यापक कृष्ण कुमार कन्हैया, स्कूल अध्यक्ष संदीप सिंह, मनीष पांडेय, राजेश गुप्ता के अलावा कई लोगों ने बधाई दी।.

### बड़कागांव विधायक ने अनाथ लड़की की विवाह में किया आर्थिक सहयोग



**बड़कागांव।** बड़कागांव पंकरी बरवाडीह ग्राम के स्वर्गीय गिरधारी राम की पुत्री सपना कुमारी की पिता का देहांत पुर्व में हो चुका था। वहीं एकमात्र सहारा उसकी दादी मोसोमात शांति है जो कि वृद्ध व विकलांग व लाचार है। ऐसे में उसकी विवाह होने में आर्थिक कठिनाई उत्पन्न हो रही थी। लेकिन पंकरी बरवाडीह निवासी राजू कुमार राणा के नेक पहल से इसकी सूचना बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद तक पहुंची।

तत्पश्चात विधायक ने हाथ बढ़ाया और आर्थिक मदद की वहीं अन्य कुछ युवाओं के कानों तक यह बात पहुंची तो वे लोग भी बेसहारा बच्ची का सहारा बनकर सामने आए और आर्थिक मदद किए, मदद करने वालों में मुखिया प्रतिनिधि राज कुमार साव, स्टेट बैंक के सीएसपी संचालक राजु कुमार राणा, अरविंद कुमार (कौशल विकास केंद्र), संतोष साव (वार्ड सदस्य), बुद्धिनाथ साहु, युवा नेता रोहित सिंह, प्रभु राम ( प्रखंड अध्यक्ष) भुईया समाज), अशोक राम, गोपाल राम, मीना राम, जग्गू राम, बुटन राम व अन्य लोगों ने सहयोग किया ।...

### कांग्रेस प्रत्याशी के बिगडे बोल, बीजेपी के संकल्प पत्र को ले पीएम मोदी पर की अमर्यादित टिप्पणी

**चतरा।** लंबे इंतजार के बाद महागठबंधन की ओर से प्रत्याशी घोषित होने के बाद चतरा लोक सभा क्षेत्र के कांग्रेस प्रत्याशी केएन त्रिपाठी मतदाताओं को रिझाने में जुटे गए हैं। हालांकि अभियान की शुरुआत के साथ ही वह अपने एक बयान से विवादों में घिर गए हैं। प्रतापपुर में कार्यकर्ताओं के साथ मैराथन बैठक के बाद प्रधानमंत्री का चेहरा कौन होगा के पत्रकारों के सवाल पर तिलमिलाए महागठबंधन प्रत्याशी केएन त्रिपाठी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर विवादित टिप्पणी की है। उन्होंने पत्रकारों के सवालों का जवाब देते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का नाम लिए बगैर भाजपा के मोदी की गारंटी वाले संकल्प पत्र पर सवाल खड़ा किया है। कहा है कि एक व्यक्ति के नाम पर लोगों को गारंटी दी जा रही है। उन्होंने यहां तक कह दिया कि अगर चुनाव के बाद वह व्यक्ति नहीं रहता है तो देश के 140 करोड़ जनता के वोट की गारंटी कौन लेगा। हालांकि इस दौरान उन्हें अपनी गलती का एहसास तुरंत हुआ और उन्होंने शब्दों को संभालते हुए कहा कि वह चिरंजीवी हो जाए। लेकिन कोई एक व्यक्ति कैसे देश की गारंटी ले सकता है। अगर गारंटी ही लेना है तो व्यक्ति के बजाए संबंधित संगठन लोगों की गारंटी ले। श्री त्रिपाठी ने कहा कि जितने के बाद सांसद प्रधानमंत्री को चुनते हैं। हम लोग भाजपा जैसा नहीं है कि किसी एक व्यक्ति के नाम की गारंटी संकल्प पत्र के तौर पर देते चले। उन्होंने पीएम मोदी का नाम लिये बगैर कहा कि भाजपा के द्वारा फलां की गारंटी दी जा रही है। अगर वह गारंटी वाला व्यक्ति सरकार बनने के बाद नहीं रहता है तो गारंटी फेल हो जाएगा।

हालांकि महागठबंधन प्रत्याशी के बयान पर बीजेपी प्रत्याशी ने भी पलटवार किया है। भाजपा प्रत्याशी कालीचरण सिंह ने कहा है की महागठबंधन प्रत्याशी का प्रधानमंत्री के प्रति ऐसा बयान उनकी विक्षिप्त मानसिकता और छोटी सोंच को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के लोकसभा प्रत्याशी की ऐसी घटिया और छोटी बात समझ से परे है। उनका मानसिक संतुलन में जरूर कोई गड़बड़ी है। भाजपा प्रत्याशी ने कहा कि मैं कई दिनों से देख और सुन रहा हूं। पीएम के बारे में ऐसा बयान अव्यवहारिक है। ऐसे व्यक्ति को चुनाव लड़ने से वंचित कर देना चाहिए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ऐसे लोगों के कारण ही देश की सबसे पुरानी पार्टी होने के बावजूद आज 50 सीटों तक नहीं पहुंच पा रही।..

### भाजपा प्रत्याशी कालीचरण सिंह करेंगे 26 अप्रैल को नॉमिनेशन



**चतरा।** चतरा भाजपा जिला कार्यालय तपेज में भारतीय जनता पार्टी का चुनाव प्रबंधन सह नॉमिनेशन को लेकर भाजपा जिलाध्यक्ष रामदेव सिंह भोक्ता के अध्यक्षता में बैठक आयोजित किया गया।बैठक मुख्य अतिथि के रूप ने चतरा लोकसभा प्रत्याशी कालीचरण सिंह उपस्थित थे।

विशिष्ठ अतिथि सिमरिया विधायक सह प्रदेश अध्यक्ष अनुसूचित जाति मोर्चा किशुन कुमार दास,पूर्व विधायक जनार्दन पासवान, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य प्रदीप सिंह,अक्षयवट पांडेय, पूर्व जिलाध्यक्ष विनय सिंह, नवीन साह, नरेश सिंह समेत मंचासिन थे।

बैठक में 26 अप्रैल को भाजपा प्रत्याशी कालीचरण सिंह का नॉमिनेशन पर गहन चिंतन मंथन किया गया ।सभी ने कहा की भाजपा प्रत्याशी का नॉमिनेशन होगा भव्य होगा।

इस निमित सभी मंडलों में पार्टी द्वारा 21और 22 अप्रैल को बैठक कर रणनीति मंडल में बनाई जाएगी।इस मौके पर जिले के पदाधिकारी,मंडल अध्यक्ष,मंडल प्रभारी,मोर्चा जिलाध्यक्ष समेत सैकड़ो कार्यकर्ता शामिल हुए।

# जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त की अध्यक्षता में बीएलओ के साथ बैठक संपन्न, दिये जरूरी दिशा-निर्देश

**कोडरमा**

### नये मतदान केंद्रों के बारे में मतदाताओं को जानकारी दें: उपायुक्त मेघा भारद्वाज

लोकसभा आम चुनाव 2024 के निमित जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त मेघा भारद्वाज की अध्यक्षता में बिरसा सांस्कृतिक भवन में बैठक संपन्न हुआ। बैठक में कोडरमा प्रखंड के सभी बीएलओ शामिल हुई। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने बीएलओ को संबोधित करते हुए कहा कि 23 अप्रैल 2024 तक मतदाता पंजीकरण फार्म 6 भरा जा सकता है, अभी भी अगर मतदाताओं का नाम मतदाता सूची से वंचित हैं, उन छुटे हुए मतदाताओं का नाम मतदाता सूची से जोड़े। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने बीएलओ से बूथ अवेयरनेस ग्रुप के बारे में जानकारी प्राप्त की और कहा कि



आगामी 20 मई 2024 को लेकर मतदाताओं को नैतिक मतदान करने के लिए प्रेरित करें। साथ ही बूथ अवेयरनेस ग्रुप के सदस्यों के साथ बैठक करें और मतदाता जागरूकता कार्यक्रम चलायें। उपायुक्त ने सभी बीएलओ से होम वोटिंग मतदाताओं के बारे में जानकारी प्राप्त की। दिव्यांग व 80 वर्ष से अधिक आयु के मतदाताओं के सर्वे की जानकारी ली, उन्होंने कहा कि उक्त मतदाताओं को मतदान करने के लिए वाहन की व्यवस्था का आकलन कर लेंगे। कोडरमा प्रखंड अंतर्गत सभी मतदान केन्द्रों में मूलभूत सुविधाओं की व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि कोडरमा प्रखंड अंतर्गत जितने भी नये मतदान केंद्र बनाये गायें हैं, उन मतदान केंद्रों के बारे में मतदाताओं को जानकारी दें। सभी बीएलओ को अपने अपने मतदान केंद्र अंतर्गत वॉलिंटियर्स को चिन्हित करने को कहा गया। बैठक में मुख्य रूप से अपर समाहर्ता पूनम कुजुर, उप निर्वाचन पदाधिकारी प्रिंस कुजुर, प्रखंड विकास पदाधिकारी सुमन गुप्ता, अंचलाधिकारी गिरेंद्र टुटी व बीएलओ मौजूद थे।

## तीन दिवसीय कार्यक्रम के साथ जैन धर्म के 24 वे तीर्थंकर भगवान महावीर का जन्म कल्याणक जा रहा है मनाया





**झुमरीतिलैया** :- जैन धर्म के अंतिम तीर्थंकर देवाधिदेव 1008 भगवान महावीर का जन्म कल्याणक महा महोत्सव बहुत ही धूमधाम से तीन दिवसिय कार्यक्रम के साथ श्री दिगम्बर जैन समाज के सानिध्य में मनाया जा रहा है । जिसमे 19 अप्रैल को जैन धर्म के पाँचवे तीर्थंकर 1008 श्री सुमतिनाथ भगवान का निर्वाण महोत्सव मनाया गया। प्रातः भगवान का अभिषेक,शन्तिधारा के साथ निर्वाण लड्डू चढ़ाया गया। इसके पश्चात गौशाला परिसर में जैन समाज के महिला संगठन की सेकड़ो महिला द्वारा गोशाला जा कर अपने हाथों से सभी गाय को गुड़,चारा, चोकर और हरि सब्जी खिलाया। साथ ही गोशाला को दान स्वरूप आर्थिक मदद भी प्रदान की गई। महिला समाज की अध्यक्ष नीलम सेठी,सचिव आशा गंगवाल ने कहा कि गाय को अपने हाथों से चारा खिलाकर बहुत अच्छा लगा,और मन को बहुत शांति मिली।आज 20 अप्रैल को प्रातः दोनों मंदिर जी मे अभिषेक के पश्चात प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी जैन महिला समाज के द्वारा कार्यक्रम संयोजक मुकेश अजमेरा,मनोज सेठी,सुनील छाबड़ा के नेतृत्व में सभी अस्पताल प्राइवेट हॉस्पिटल होली फैमिली,वृद्ध आश्रम में दवा,फल,होर्लिक्स,ग्लूकोस पैकेट,मिठाई,पानी की बोतल आदि समान सभी मरीज को दिया गया।जरूरतमंद लोगों को आर्थिक मदद भी की गई,साथ ही होली फैमिली जीवदया विभाग में लगभग 55 विक्षित महिला को फल कपड़ा और आवश्यक समान दिया गया । दिन में रेलवे स्टेशन के पास प्यार बाटते चलो में स्व. मूलचंद फाउंडेशन के द्वारा गरीब जनता को भोजन कराया गया। संध्या में जैन मंदिर प्रांगण में जन्म कल्याणक के पूर्व भक्ति संगीत और भजनों का कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सभी कार्यक्रम समाज के उप मंत्री नरेंद्र झांझरी,सह मंत्री राज छाबडा,कोषाध्यक्ष सुरेन्द जैन काला के निर्देशन में हो रहा है। कल 21 अप्रैल को भगवान महावीर जयन्ती पर रथ यात्रा निकाली जाएगी।और जैन समाज के सभी प्रतिष्ठान बंद रहेंगे। उक्त जानकारी मीडिया प्रभारी नवीन जैन और राज कुमार जैन अजमेरा ने दी।

## किड्स ग्रुप के बच्चों ने क्राफ्ट मेकिंग प्रतियोगिता में दिखाया अपना हुनर

**झुमरीतिलैया** :- डीएवी पब्लिक स्कूल में नए सत्र की शुरूआत में पाढ्य सहगामी क्रिया कलापों के अंतर्गत किड्स ग्रुप कक्षा एलकेजी से दूसरी कक्षा के बच्चों ने क्राफ्ट मेकिंग प्रतियोगिता में अपनी सहभागिता निभाते हुए अपने हुनर को दिखाया ।प्यारे-प्यारे बच्चों ने वेलकम क्राफ्ट मेकिंग प्रतियोगिता में सुंदर एवं आकर्षक वेलकम क्राफ्ट बनाकर सभी को आकर्षित किया। क्राफ्ट के माध्यम से बच्चे नए-नए प्रयोग करते हैं जिससे उनमें जिज्ञासा उत्पन्न होती है ।
इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान कृषा गुप्ता,आदित्य राज,पुनीत कुमार महतो,प्रियल यादव,सिमरन कौर,हर्षित निराला और अश्विनी कुमारी ने प्राप्त किया ।वहीं दूसरा स्थान प्रीत राज,राजदीप,रशिका श्रीवास्तव तथा अनाया तहरीन ने प्राप्त किया ।तीसरे स्थान पर शिवांश राज अर्विता राज एवं विवान सिंह रहे । इस प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका विद्यालय की शिक्षिका अपूर्वा सरकार ने निभाई । कक्षा तृतीय से कक्षा बारहवीं तक के बच्चों के चारों सदनों ( दयानंद , विवेकानन्द,रामाकृष्णा तथा राजा राम मोहन राय ) की संगोष्ठी आयोजित की गई जिसमें नए सत्र में होने वाले क्रिया कलापों के लिए बच्चों का चयन किया गया।मौके पर विद्यालय के प्राचार्य कृष्ण कुमार सिंह ने इन बच्चों की रचनात्मक कला की भूरि - भूरि प्रशंसा करते हुए कहा कि ऐसी प्रतियोगिताओं के माध्यम से छोटे-छोटे बच्चों में आत्मविश्वास धैर्य,एकाग्रता, योजना की प्रतिबद्धता,दूरदर्शिता तथा कला - शक्ति का विकास होता है ।क्राफ्ट मेकिंग के माध्यम से बच्चे योजनाबद्ध तरीके से कार्य करने का हुनर भी सीखते हैं तथा उनका सर्वांगीण विकास होता है । इस प्रतियोगिता में बच्चों का मार्गदर्शन शिक्षिका संध्या कुमारी,शिल्पी गुप्ता और लक्की पाठक ने किया। सीसीए संगोष्ठी का संचालन सभी सदनाध्यक्षों व सीसीए इंचार्ज पीवी खडंगा के देख-रेख में सम्पन्न हुआ।

## जी. एस. पब्लिक स्कूल में अग्निशमन अधिकारी द्वारा किया गया बच्चों को सम्मानित

**डोमचांच/कोडरमा**

### अग्निशमन सेवा सप्ताह के तहत बच्चों ने आकषर्क पोस्टर व बैनर बना कर लोगो को किया जागरूक

जिले के डोमचांच स्थित जी.एस. पब्लिक स्कूल, डोमचांच के विद्यालय सभागार में शनिवार को बच्चों को झारखंड सरकार द्वारा आयोजित अग्निशमन सेवा सप्ताह के बैनर तले सम्मानित किया गया। बतादें की स्कूली छात्र-छात्राओं ने एक से बढ़कर एक पोस्टर व बैनर बनाकर बच्चों ने समाज को संदेश देने का कार्य किया जिसमें बच्चों के द्वारा अग्नि पर कैसे काबू पाया जाए, संयम से कैसे काम किया जाए, आग से खुद को बिना हानी पहुचायें कैसे बचाया जाए साथ ही उनके द्वारा फायर सेफ्टी को लेकर विभिन्न मुद्दों की बात दशार्यी गयीं।
सभी बच्चों ने एक से बढ़कर एक पोस्टर बनाया जिसमे प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले तीनों बच्चे सुजल कुमार, प्रेम कुमार व अनन्या गुप्ता को अग्निशमन अधिकारी बिमल चंद मांझी व उनके सहयोगी द्वारा मोमेंटो व प्रस्सति पत्र देकर सम्मानित किया गया।
मौके पर विद्यालय के निदेशक नितेश कुमार ने बच्चों की सराहना करते हुए ढेरों शुभकामनाएं दी साथ ही कहा इस तरह के कार्यक्रम से बच्चों को आग से बचाव के बारे में भी जानकारी दी। कार्यक्रम में विद्यालय के उपनिदेशक नीरज सिंह, प्राचार्य प्रतिमा कुमारी, कोऑर्डिनेटर सोनी चंदन तथा सभी शिक्षक और बच्चे उपस्थित हुए।

## विवेकानंद कॉन्वेंट में स्कूल हेड बॉय व हेड गर्ल का हुआ चुनाव

**कोडरमा** जिले के चेचई, चाराडीह स्थित विवेकानंद कॉन्वेंट स्कूल में सत्र 2024-2025 के लिए स्कूल हेड बॉय व हेड गर्ल का चुनाव करवाया गया गया। दो दिन पूर्व बच्चों के बीच चुनाव प्रक्रिया प्रारंभ किया गया था। जिसमे नामांकन दाखिला से लेकर नाम वापसी व चुनाव प्रचार की प्रक्रिया शामिल था। जिसमें हेड बॉय के लिए कक्षा दशम के राहुल कुमार तुरी, अंशुमान साव व रौशन कुमार शर्मा और हेड गर्ल के लिए कक्षा दशम की लिली गुप्ता, कक्षा नवम की सलोनी कुमारी व कक्षा नवम की सोना कुमारी ने नामांकन पत्र दाखिल कर चुनाव लड़ा। वोटर के रूप में कक्षा एक से दशम तक के सभी छात्र-छात्राओं ने बारी-बारी से वोटिंग किया। चुनाव पूरी लोकतांत्रिक प्रणाली से सम्पन्न




करवाया गया। चुनाव के उपरांत शिक्षकों ने मतों की गिनती कर रिजल्ट की घोषणा किए। जिसमे हेड बॉय के लिए राहुल कुमार तुरी ने कुल 213 मत लाकर अपने निकटतम प्रतिद्वंदी रौशन कुमार शर्मा को 88 वोटों से हराकर हेड बॉय बना। वही हेड गर्ल के रूप मे लिली गुप्ता ने सर्वाधिक 154 मत लाकर अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी सोना कुमारी को 18 वोटों से हराकर हेड गर्ल बनी। विद्यालय प्रबंधन ने विजेता बने हेड बॉय व हेड गर्ल को माला पहनाकर व चुनाव सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया। तथा उन्हें बधाई देते हुए उसके उज्वल भविष्य की कामना किए। चुनाव संपन्न करवाने में शिक्षक चंदन कुमार व राहत अली ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाया।
वही चुनाव पदाधिकारी के रूप में रानी शर्मा व आरती गुप्ता व सहायक पदाधिकारी के रूप में उत्तम कुमार व अनूपम दास तथा राजीव रंजन ने अपना-अपना भूमिका निभाया। चुनाव उपरांत बच्चों को संबोधित करते हुए निदेशक अनिल कुमार ने कहा कि विद्यालय में चुनाव करवाने का मुख्य वजह बच्चों के अंदर लोकतांत्रिक मूल्यों व अधिकारो के प्रति जागरूक करना, बच्चों के अंदर नेतृत्व क्षमता का विकास करना तथा चुनाव की प्रक्रिया को समझकर अपने अधिकारों व दायित्वों के निर्वहन करने के लिए सजग करना है। ताकि बच्चे भविष्य में आगे भी समाज व देश का प्रतिनिधित्व करने के लिए सजग व तैयार रहे। मौके पर सह निदेशिका खुशबू गुप्ता शिक्षक चेतन कुमार शिक्षिका सुचित्रा सिन्हा, द्रक्षा प्रवीन, रिंकी देवी व मनीषा कुमारी इत्यादि उपस्थित थे।

## मंत्रोच्चारण कर ग्रिजली पब्लिक स्कूल में मनाई गई महावीर जयंती

बचपन प्ले स्कूल अ यूनीट ऑफ ग्रिजली पब्लिक स्कूल में स्वामी महावीर जी की जयंती मनाई गई। कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय के प्राचार्या, सभी संयोजक - संयोजिका, शिक्षक - शिक्षिकाओं और सेकेंडरी सेक्शन के सभी जैन समुदाय के बच्चे एवं छात्र - छात्राओं ने स्वामी महावीर जी की मंत्रोंच्चारण कर प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित कर उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की।
कार्यक्रम को सुसज्जित करने के लिए कक्षा सातवीं के तविसी जैन ने भगवन महावीर जी का जन्म ईसा से 599 वर्ष पहले वैशाली गणतंत्र के कुण्डग्राम में इक्ष्वाकु वंश के क्षत्रिय राजा सिद्धार्थ और रानी त्रिशला के यहाँ चैत्र शुक्ल तेरस को हुआ था। ग्रंथों के अनुसार उनके जन्म के बाद राज्य में उन्नति होने से उनका नाम वर्धमान रखा गया था। कक्षा सात के आरव हिसारिया ने आकर्षक तरीके से महावीर के मुख्य उपदेशों को बताते हुए कहा कि महावीर की मुख्य शिक्षाएँ निम्नलिखित हैं - जो लोग सत्य जानना चाहते हैं, उन्हें अपना घर छोड़ देना चाहिए। सत्य के खोजी को अहिंसा के नियमों का पालन करना चाहिए।




सरल एवं सात्विक जीवन जियें। साथ ही साथ विद्यालय की शिक्षिका रश्मि सूद ने बताई कि महावीर जयंती को जैन समुदाय के प्रमुख संत महावीर जी के जन्म दिवस के रूप में मनाया जाता है। महावीर जयंती को जैन धर्म के सबसे प्रमुख त्योहारों में से एक माना जाता है जिसे बड़े ही उत्साह के साथ मनाया जाता है। भगवान महावीर ने समाज सुधार और आत्मकल्याण हेतु कई उपदेश दिए हैं जो आज भी प्रासंगिक बने हुए हैं। विद्यालय के संयोजक सकिंदर ने स्वामी महावीर जी के बारे में बताया कि महावीर जी के अनमोल विचार किसी आत्मा की सबसे बड़ी गलती अपने असल रूप को न पहचानना है। इस गलती को केवल आत्म ज्ञान की प्राप्ति करके ही ठीक किया जा सकता है। अहिंसा ही व्यक्ति का सबसे बड़ा धर्म है। शांति और आत्म-नियंत्रण अहिंसा है। सभी जीवित प्राणियों के प्रति सम्मान का भाव ही अहिंसा है। हर जीवित प्राणी के प्रति दया भाव रखना ही अहिंसा है। घृणा का भाव रखने से मनुष्य का विनाश होता है। भगवान का अलग से कोई अस्तित्व नहीं है।
प्राचार्या महोदया ने बताया कि महावीर जी का कहना था कि हर व्यक्ति सही दिशा में सर्वोच्च प्रयास करके देवत्व को प्राप्त कर सकता है। प्रत्येक आत्मा स्वयं में सर्वज्ञ और आनंदमय है। आनंद बाहर से नहीं आता, वह व्यक्ति के अंदर ही होता है। मनुष्य स्वयं के दोष के कारण ही दुखी होते हैं, और वे अपनी गलती में सुधार करके प्रसन्न हो सकते हैं। आत्मा अकेले आती है और अकेले ही चली जाती है। न कोई उसका साथ देता है और न ही कोई उसका मित्र बनता है। असली शत्रु व्यक्ति के भीतर है, वो शत्रु हैं क्रोध, घमंड, लालच, आसक्ति और नफरत। लाखों शत्रुओं पर विजय प्राप्त करने से बेहतर है खुद पर विजय प्राप्त करना। शिक्षक - शिक्षिकाओं और छात्र-छात्राओं को उनके बारे में जानकारी दी।
कार्यक्रम को सफल बनाने में संयोजिका अर्चना चंदन, पूजा झा, सीसीए प्रभारी सदफ नाज, गुरजीत कौर, शिक्षिका सोनी गुप्ता, ईशिका नंदी, काशीनाथ कुमार, सुरज कुमार, चंदन, मुकेष कुमार, अभिनाश कुमार, देवाशीष चक्रवर्ती, जैनेंद्र कुमार पांडेय, रजनीश कुमार, मनीमाला दत्ता, अर्चना सिन्हा, विकास गुप्ता एवं विद्यालय के सभी शिक्षिकेत्तर कर्मचारियों का भी सराहनीय योगदान रहा।

## शिव तारा सरस्वती विद्या मंदिर में भगवान महावीर की मनाई गई जयंती

**झुमरीतिलैया** :- शिवतारा सरस्वती विद्या मंदिर मे महावीर जयंती की पूर्व संध्या पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य रमेश कुमार उपाध्याय तथा वरिष्ठ आचार्य आनंद प्रकाश ने संयुक्त रूप से भगवान महावीर की तस्वीर पर पुष्पार्जन कर दीप प्रज्वलन से कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम का संचालन आचार्या रिंकी सिंह के द्वारा किया गया। कार्यक्रम की भूमिका में आचार्य आनंद प्रकाश ने भगवान महावीर की जीवनी को बड़ा ही सरल ढंग से प्रस्तुत किया। प्रधानाचार्य ने इस अवसर पर अपने वक्तव्य ने कहा कि भगवान महावीर जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर थे। उनका जन्म छठवीं शताब्दी ईसा पूर्व बिहार में हुआ था। भगवान महावीर का जन्म रानी त्रिशला और राजा सिद्धार्थ के घर हुआ था ।महावीर स्वामी ने 30 वर्ष की आयु में सब कुछ छोड़कर आध्यात्मिक मार्ग अपना लिया था। इस वर्ष 21 अप्रैल को महावीर जयंती मनाई जाएगी। भगवान महावीर ने कहा है कि जो धर्मात्मा है, जिसके मन में सदा धर्म रहता है उसे देवता भी नमस्कार करते हैं ।भगवान महावीर ने अपने प्रवचन में धर्म,सत्य,अहिंसा,ब्रह्मचर्य और अपरिग्रह,क्षमा पर सबसे अधिक जोर दिया है। त्याग और संयम,प्रेम और करुणा,शील और सदाचार ही उनके प्रवचनों का सार था। विद्यालय के भैया बहनों ने भी भगवान महावीर की जीवनी पर प्रकाश डालें।और उनके प्रवचनों के सार को अपनाकर अपने जीवन में सही मार्ग प्रशस्त करने के लिए प्रतिबद्ध हुए। मौके पर रविता उपाध्याय,अरुण कुमार,कृष्ण चन्द्र कन्हैया,सिद्धि प्रसाद,ब्रजेश कुमार अनल,राजेश्वर सिंह,नागेश चन्द्र सिन्हा,आनंद कुमार सिन्हा,उमेश कुमार,श्वेता कुमारी,रिंकी सिंह,अल्पा कुमारी,सोनम कुमारी,श्रुति शालू ,रुबिता सिन्हा,आनंद प्रकाश, प्रभात कुमार,बहादुर साव,दुष्यंत पांडे, राकेश कुमार,सूरज कुमार,नीतू पांडे , विक्रम पांडेय,सुप्रिया कुमारी,प्रियंका कुमारी, राजू सिंह,रवि रंजन,बबलू प्रजापति, निलम कुमारी आदि उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### झारखंड के सभी कोटि के विद्यालयों के समय मे किया गया बदलाव

**कोडरमा/रांची** :- झारखण्ड राज्य में अत्यधिक गर्मी पड़ने एवं लू को ध्यान में रखते हुए राज्य में संचालित सभी कोटि के सरकारी, गैर-सरकारी सहायता प्राप्त गैर सहायता प्राप्त (अल्पसंख्यक सहित) एवं सभी निजी विद्यालयों में कक्षा ङ से कक्षा 08 तक की कक्षाएँ सुबह 7.00 बजे से 11.30 बजे तक एवं कक्षा 09 से ऊपर की कक्षाएँ सुबह 7.00 बजे से 12.00 बजे तक संचालित की जाएगी। ज्ञापांकः 51...../स.को दिनांक 20.04.2024 के माध्यम से इस आशय की जानकारी देते हुए सरकार के प्रभारी सचिव उमा शंकर सिंह ने कहा कि इस अवधि में प्रार्थना सभा या खेलकूद एवं अन्य गतिविधियाँ धूप में संचालित नहीं की जाएगी,परन्तु मध्याह्न भोजन का संचालन जारी रहेगा।इस अवधि में बच्चों की पढ़ाई में होनेवाली क्षति की भरपाई के संबंध में अलग से निर्णय लेते हुए संसूचित किया जायेगा।उन्होंने कहा कि यह आदेश दिनांक 22.04.2024 से अगले आदेश तक लागू रहेगा। उन्होंने सभी क्षेत्रीय शिक्षा संयुक्त निदेशक/जिला शिक्षा पदाधिकारी/जिला शिक्षा अधीक्षक, झारखण्ड को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित किया है।

### वाहन ने बच्चे को मारी टक्कर, घायल

**सतगावां**।थाना क्षेत्र के बासोडीह गोहाल के समीप वाहन की टक्कर में एक बच्चा घायल होने का मामला सामने आया है।मिली जानकारी के मुताबिक JH10CQ/7571 ग्रांड आई -10 कार देवघर से नवादा की ओर जा रही थी। इसी क्रम बासोडीह गोहाल के समीप श्याम सुंदर यादव उर्फ कारू के 6 वर्षीय नाती अनु कुमार को टक्कर मार दी ।जिससे बच्चा का पैर बुरी तरह जख्मी हो गया।टक्कर मार कर उक्त वाहन भागने लगा ।जिसका ग्रामीणों ने पीछा करते हुए पुलिस की मदद से दर्शन नाला चेकनाका पर वाहन को पकड़ थाना लाया गया।वहीं घायल बच्चा का इलाज हेतु नवादा ले जाया गया।

### अनियमित विद्युत आपूर्ति से मरकच्चो वासी परेशान

**मरकच्चो** :- प्रखंड में बिजली की अनियमित आपूर्ति से उपभोक्ता काफी परेशान है। व्यवस्था के सुधार में मानो कोई गुंजाइश नहीं हो रही है। इन दिनों कई दिनों से बिजली विभाग की उदासीनता का आलम यह है कि 24 घंटे में मुश्किल से 8 से 10 घंटे ही बिजली रह पाती है वह भी रात में। शुबह से दिनभर बिजली इतनी कटती है कि लोगो का जीना दुर्लभ हो गया है। शाम में भी बिजली इतनी कटती है कि ग्रामीणों के साथ साथ विद्यार्थियों को भी पुराने जमाने के लालटेन व ममबत्ती का सहारा लेना पड़ रहा है। रात में रातभर दिन में दिनभर कई कई घण्टों तक बिजली गुम रहती है। ग्रामीणों की मानें तो सूबे की सरकार की बिजली व्यवस्था को सुदृढ़ करने की घोषणा केवल आवश्वासनों का पिटारा है। ग्रामीण आज भी लालटेन युग में जीने को विवश हैं। इसके पहले के दिनों में मरकच्चो प्रखण्ड वासियों को 24 घण्टे में लगभग 18 से 20 घण्टे बिजली की आपूर्ति होती थी। जानकारी अनुसार बिजली की अनियमितत आपूर्ति से त्रस्त उपभोक्ता एवं विद्यार्थी आंदोलन का मन बना रहे हैं।

### मां दुर्गा व महाकाली का प्रतिमा का किया गया विसर्जन

**मरकच्चो** :- शुक्रवार की देर शाम मां दुर्गा और महाकाली के जयकारे के साथ हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने नम आंखों से माता रानी व महाकाली को विदाई दी। विदाई के पूर्व मां के भक्तों ने अगले साल फिर आना मां कहकर जगत के कल्याण के लिए मां को अगले वर्ष आने का निमंत्रण भी दिया। इस दौरान शुक्रवार को मरकच्चो दुर्गा मंडप से माता रानी व मरकच्चो के पश्चिम मोहल्ला के महाकाली की प्रतिमा देर रात्रि वाहनों पर प्रतिमाओं को सजाकर शोभायात्रा निकाली गई ।शोभायात्रा में काफी संख्या में बच्चे बूढ़े ,युवक ,युवतियां व महिलाएं शामिल हुई। शोभायात्रा में ढोल गाजे बाजे की धुन पर युवक थिरकते रहे। बच्चे जयकारे लगा रहे थे। महिलाएं पारंपरिक गीत गाते चल रही थी। शोभायात्रा दुर्गा मंडप से निकलकर विभिन्न गलियों का भ्रमण करते हुए देर रात बुढ़वा आहार पहुंची जहां विधि विधान के साथ माता रानी और महाकाली की प्रतिमा का विसर्जन किया गया।

### संस्कार पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने मैट्रिक की परीक्षा शानदार सफलता हासिल किया

**मरकच्चो** :- झारखंड अधिविध परिषद, रांची द्वारा घोषित वार्षिक माध्यमिक परीक्षा में नवलशाही स्थित संस्कार पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने शानदार सफलता हासिल किया जिसमे विद्यार्थियों का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। 93.20% अंकों के साथ जाशमीन प्रवीण बनी विद्यालय टॉपर। अनिशा कुमारी 91.20% अंकों के साथ विद्यालय में द्वितीय स्थान पर रही वही तृतीय स्थान पर खुशी कुमारी रही। इस वर्ष यहां से कुल 55 छात्र- छात्राएं मैट्रिक परीक्षा में सम्मिलित हुए थे, जिसमें से 16 छात्र छात्राओं ने 80% से अधिक अंक प्राप्त किये है। विद्यालय के शीर्ष सोलह छात्र-छात्राओं में आर्यन शर्मा ,अंशु कुमारी,झांसी सोनी,सूरज शर्मा,आर्यन खान,ज्योति कुमारी,सोनम कुमारी,पूजा कुमारी,रौशनी प्रवीण,आरती कुमारी,निशु कुमारी,सदफ आफताबि,अंशु कुमार आदि के नाम शामिल हैं। सभी सफल छात्र- छात्राओं एवं उनके अभिभावकों व शिक्षकों को विद्यालय के निदेशक पवन कुमार दास एवं प्राचार्य सद्दाम हुसैन ने बधाई दी।इन्होंने कहा कि बेहतर परीक्षा परिणाम अभिभावकों एवं शिक्षकों के मेहनत का परिणाम है। बच्चों को उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए कहा की आप सभी नित नई ऊंचाइयों को छुए, यही कामना करता हूं।

### सर्प दंश से 6 वर्षीय बच्ची की मौत

**कोडरमा** :- चंदवारा प्रखण्ड के बेंदी पंचायत के राजेश घटवार की 6 वर्षीय पुत्री किरण कुमारी की मौत सर्पदंश के बाद इलाज के दौरान हो गया। घटना 17 अप्रैल की है। दरअसल,मृतिका किरण अपनी माँ के साथ बेंदी तलाब से देर शाम लौट रही थी। तालाब से घर आने के दौरान रास्ते मे सांप काट लिया।आनन फानन में सदर अस्पताल लाया गया, जहां से रिम्स रेफर कर दिया गया। रिम्स में ईलाज के दौरान शुक्रवार की रात मौत हो गयी। शनिवार को मृतक का दाह संस्कार बेंदी में किया गया।

### जैक10वीं की परीक्षा में तक्षशीला इंस्टिट्यूट के बच्चों ने लहराया परचम


**चान्हों** तक्षशिला के बच्चों ने अपनी प्रतिभा का डंका बजाते हुए बेहतरीन प्रदर्शन किया है। चान्हो प्रखंड के सोंस में संचालित तक्षशिला इंस्टिट्यूट के विद्यार्थियों ने एक बार पुनः जैक बोर्ड की परीक्षा में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। ज्ञातव्य हो कि इस बार सीबीएसई ने 10 वीं की परीक्षा में नए मानकों के तहत शुक्रवार की दोपहर परीक्षा परिणाम की घोषणा की है। विगत 6वर्षों से 10 वीं में इस इंस्टीट्यूट के छात्र-छात्राएं अव्वल अंकों से उत्तीर्ण कर रही हैं। 10 वीं के बोर्ड परिणाम पर हर्ष व्यक्त करते हुए तक्षशिला इंस्टिट्यूट के संचालक के अंगद कुमार सिंह ने कहा कि विद्यालय परिवार बच्चों के उज्ज्वल भविष्य को लेकर दृढ संकल्पित है।साथ ही साथ कहा कि सुपर-30 तर्ज पर चल रहे तक्षशिला इंस्टीट्यूट हर एक बच्चा आने समय का भारत का नया चाणक्य होगा।इंस्टिट्यूट के 30 छात्रों में 13 बच्चों ने 80 प्रतिशत से अधिक और 20बच्चों ने 70 प्रतिशत से अधिक वहीं 6 छात्रों ने 60%से अधिक एवं 2 छात्र ही प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए। इंस्टीट्यूट के सफल बच्चों नामउषा कुमारी(87%) ,अनिश प्रसाद गुप्ता (85.40%),अमित कुमार (85.40%), सिमरन कुमारी(82.20%), चंदन शाही(81.20%), निखिल भगत (79.80%),अनिसा कुमारी (78.80%),राहुल कुमार (71.20%), दीपरानी कुमारी(69.20%), रोहन उरांव(72%),अरमान राय(69%),जाहिद राय(60%),प्रियंका कुमारी (76.40%)......व अन्य।

# अग्निशमन सेवा सप्ताह के तहत कैंब्रिज पब्लिक स्कूल में मॉक ड्रिल

## आगजनी से बचाव के लिए सावधानियां बहुत ही आवश्यक : अग्निशमन पदाधिकारी

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता





**मेदिनीनगर (उज्ज्वल दुनिया)।** दुबियाखा? चैक स्थित कैंब्रिज पब्लिक स्कूल में शनिवार को अग्निशमन सेवा सप्ताह के तहत मॉक ड्रिल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पलामू जिला अग्निशमन पदाधिकारी उत्तम कुमार महतो, प्रधान अग्नि चालक मनोहर कच्छप, दिनेश कुमार शर्मा एवं अग्नि चालक परिमल प्रमाणिक ने अग्नि से सुरक्षा हेतु बच्चों को जागरूक किया। मौके पर अग्निशमन पदाधिकारी ने कहा कि विशेष प्रकार की आग के जोखिम के लिए आपके द्वारा अग्निशमन यंत्र का चुनाव किया जाना आग को नियंत्रित करने के मामले में एक महत्वपूर्ण कार्य है। अग्निशमन यंत्र का चुनाव करते समय आग के प्रकार के बारे में अवश्य जाने जो कि अग्निशमन यंत्र पर बडे अक्षरों में ए, बी अथवा सी के रूप में लिखा रहता है। उन्होंने कहा कि आगजनी से बचाव के लिए सावधानियां बहुत ही आवश्यक है। उन्होंने कहा कि विद्युत उपकरण हाउस, मोटर पंप हाउस, जनरेटर रूम, पेट्रोल स्टोरेज रूम एवं ज्वलनशील पदार्थ जहां रखे हों वहां पर बच्चों को नहीं जाना चाहिए क्योंकि ये सभी क्षेत्र जोखिम क्षेत्र के अंतर्गत आते हैं। मौके पर प्रधान अग्नि चालक दिनेश कुमार शर्मा ने बच्चों को अग्नि से सुरक्षा एवं सावधानियों के विषय में विस्तार से बताया। श्री शर्मा ने सिलेंडर तथा रेगुलेटर में आग लगाकर बच्चों को बताया कि कैसे गीली चादर से ऑक्सीजन के प्रवाह को रोक कर हम आग को सावधानीपूर्वक बुझा सकते हैं। उन्होंने कहा कि लंबे समय के लिए घर को छोडकर जाते समय बिजली के उपकरणों के मेन स्विच ऑफ कर देना चाहिए। प्रधान अग्नि चालक मनोहर कच्छप ने कहा कि कालीन, चटाई या पायदान के अंदर से तारों को नहीं बिछाएं तार टूट सकते हैं जिनके कारण शॉर्ट सर्किट हो सकता है। मौके पर विद्यालय के निदेशक सिया चरण सिंह, प्राचार्य नंदकिशोर भारती सहित सभी शिक्षक एवं विद्यार्थी उपस्थित थे।.

# ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल में फरूट्स विद फन का आयोजन



**मेदिनीनगर (उज्ज्वल दुनिया)।** ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल में फरूट्स विद फन (फरूट्स पार्टी) समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में नई शिक्षा नीति में फाउंडेशनल स्टेड प्री. नर्सरी से कक्षा तृतीय तक के छात्रों ने भागीदारी निभाई। विदित हो कि नये सत्र के आरंभिक अवसर पर बच्चों के नवीन कक्षा के प्रति विशिष्ट रुचि और विद्यालय के प्रति लगाव हेतु इस प्रकार की अनेक गतिविधियां कराई जाती हैं। इस अवसर पर बच्चों द्वारा फलों से निर्मित विभिन्न प्रकार की मनोहारी आकृति एवं सजावट का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया गया। इसमें खरबूजा, अंगूर, सेब और केला इत्यादि फलों से बाल कला का प्रदर्शन किया गया। विद्यालय और बच्चों के लिए यह बहुप्रतिक्षित और स्वतंत्र गतिविधियां होती हैं।

इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य डॉ. एके सिंह ने कहा कि फलों के इस्तेमाल से हमारे शरीर में इम्यून शक्ति में वृद्धि होती है। इस प्रकार की स्वतंत्र गतिविधियां बच्चों के विद्यालयीन व कक्षागत रुचियां प्रदान करने में सहायक होती हैं। उन्होंने कहा कि बच्चों के प्रति अध्ययन सुरुचि संबंधी वातावरण निर्माण के प्रति विद्यालय संवेदनशील है। ऐसी गतिविधियां बच्चों को संकोच व डर से दूर रखने का प्रभावशाली माध्यम होता है।

# व्यवसायी के निधन पर जिप उपाध्यक्ष आलोक ने जताया शोक

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता



**हुसैनाबाद (उज्ज्वल दुनिया)।** हुसैनाबाद शहर के जयप्रकाश चैक के प्रतिष्ठित होटल व्यवसायी नरेश प्रसाद का लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया। उनका इलाज दिल्ली के एक अस्पताल में चल रहा था। हुसैनाबाद के जेपी चैक पर होटल का व्यवसाय करने वाले नरेश प्रसाद अत्यंत व्यवहार कुशल व मृदुभाषी थे। व्यवसाय की व्यस्तता के बावढूद वे सामाजिक सोच के धनी थे। कहीं भी किसी के मांगलिक कार्यों में भाग लिए बिना, उन्हें चैन नहीं आता था। नरेश प्रसाद अपने पीछे भरा-पूरा परिवार छोड गए हैं। उनके निधन की ख़बर मिलते ही उनके जपला बगीचा स्थित आवास पर शुभचिंतकों का तांता लगा रहा। शुक्रवार को उनका अंतिम संस्कार किया गया। नरेश प्रसाद के निधन पर पलामू ढिला परिषद के उपाध्यक्ष आलोक कुमार सिंह उर्फ़ टुटू सिंह ने गहरी शोक संवेदना व्यक्त की। उन्होंने कहा कि नरेश जी मेरे लिए प्रेरणास्रोत थे। उन्होंने मुझे सामाजिक सरोकार से संबंधित विषयों से रूबरू कराया। मैं उनके उन्हीं मार्गदर्शन के कारण आज लोगों के बीच यथासंभव सेवा कर पा रहा हूं। उनका दुनिया से जाना सामाजिक क्षति के साथ-साथ मेरे लिए व्यक्तिगत क्षति भी है। नरेश प्रसाद क निधन पर शोक व्यक्त करने वालों में भाजपा नेता विनोद कुमार सिंह, रविन्द्र कुमार सिंह उर्फ़ बब्लू सिंह, अशोक कुमार सिंह, सामाजिक कार्यकर्ता अशोक कुमार मेहता, पूर्व विधायक संजय कुमार सिंह यादव, मनोज गुप्ता, विनोद प्रसाद, वीरेंद्र प्रसाद, रंजन कुमार, संजय कुमार उर्फ़ जॉनी, चंदन गुप्ता, पूर्व मुखिया अभय कुमार सिंह उर्फ़ टुन्ना सिंह, संजय पाठक, वरुण सिंह, निर्मल यादव शामिल हैं।

# भटके बच्चों को बाल संप्रेषण गृह ने दिखाई नई राह

## मैट्रिक परीक्षा में मिली शानदार कामयाबी




**मेदिनीनगर (उज्ज्वल दुनिया)।** कच्ची उम्र में भटक कर अपराध की राह पर चल पडे किशोरों को सही मार्गदर्शन मिला तो उन्होंने कमाल कर दिया। पलामू जिले के संप्रेषण गृह में रहे चार किशोरों ने मैट्रिक की परीक्षा में कमाल की कामयाबी हासिल की है। इनमें से दो ने प्रथम श्रेणी हासिल की है जबकि दो द्वितीय श्रेणी से परीक्षा पास की है। एक किशोर ने 72.80 प्रतिशत अंक प्राप्त कर सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया है। परीक्षा में कामयाब होने वाले बच्चे अब पढ-लिखकर डॉक्टर-इंजीनियर तथा सरकारी सेवाओं में जाने का सपना देख रहे हैं। झारखंड मैट्रिक बोर्ड की परीक्षा का रिजल्ट शुक्रवार को जारी किया गया है। सबसे बेहतर प्रदर्शन गुमला जिला स्थित बाल संप्रेक्षण गृह में बंद किशोरों ने किया है। यहां नौ को फर्स्ट डिविजन में सफलता मिली है। कुछ ने 70 प्रतिशत तक अंक हासिल किए हैं। गुमला संप्रेक्षण गृह के अधीक्षक अविनाश गिरि ने बताया कि सभी किशोरों की पढाई संप्रेक्षण गृह में ही हुई है। इसके लिए शिक्षकों की प्रतिनियुक्ति की गई थी। उपायुक्त शशिरंजन,उप विकास आयुक्त रवि आनंद, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी ने स्वंय बच्चों की पढाई की व्यवस्था में दिलचस्पी ली।

इन बच्चों ने पुलिस कस्टडी में परीक्षा दी। इन बच्चों की सफलता से उनके घरवाले भी खुश हैं।

# निर्माणाधीन एनएच पर उड रहे धूल, लोग परेशान



**मेदिनीनगर (उज्ज्वल दुनिया)।** भारत माला प्रोजेक्ट के तहत भोगू से शंखा गांव तक एनएच-39 फोरलेन सडक निर्माण कार्य कराया जा रहा है। निर्माण कार्य भारत वाणिज्य इस्टर्न कंपनी लिमिटेड द्वारा कराया जा रहा है। कंपनी की लापरवाही के कारण लोगों का जीना दूभर हो गया है। सडक निर्माण के लिए खोदे गए गड्ढे में डस्ट को भरा गया है, जिसपर पानी का छिडकाव नहीं किया जा रहा। गुजरती गाडियों से वातावरण धूल-धुसरित हो रहा है। मानो ऐसे जैसे वातावरण कुहासो से ढक गया हो। सामने से गुजरने वाले बाइक सवार व साइकल सवार लोगों को कुछ भी दिखाई नहीं देता। ऐसी स्थिति में वे दुर्घटना का शिकार हो रहे है। निर्माण करा रही कंपनी व विभाग की ओर से दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने की कोई पहल नहीं की गई है। हर आये दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं। दुर्घटनाओ को आमंत्रित कर रहे एनएच 39 के प्रति किसी का ध्यान नहीं जा रहा। निर्माण करा रही कंपनी की ओर से सुरक्षा के लिए कोई कारगर उपाय भी नहीं किये गए हैं।

ब्रहमोरिया मोड पर फ्लाईओवर का निर्माण कराया जा रहा है। सडक को क्षतिग्रस्त कर निर्माण कार्य को गति देने की शुरुआत की गई है लेकिन जमीनी विवाद सुलझाएं बिना कार्य शुरू कर दिया गया। ब्रहमोरिया मोड पर निर्माणाधीन फ्लाईओवर के लगभग आधा-आधा किलोमीटर पर दोनों किनारों पर डायवर्सन बनाया गया है, जिस पर पानी का छिडकाव नहीं किया जा रहा। इस कारण उड रही धूल से एक तरफ जंहा राहगीर परेशान हैं तो वहीं हाईवे किनारे रह रहे लोगों का जीना भी मुहाल हो गया है। कंपनी के अधिकारी सहित स्थानीय प्रशासन से लोगों ने कई बार इसकी शिकायत की लेकिन कोई सुनने को तैयार नहीं। खाना पूर्ति करने के लिए केवल दिन में एक दो बार हल्का-फुल्का पानी का छिडकाव कर औपचारिकता पूरी कर दी जाती है। एक ओर चिलचिलाती धूप तो दूसरी ओर लगन का समय।

# राजद को झारखंड में एक और झटका

## अब पलामू के पूर्व सांसद कामेश्वर बैठा ने दिया इस्तीफा

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता



**मेदिनीनगर (उज्ज्वल दुनिया)।** झारखंड में उलगुलान न्याय महारैली से पहले महागठबंधन और लालू प्रसाद यादव एवं तेजस्वी यादव को एक और झटका लगा है। पलामू के पूर्व सांसद कामेश्वर बैठा ने राजद से इस्तीफा दे दिया है। वह बसपा के टिकट पर चुनाव लड सकते हैं। वह 23 या 24 अप्रैल को पलामू लोकसभा सीट से अपना नामांकन दाखिल कर सकते हैं। कामेश्वर बैठा के राजद छोडने और चुनाव लडने की वजह से इस सीट पर वोटों का गणित प्रभावित हो सकता है। बता दें कि वर्ष 2009 में कामेश्वर बैठा ने झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के टिकट पर लोकसभा का चुनाव जीता था। हालांकि बाद में वे राजद में चले गये थे। अब उन्होंने राजद से इस्तीफा दे दिया है। कामेश्वर बैठा पहले नेता नहीं हैं, जिनका लोकसभा चुनाव से पहले राजद से मोहभंग हुआ है। इसके पहले दो बडे नेता राष्ट्रीय जनता दल छोड चुके हैं। तीन दिन पहले ही पलामू प्रमंडल के ही राजद नेता राधाकृष्ण किशोर ने पार्टी से इस्तीफा दे दिया था। उन्होंने पार्टी पर गंभीर आरोप भी लगाए थे। उन्होंने कहा था कि राजद अब सभी लोगों की पार्टी नहीं रही। इसके पहले फरवरी 2024 में पलामू के एक और पूर्व सांसद घुरन राम, जो राजद के राष्ट्रीय सचिव भी थे, ने पार्टी से किनारा कर लिया था। दरअसल, कामेश्वर बैठा अपने समय में माओवादियों के टॉप कमांडर रहे हैं। वे देश के पहले नेता हैं जो माओवाद से निकलकर सांसद बने। उन्होंने कहा कि बीजेपी और इंडिया गठबंधन एक ही सिक्के के दो पहलू हैं और दोनों आरएसएस से निकले हैं।

उन्होंने कहा कि अगर कोई अकेला सांसद या विधायक है तो वह कभी भी पार्टी बदल सकता है। झारखंड में राजद का एक ही उम्मीदवार है, कुछ भी हो सकता है। कामेश्वर बैठा ने कहा कि आज देश का संविधान खतरे में है और वे शुरू से ही संविधान को बचाने के लिए संघर्ष करते रहे हैं। कामेश्वर बैठा ने कहा कि पलामू संसदीय क्षेत्र के लोगों की समस्याओं के समाधान के लिए उन्होंने शुरू से ही प्रयास किया है। बता दें कि वे 2007, 2009 और 2014 में पलामू लोकसभा सीट से सांसद का चुनाव लड चुके हैं। यहां बताना प्रासंगिक होगा कि पलामू में 13 मई को लोकसभा चुनाव के लिए मतदान होना है। 18 अप्रैल को अधिसूचना जारी होने के साथ यहां नामांकन की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। 25 अप्रैल तक उम्मीदवार नामांकन कर सकेंगे।

26 अप्रैल को नामांकन पत्रों की जांच होगी और 29 अप्रैल तक उम्मीदवार अपने नाम वापस ले सकेंगे। बता दें कि पलामू लोकसभा सीट पर अब तक किसी भी उम्मीदवार ने नामांकन दाखिल नहीं किया है।.

## एक-नजर

### राष्ट्रीय कृमि दिवस मनाया गया

**छतरपुर (उज्ज्वल दुनिया)।** कस्तूरबा गांधी अवासीय बालिका उच्च विद्यालय में राष्ट्रीय कृमि दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का उदघाटन छत्तरपुर के प्रभारी चिकित्सक पदाधिकारी डॉ. राजेद अग्रवाल ने किया। इस मौके पर बच्चों को अल्बेंडाजोल की गोली खिलायी गयी। उससे पहले डॉ. राजेश अग्रवाल ने बालिकाओं को समझया। कार्यक्रम में वार्डन चंदू देवी, उनके सहयोगी और बीपीएम अमित कुमार उपस्थित थे।

### गढवा में हाथी ने ले ली एक की जान

**मेदिनीनगर (उज्ज्वल दुनिया)।** पलामू प्रमंडल के ग?वा जिले के चिनियां वन क्षेत्र के चिरका टोला में हाथियों ने एक शख्स को कुचल कर मार डाला। घटना के बाद सूचना मिलते ही पुलिस और वन विभाग की टीम मौके पर पहुंच कर शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। वहीं वन विभाग की टीम ने परिजनों को तत्काल 10 हजार रूपए की आर्थिक सहायता दी। बताया जा रहा है कि चिनियां थाना क्षेत्र के चिरका टोला में एक दर्जन से अधिक हाथियों का झुण्ड अचानक आ पहुंचा। इसके बाद गांव में अफरा तफरी का माहौल हो गया। लोग जान बचा कर भगने लगे। इसी दौरान हाथी ने अपने पैरों से महुआ चुन रहे दशरथ सिंह नामक व्यक्ति को कुचल कर मार डाला। घटना की जानकारी जैसे ही वन विभाग और पुलिस को लगी तत्काल दोनों टीम घटना स्थल पर पहुंच कर शव को अपने कब्जे में लेते हुए अंत्यपरीक्षण के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। वहीं मौके पर ग्रामीणों में वन विभाग के प्रति काफी आक्रोश देखने को मिला।

### बीडी राम के नामांकन को लेकर चला जनसंपर्क अभियान

**मेदिनीनगर (उज्ज्वल दुनिया)।** सतबरवा प्रखंड के पलामू लोकसभा क्षेत्र के बारी पोंची, सतबरवा, दुलसुलमा पंचायत के दर्जनों गांवों भाजपा प्रत्याशी विष्णु दयाल राम के 24 अप्रैल को होने वाले नामांकन को लेकर जनसंपर्क अभियान चलाया गया। इस दौरान लोगों के बीच देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकास कार्यों को रखा गया। लोगों को बताया गया कि विकसित भारत के तहत भारत का संपूर्ण विकास हो रहा है। भाजपा इसबार 400 का आंकडा भी पार करेगी। मौके पर सामाजिक कार्यकर्ता आशीष कुमार सिन्हा, विधायक प्रतिनिधि राणा प्रताप कुशवाहा, सांसद प्रतिनिधि मनीष कुमार, मंडल अध्यक्ष विजय पाठक, महेश्वर सिंह, उदयनाथ चैधरी, मालदीव सिंह, सत्येंद्र भैया, वकील सिंह, मुकेश प्रजापति, रेणु देवी, बबीता देवी, शारदा देवी सहित कई लोग मौजूद थे ।

### विवाहिता के साथ इश्क फरमाते धराए शिक्षक, धुनाई

**मेदिनीनगर (उज्ज्वल दुनिया)।** पलामू प्रमंडल के गढवा जिले के रमकंडा प्रखंड स्थित उदयपुर उच्च विद्यालय के शिक्षक देवनारायण सिंह को ग्रामीणों ने एक महिला के साथ आपत्तिजनक हालात में पकडा है। इसके बाद महिला और शिक्षक की ग्रामीणों ने जमकर पिटाई कर दी। घटना के बाद सुबह ग्रामीणों ने पंचायती कर मामले को सुलझाया। इधर इस घटना से संबंधित वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। घटना रमकंडा प्रखंड के चपरि गांव की है। जानकारी के अनुसार शिक्षक को चपरि गांव की एक महिला के घर से गांव के ही युवकों ने पकड लिया। इसके बाद चपरि गांव के लोगों की भीड लग गयी। वहीं महिला और शिक्षक को बांधकर पीटा गया। बताया गया कि शादीशुदा महिला का पति बाहर में कमाने गया है। मौका पाकर शिक्षक उक्त महिला के घर पहु ंच गये। मिली जानकरी के अनुसार शिक्षक के साथ शादीशुदा महिला का प्रेम प्रसंग चल रहा था। इसकी जानकारी मिलने के बाद गांव के ही कुछ लोगों ने एकजुट होकर शिक्षक को महिला के साथ पकडा और घटना के बाद सुबह चपरि गांव में सामाजिक बैठक हुई। पंचायती में शिक्षक पर दंड लगाकर मामले को सुलझाया गया।

### झारखंड संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा के दौरान परीक्षा केंद्र से 100 मीटर की परिधि में धारा 144 लागू

**मेदिनीनगर (उज्ज्वल दुनिया)।** झारखंड संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा 2024 का आयोजन दिनांक 21 अप्रैल को मेदनीनगर अनुमण्डल के विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर सुबह 10.30 बजे से 12.30 बजे तकसंचालित की जायेगी.परीक्षा को देखते हुए मेदनीनगर सदर एसडीओ अनुराग कुमार तिवारी ने क्षेत्र के परीक्षा केंद्रों के आसपास के 100 मीटर की परिधि में धारा 144 लागू कर दी है.इस बाबत उन्होंने आदेश जारी करते हुए बताया कि परीक्षा में कदाचार रोकने एवं सुरक्षा को लेकर धारा 144 लागू की गई है.इस दौरान परीक्षा केंद्र परिसर से 100 मीटर की परिधि में अभिभावक या किसी अन्य को रहने की अनुमति नहीं होगी.परीक्षा केंद्रों के 100 मीटर की परिधि के अंतर्गत 5 अथवा पांच से अधिक व्यक्तियों द्वारा मजमा लगाकर चलने पर प्रतिबंध रहेगा.इसके साथ ही परीक्षा केंद्रों के आसपास बिना अनुमति के लाउडस्पीकर का प्रयोग भी वर्जित रहेगा.इसके अलावा परीक्षा के दौरान परीक्षा केंद्रों पर प्रतिनियुक्त पदाधिकारी,वीक्षक,परीक्षार्थी,पुलिस बल को छोडकर किसी भी व्यक्ति को परीक्षा केंद्रों के 100 मीटर की परिधि में जाने पर प्रतिबंध रहेगा.यह निषेधाज्ञा सिर्फ परीक्षा केंद्रों पर निर्धारित तिथि को ही लागू होगा.सदर अनुमंडल क्षेत्र में इस परीक्षा के मद्देनजर 2024 के परीक्षाओं के लिए कुल 8 केंद्र बनाए गए हैं.इन केंद्रों के आसपास असामाजिक तत्वों की ओर से परीक्षा संचालन में व्यवधान उत्पन्न होने की आशंका रहती है.इसी के मद्देनजर एसडीओ ने निषेधाज्ञा लागू की है।

### बंधुआ मजदूर मौत मामला , ठेकेदार को पुलिस ने भेजा जेल

**मेदिनीनगर (उज्ज्वल दुनिया)।** बंधुआ मजदूर की मौत मामले में पलामू पुलिस ने बडी कार्रवाई करते हुए आरोपी ठेकेदार को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार करने के बाद आरोपी ठेकेदार को न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। आरोपी ठेकेदार जावेद अंसारी पलामू के पांकी थाना क्षेत्र के सकलदिपा का रहने वाला है। पलामू के पांकी थाना क्षेत्र के सोंस के रहने वाले हलधर भुइयां नामक व्यक्ति मजदूरी के लिए जम्मू गया हुआ था, वहीं उसकी मौत हो गई थी। बाद में उसके शव को पैतृक घर के बाहर छोड दिया गया था। पूरे मामले में मृतक की पत्नी के आवेदन के आधार पर लेबर ठेकदार जावेद अंसारी और नैयर अंसारी के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गयी थी। मृतक मजदूर की पत्नी ने पुलिस को दिए आवेदन में लिखा था कि जावेद और नैयर उसके पति को बहला फुसलाकर मजदूरी के लिए जम्मू ले गए थे। वहां उनके पति को बंधुआ मजदूर बनकर काम करवा रहे थे। घर जाने की बात पर उनके पति को डराया धमकाया जाता था। एक दिन उनके पति के साथ मारपीट की गई थी, स्थिति बिगडने पर उन्हें अस्पताल में भर्ती करवाया गया था जहां उनकी मौत हो गई। 13 मार्च को जावेद और नैयर उनके पति का शव लेकर घर पर पहुंचे थे और घर के बाहर फेंक कर चले गए। पांकी थाना प्रभारी उत्तम कुमार तिवारी ने बताया मृतक की पत्नी के आवेदन के आधार पर आरोपियों के खिलाफ आईपीसी की धारा 302, 370, 374 और 34 के तहत एफआईआर दर्ज की गयी थी। पुलिस ने पूरे मामले में कार्रवाई करते हुए आरोपी जावेद को गिरफ्तार कर लिया है और न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। उन्होंने बताया कि मृतक के शव का पोस्टमार्टम नहीं करवाया गया था, पलामू पुलिस ने उस दौरान रिम्स में मृतक का पोस्टमार्टम करवाया था।

### आसमान से बरस रही है आग ,पारा 43 के पार

**मेदिनीनगर (उज्ज्वल दुनिया)।** तीखी धूप व गर्म हवा की रफ्तार से आम जन जीवन बेहाल हो गया है। जिले वासियों को गर्मी से होने वाली बीमारियों का भय सता रहा है। पिछले एक सप्ताह से तेज धूप व तेज रफ्तार से चल रही गर्म हवा के चलते मौसमी बीमारियों में इजाफा होने की संभावना जताई जा रही है।

संपादकीय

# इंदिरा इज इंडिया की तरह, मोदी इज इंडिया, मोदी के बाद कौन?

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, जनसंघ से लेकर भाजपा तक का संगठन, हमेशा व्यतिवाद से दूर रहा है। 1999 में जब अटल बिहारी वाजपेई के कटाउट चुनाव प्रचार के दौरान लगाए गए थे, उस समय संघ ने नाराजगी व्यक्त की थी। संघ परिवार ने कभी भी व्यक्ति को महत्व नहीं दिया। जनसंघ और भाजपा में भी कभी किसी व्यक्ति को महत्व नहीं मिला। 2014 के बाद से स्थिति बड़ी तेजी के साथ बदल गई है। 2019 के लोकसभा चुनाव में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम वोट मांगे गए। प्रचार अभियान में केवल प्रधानमंत्री मोदी ही रहते हैं। उनके साथ भाजपा का कोई नेता भी नहीं रहता है। 2024 का लोकसभा चुनाव अब मोदी की गारंटी पर लड़ा जा रहा है। चुनाव प्रचार अभियान में केवल और केवल मोदी हैं। अटल बिहारी वाजपेई, लालकृष्ण आडवाणी, राजनाथ सिंह एवं वरिष्ठ भाजपा नेता इस चुनाव प्रचार अभियान से गायब हैं। भारत के सभी 543 लोकसभा क्षेत्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम और उनकी गारंटी पर जनता से वोट मांगे जा रहे हैं। भाजपा का घोषणा पत्र, भाजपा और संघ की विचारधारा को नेपथ्य में डाल दिया गया है। इस कारण भारतीय जनता पार्टी और संघ के नेताओं में यह बात उभर कर सामने आ रही है कि संघ और भाजपा ने क्या अपनी नीतियां बदल दी हैं? भाजपा के लोग ही अब कहने लगे हैं, कि 1970 के दशक में जो स्थिति कांग्रेस पार्टी की बनी थी, वही स्थिति अब भाजपा की बन गई है। तत्कालीन कांग्रेस के अध्यक्ष देवकांत बरुआ ने इंडिया इज इंदिरा और इंदिरा इज इंडिया के नारे को बुलंद किया था। ठीक वही स्थिति अब भारतीय जनता पार्टी की 2019 के बाद से बन गई है।

2014 का चुनाव भारतीय जनता पार्टी ने अच्छे दिन के नाम पर लड़ा था। उस समय सामूहिक नेतृत्व के अंतर्गत सभी भाजपा नेताओं के फोटो चुनाव प्रचार में लगाए गए थे। 2019 का लोकसभा चुनाव पुलवामा, बालाकोट और राष्ट्रवाद की अपील पर लड़ा गया था। उस समय से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चुनाव प्रचार का मुख्य हिस्सा बन गए थे। 2024 का लोकसभा चुनाव अब यह मोदी की गारंटी के नाम पर लड़ा जा रहा है। सभी 543 लोकसभा की सीट का चुनाव प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम पर लड़ा जा रहा है। पार्टी के प्रत्याशी और प्रादेशिक नेताओं का भी कोई महत्व नहीं रहा। भारतीय जनता पार्टी के चुनाव प्रचार में इस बार नौकरी, महंगाई, आर्थिक विषमता, हिंदुत्व, राष्ट्रवाद इत्यादि का मुद्दा गोंड़ हो गया है। पूरी पार्टी एक ही व्यक्ति पर केंद्रित हो गई है। भारतीय जनता पार्टी एक व्यक्ति के नाम से चलेगी, इसे कभी सोचा भी नहीं गया था। भाजपा के कोर वोटर इससे हैरान और परेशान हैं। भाजपा के लोकसभा उम्मीदवार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तय किए हैं। इसमें संघ और संगठन की भूमिका नग्नय रही है। अन्य दलों से आए हुए नेताओं को भाजपा का उम्मीदवार बनाया गया है। भाजपा और संघ में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की यूएसपी है। चुनाव प्रचार अभियान में मोदी गारंटी के नाम पर प्रचार किया जा रहा है। भाजपा ने साम-दाम-दंड-भेद, पार्टी की जीत के लिए, विचारधारा को आले में रखकर भूल गए हैं। भाजपा में अब मोदी आधारित राजनीति की जा रही है। जिसके कारण भाजपा के अंदर ही अंदर निष्ठावान कार्यकर्ता, पार्टी के बदलते हुए स्वरूप को स्वीकार नहीं कर पा रहे हैं। इसका असर प्रथम चरण के चुनाव में दिखा है।

कर्नाटक में मोदी के नाम पर चुनाव लड़ा गया था। जहां भाजपा की करारी पराजय हुई। हिमाचल प्रदेश में भी पार्टी को नुकसान उठाना पड़ा। जब पार्टी चुनाव हारती है, तो ठीकरा संगठन के ऊपर फोड़ा जाता है। पार्टी यदि चुनाव जीत जाती है, तो उसका श्रेय नरेंद्र मोदी को दे दिया जाता है। लोकसभा के चुनाव मे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम पर जनादेश मांगा जा रहा है।

# दुनिया को सत्य, अहिंसा का पाठ पढ़ाया महावीर स्वामी ने!

डॉ. श्रीगोपाल नारसन

तीर्थंकर महावीर स्वामी अहिंसा के मूर्तिमान प्रतीक थे। उनका जीवन त्याग और तपस्या से ओतप्रोत था। उन्होंने एक लँगोटी तक का परिग्रह नहीं रखा। हिंसा, पशुबलि, जात-पात का भेद-भाव जिस युग में बढ़ गया, उसी युग में भगवान महावीर का जन्म हुआ। उन्होंने दुनिया को सत्य, अहिंसा का पाठ पढ़ाया।उन्होंने दुनिया को जैन धर्म के पंचशील सिद्धांत बताए, जो हैं- अहिंसा, सत्य, अपरिग्रह, अचौर्य (अस्तेय) और ब्रह्मचर्य। सभी जैन मुनि, आर्यिका, श्रावक, श्राविका को इन पंचशील गुणों का पालन करना अनिवार्य है। महावीर स्वामी ने अपने उपदेशों और प्रवचनों के माध्यम से दुनिया को सही राह दिखाई और मार्गदर्शन किया।भगवान महावीर का जन्म तकरीबन ढाई हजार साल पहले (ईसा से 599 वर्ष पूर्व), वैशाली के गणतंत्र राज्य क्षत्रिय कुण्डलपुर में हुआ था। महावीर को वीर, अतिवीर और सन्मति भी कहा जाता है।




यद्यपि उनकी धर्मयात्राओं का ठीक वर्णन कहीं नहीं मिलता तो भी उपलब्ध वर्णनों से यही विदित होता है कि उनका प्रभाव विशेष रूप से क्षत्रियों और व्यवसायी वर्ग पर पड़ा, जिनमें शूद्र भी बहुत बड़ी संख्या में सम्मिलित थे।समाज मे अहिंसा, सद्भावना, सत्यता और सात्विकता का संदेश देकर समाज को समर्द्ध बनाने वाले महावीर स्वामी ने अपने जीवन में पूरे समाज को हमेशा सन्मार्ग दिखाया है। उन्होंने हमेशा जियो और जीने दो का संदेश दिया। जैन धर्म के लोग ही नही अपितु सर्वसमाज के लोग की जयंती को बहुत धूमधाम और व्यापक स्तर पर मनाते हैं। उन्होंने हर भक्त को अहिंसा, सत्य अचौर्य, बह्मचर्य और अपरिग्रह के पांच व्रतों का पालन करने को कहा है।महावीर स्वामी ने कहा है कि मनुष्य का सबसे बड़ा धर्म अहिंसा है। अतः हमें हमेशा जियो और जीने दो के संदेश पर कायम रहना चाहिए।महावीर ने हमें स्वयं के दोषों से लड़ने की प्रेरणा दी है। वह कहते हैं- स्वयं से लड़ो, बाहरी दुश्मन से क्या लड़ना? वह जो स्वयं पर विजय प्राप्त कर लेगा उसे आनंद की प्राप्ति होगी।मनुष्य की आत्मा अपने आप में सर्वज्ञ (परिपूर्ण) और आनंदमय है। आनंद को कभी बाहर से प्राप्त नहीं किया जा सकता। आत्मा अकेले आती है और अकेले चली जाती है, न कोई उसका साथ देता है और न ही कोई उसका मित्र बनता है।के हमेशा दुखी होने की वजह खुद की गलतियां ही हैं, जो मनुष्य अपनी गलतियों पर नियंत्रण पा लेता है। वही मनुष्य सच्चे सुख की प्राप्ति कर सकता है।जीवित प्राणी के प्रति दयाभाव ही अहिंसा है। घृणा से हम ना केवल अपना विनाश करते हैं बल्कि दूसरों के लिए भी कष्टकारी हो सकता है।

महावीर अहिंसा के दृढ़ उपासक थे, इसलिए किसी भी दिशा में विरोधी को क्षति पहुंचाने की वे कल्पना भी नहीं करते थे। वे किसी के प्रति कठोर वचन भी नहीं बोलते थे और जो उनका विरोध करता, उसको भी नम्रता और मधुरता से ही समझाते थे। इससे परिचय हो जाने के बाद लोग उनकी महत्ता समझ जाते थे और उनके आंतरिक सद्भावना के प्रभाव से उनके भक्त बन जाते थे

महावीर स्वयं क्षत्रिय और राजवंश के थे, इसलिए उनका प्रभाव कितने ही क्षत्रिय नरेशों पर विशेष रूप से पड़ा। जैन ग्रंथों के अनुसार राजगृह का राजा बिंबिसार महावीर का अनुयायी था। वहां पर इसका नाम श्रेणिक बताया गया है और महावीर स्वामी के अधिकांश उपदेश श्रेणिक के प्रश्नों के उत्तर के रूप में ही प्रकट किये गये हैं। आगे चलकर इतिहास प्रसिद्ध महाराज चंद्रगुप्त मौर्य भी जैन धर्म के अनुयायी बन गये थे और उन्होंने दक्षिण भारत में आकर जैन मुनियों का तपस्वी जीवन व्यतीत किया था।

उड़ीसा का राजा खाखेल तथा दक्षिण के कई राजा जैन थे। इसके फलस्वरूप जनता में महावीर स्वामी के सिद्धांतों का अच्छा प्रचार हो गया और उनके द्वारा प्रचारित धर्म कुछ शताब्दियों के लिए भारत का एक प्रमुख धर्म बन गया। आगे चलकर अनेक जैनाचार्यों ने जैन और हिंदू धर्म के समन्वय की भावना को भी बल दिया, जिसके फल से सिद्धांत रूप से अंतर रहने पर भी व्यवहार रूप में इन दोनों धर्मों में बहुत कुछ एकता हो गई और जैन एक संप्रदाय के रूप में ही हिंदुओं में मिल जुल गये।


महावीर स्वामी का सबसे बड़ा सिद्धांत अहिंसा का है, जिनके समस्त दर्शन, चरित्र, आचार-विचार का आधार एक इसी अहिंसा सिद्धांत पर है। वैसे उन्होंने अपने अनुयायी प्रत्येक साधु और गृहस्थ के लिए अहिंसा, सत्य, अचौर्य, ब्रह्मचर्य, अपरिग्रह के पांच व्रतों का पालन करना आवश्यक बताया है, पर इन सबमें अहिंसा की भावना सम्मिलित है। इसलिए जैन विद्वानों का प्रमुख उपदेश यही होता है- अहिंसा ही परम धर्म है। अहिंसा ही परम ब्रह्म है। अहिंसा ही सुख शांति देने वाली है। अहिंसा ही संसार का उद्धार करने वाली है। यही मानव का सच्चा धर्म है। यही मानव का सच्चा कर्म है। अहिंसा जैनाचार का तो प्राण ही है।

जैनियों के आचार-विचार, अहिंसा के विषय में चाहे जैसे रूढिवादी बन गये हों, पर इसमें संदेह नहीं कि महावीर स्वामी ने अपने समय में जिस अहिंसा के सिद्धांत का प्रचार किया, वह निर्बलता और कायरता उत्पन्न करने के बजाय राष्ट्र का निर्माण और संगठन करके उसे सब प्रकार से सशक्त और विकसित बनाने वाली थी। उसका उद्देश्य मनुष्य मात्र के बीच शांति और प्रेम का व्यवहार स्थापित करना था, जिसके बिना समाज कल्याण और प्रगति की कोई आशा नहीं रखी जा सकती। यद्यपि अहिंसा का प्रतिपादन सभी धर्मोपदेशकों ने अपने-अपने ढंग से किया है, पर जिस प्रकार महावीर और बुद्ध ने अहिंसा पर सबसे अधिक बल देकर उसी को अपने धर्म का मूलमंत्र बनाया, ऐसा किसी अन्य धर्म संस्था ने नहीं किया और यही जैन धर्म की विशेषता भी बनी।

# महिला सुरक्षा किसी भी राजनीतिक दल का मुख्य एजेंडा नहीं



नीरज कृष्ण



> भारतीय राजनीति के क्षेत्र में, नारे अक्सर शक्तिशाली उपकरण के रूप में उपयोग किए जाते हैं, जो ध्यान आकर्षित करने और जनता का समर्थन हासिल करने में सक्षम होते हैं

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अक्सर कहते हैं कि देश की लड़कियाँ-महिलाएँ देवी का रूप हैं। महिलाओं को सशक्त करने की बात भी कहते हैं और दावा भी करते हैं। लेकिन पिछले एक दशक में उन्होंने किसी भी मंच से इस बात की गारंटी नहीं दी है कि देश की हर लड़की, हर महिलाओं की सुरक्षा सरकार की ज़िम्मेदारी है। देश में किसी महिला के साथ बलात्कार नहीं होगा, यौन शोषण की घटनाएँ नहीं होंगी और बतौर प्रधानमंत्री इस तरह की घटनाओं में राजनीतिक चश्मों से बात नहीं की जाएगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को इस बात की गारंटी देनी चाहिए। आम जनता को इस नजरये से ही सोचना होगा।

भारतीय राजनीति के क्षेत्र में, नारे अक्सर शक्तिशाली उपकरण के रूप में उपयोग किए जाते हैं, जो ध्यान आकर्षित करने और जनता का समर्थन हासिल करने में सक्षम होते हैं। ऐसा ही एक नारा जो पूरे राजनीतिक परिदृश्य में गूंज रहा है, वह है भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का आह्वान, बेटी पढ़ाओ, बेटी बचाओ (बेटियों को पढ़ाओ, बेटियों को बचाओ)। सतही तौर पर, यह नारा नेक इरादों का प्रतीक है और भारत की बेटियों के लिए उज्जवल भविष्य का वादा करता है, लेकिन सार्थक कार्रवाई में इसका अनुवाद वांछित होने के लिए बहुत कुछ छोड़ देता है।

सिर्फ.बीजेपी तक यह पहलू सीमित नहीं है। देश की सबसे बड़ी मुख्य विपक्षी पार्टी कांग्रेस समेत तमाम दलों के शीर्ष नेतृत्व को इस प्रकार की गारंटी देनी चाहिए। महिलाओं की सुरक्षा का मसला इतना महत्वपूर्ण और जरूरी है कि इसमें किसी तरह के अपवाद की रत्तीभर गुंजाइश नहीं है। चुनाव का समय है, ऐसे में हर दल को इस बात की गारंटी देनी चाहिए।

राजनीतिक विमर्श के परिदृश्य में, असंख्य विषय ध्यान आकर्षित करते हैं: आर्थिक नीतियां, सामाजिक कल्याण, बुनियादी ढांचे का विकास और राष्ट्रीय सुरक्षा, इनमें से कुछ हैं। फिर भी, इन प्राथमिकताओं के बीच, एक महत्वपूर्ण मुद्दा जो अक्सर हाशिए पर चला जाता है वह है महिला सुरक्षा। सामाजिक कल्याण और प्रगति पर इसके गहरे प्रभाव के बावजूद, दुनिया भर में कई राजनीतिक दलों द्वारा महिलाओं की सुरक्षा पर अपर्याप्त ध्यान दिया जाता है। इस मूलभूत चिंता की व्यापक उपेक्षा एक परेशान करने वाली सच्चाई को रेखांकित करती है: महिलाओं की सुरक्षा किसी भी राजनीतिक दल का मुख्य मुद्दा नहीं है।

महिला सुरक्षा कितनी बड़ी समस्या है, यह साबित करने के लिए भले ही सरकार या राजनीतिक दलों को सुबूत की जरूरत हो, लेकिन आम जनता के लिए यह वास्तविकता है। चुनाव में यह मुद्दा बनना चाहिए था, लेकिन जान बूझकर राजनीतिक दल खासकर सत्ताधारी दल इस तरह के विमर्श को बढ़ावा नहीं देते हैं। इस मसले पर मीडिया में भी कमोबेश राजनीतिक जुमला-बाजी को ही अधिक महत्व दिया गया। वास्तविक समस्या के प्रति सरकार, सत्ताधारी और विपक्षी दलों की ज़िम्मेदारी और जवाबदेही को लेकर चर्चा नहीं हुई।

राजनीतिक सत्ता के भव्य हॉल में, जहां राष्ट्रों को आकार देने वाले निर्णय लिए जाते हैं और अधिकार के साथ आवाजें गूंजती हैं, वहां गहरा सन्नाटा रहता है। यह चुप्पी अनुपस्थिति से पैदा नहीं हुई है, बल्कि उपेक्षा से पैदा हुई है - हमारे समय के सबसे गंभीर मुद्दों में से एकः महिला सुरक्षा को लेकर एक गगनभेदी शांति। आश्चर्यजनक रूप से, संसद की महिला सदस्यों (सांसदों) के भीतर भी, यह चुप्पी बनी हुई है, जो राजनीतिक क्षेत्र के भीतर अपनी सुरक्षा को संबोधित करने में महिलाओं की भूमिका के बारे में प्रासंगिक सवाल उठाती है।

दुनिया भर में, महिलाएं विभिन्न रूपों में उत्पीड़न, हमले और हिंसा के व्यापक खतरे से जूझ रही हैं। चाहे वह सड़कों पर हो, कार्यस्थलों पर हो, या उनके अपने घरों के भीतर, खतरे का साया मंडराता रहता है, जो उनके दैनिक जीवन पर छाया डालता है। ऐसी चुनौतियों का सामना करते हुए, कोई उम्मीद कर सकता है कि राजनीतिक सत्ता के पदों पर महिलाएं वकालत और कार्रवाई में सबसे आगे होंगी और सार्थक परिवर्तन लाने के लिए अपने प्रभाव का लाभ उठाएंगी।

विधायी निकायों के भीतर, जहां कानून बनाए जाते हैं और नीतियां तैयार की जाती हैं, महिला सांसदों के पास महिला सुरक्षा के मुद्दे को उठाने का एक अनूठा अवसर होता है। मौजूदा मुद्दों की उनकी प्रत्यक्ष समझ के साथ-साथ सार्वजनिक चर्चा को आकार देने की उनकी क्षमता के साथ, उनके पास एक ऐसा मंच है जो प्रभाव डालने की अपनी क्षमता में अद्वितीय है। हालाँकि, बहुत बार, यह क्षमता अप्रयुक्त रह जाती है, प्रतिस्पर्धी प्राथमिकताओं से प्रभावित हो जाती है या प्रणालीगत बाधाओं से बाधित हो जाती है।

इस चुप्पी के पीछे कारण बहुआयामी हैं। कुछ मामलों में, महिला सांसद खुद को पार्टी की राजनीति से विवश पा सकती हैं, जहां पार्टी लाइनों के प्रति निष्ठा व्यक्तिगत वकालत के प्रयासों पर हावी हो जाती है। राजनीतिक हलकों और जनता दोनों की ओर से प्रतिक्रिया या प्रतिशोध का डर, महिलाओं को अनिच्छुक चुप्पी के लिए मजबूर करके, एक निवारक के रूप में भी काम कर सकता है। इसके अलावा, राजनीतिक संस्थानों में व्याप्त पितृसत्तात्मक संरचनाएँ अनजाने में महिलाओं की आवाज को हाशिए पर धकेल सकती हैं, जिससे उनकी चिंताएँ नीति निर्धारण एजेंडे की परिधि में आ जाती हैं।

इसके अलावा, महिला सांसदों को सुरक्षा और सुरक्षा के मुद्दों को संबोधित करने में अंतसंबंध के महत्व को पहचानना चाहिए। नस्लीय, जातीय, धार्मिक या सामाजिक आर्थिक अल्पसंख्यकों सहित हाशिए पर रहने वाले समुदायों की महिलाओं को अक्सर भेदभाव और हिंसा के मिश्रित रूपों का सामना करना पड़ता है। इसलिए महिलाओं की सुरक्षा को संबोधित करने के लिए कोई भी सार्थक प्रयास अपने दृष्टिकोण में परस्पर विरोधी होना चाहिए, महिलाओं के विभिन्न समूहों के सामने आने वाली अनूठी चुनौतियों को स्वीकार करना और उनका समाधान करना चाहिए।

महिला सुरक्षा के मुद्दों पर महिला सांसदों की चुप्पी केवल व्यक्तिगत पसंद का प्रतिबिंब नहीं है, बल्कि प्रणालीगत कमियों का भी प्रतिबिंब है जिसका डटकर मुकाबला किया जाना चाहिए। यह कार्रवाई का आह्वान है - परंपरा की बाधाओं से ऊपर उठने और महिलाओं के अधिकारों और सम्मान की रक्षा में एक शानदार बयान देने का निमंत्रण। केवल सामूहिक वकालत, अटूट एकजुटता और साहसिक नेतृत्व के माध्यम से हम एक ऐसी दुनिया बनाने की उम्मीद कर सकते हैं जहां हर महिला सुरक्षित, सुनी और सशक्त महसूस करे।

दुनिया भर में, महिलाएं सार्वजनिक और निजी दोनों क्षेत्रों में विभिन्न प्रकार की हिंसा और भेदभाव का सामना करती रहती हैं। शारीरिक हमलों और यौन उत्पीड़न से लेकर घरेलू दुर्व्यवहार और अवसरों तक असमान पहुंच तक, महिलाओं के सामने आने वाली चुनौतियों का दायरा व्यापक है। कुछ क्षेत्रों में बढ़ती प्रगति के बावजूद, प्रणालीगत खामियाँ बनी हुई हैं, जिससे दंडमुक्ति और भय की संस्कृति कायम है।

राजनीति के क्षेत्र में, चुनावी चक्रों के दौरान वादे प्रचुर मात्रा में होते हैं। उम्मीदवार विभिन्न मुद्दों का समर्थन करने और हाशिये पर पड़े समुदायों के उत्थान का वादा करते हुए वोटों के लिए होड़ करते हैं। हालाँकि, जब महिलाओं की सुरक्षा बढ़ाने के लिए ठोस उपायों की बात आती है, तो बयानबाजी अक्सर ठोस कार्रवाई पर भारी पड़ती है। राजनीतिक दल उन मुद्दों को प्राथमिकता देते हैं जो तत्काल चुनावी लाभ देते हैं या उनके वैचारिक एजेंडे के अनुरूप होते हैं, जिससे महिलाओं की सुरक्षा एक गौण चिंता बन जाती है।

इसके अलावा, महिलाओं की सुरक्षा के मुद्दे को अक्सर वास्तविक रूप से संबोधित करने के बजाय राजनीतिक लाभ के लिए पेश किया जाता है। ऐसे उदाहरण बहुतायत में हैं जहां महिलाओं के खिलाफ हिंसा की घटनाएं अस्थायी आक्रोश पैदा करती हैं, लेकिन मीडिया का ध्यान कम होने के बाद वे गुमनाम हो जाती हैं। राजनीतिक नेता ऐसे कृत्यों की निंदा करते हुए बयान जारी कर सकते हैं, फिर भी भविष्य में होने वाली घटनाओं को रोकने के लिए व्यापक नीतियों को लागू करने या पर्याप्त संसाधन आवंटित करने में विफल रहते हैं।

राजनीतिक एजेंडे में महिला सुरक्षा को हाशिए पर रखने का एक अंतर्निहित कारण पितृसत्तात्मक मानदंडों और सत्ता संरचनाओं का कायम रहना है। कई समाजों में, स्थापित लैंगिक पूर्वाग्रह राजनीतिक निर्णय लेने की प्रक्रियाओं को आकार देते हैं, जिससे प्रभावशाली पदों पर महिलाओं का प्रतिनिधित्व कम हो जाता है। नतीजतन, महिलाओं की भलाई से संबंधित मुद्दों को अक्सर नजरअंदाज कर दिया जाता है या महत्वहीन बना दिया जाता है, जिससे प्रणालीगत असमानताएं मजबूत होती हैं।

इसके अलावा, राजनीतिक विमर्श में महिलाओं के शरीर का वस्तुकरण उनकी सुरक्षा चिंताओं को तुच्छ बनाने में योगदान देता है।महिलाओं को अक्सर सम्मान और सुरक्षा की हकदार स्वायत्त व्यक्तियों के बजाय इच्छा की वस्तु या राष्ट्रीय गौरव के प्रतीक के रूप में चित्रित किया जाता है।यह वस्तुकरण न केवल महिलाओं के खिलाफ हिंसा को संबोधित करने की तात्कालिकता को कम करता है बल्कि हानिकारक रूढ़िवादिता को भी कायम रखता है जो इस तरह के व्यवहार को उचित और सामान्य बनाता है।

राजनीतिक एजेंडे में महिला सुरक्षा की घोर उपेक्षा को संबोधित करने के लिए एक बहुआयामी दृष्टिकोण जरूरी है।सबसे पहले, पितृसत्तात्मक मानदंडों को चुनौती देने और राजनीतिक संस्थानों के भीतर लैंगिक समानता को बढ़ावा देने के लिए एक ठोस प्रयास होना चाहिए।इसमें निर्णय लेने वाले निकायों में महिलाओं का प्रतिनिधित्व बढ़ाना और समावेशिता और सम्मान की संस्कृति को बढ़ावा देना शामिल है।


राजनीतिक एजेंडे में महिला सुरक्षा की घोर उपेक्षा को संबोधित करने के लिए एक बहुआयामी दृष्टिकोण जरूरी है।सबसे पहले, पितृसत्तात्मक मानदंडों को चुनौती देने और राजनीतिक संस्थानों के भीतर लैंगिक समानता को बढ़ावा देने के लिए एक ठोस प्रयास होना चाहिए।इसमें निर्णय लेने वाले निकायों में महिलाओं का प्रतिनिधित्व बढ़ाना और समावेशिता और सम्मान की संस्कृति को बढ़ावा देना शामिल है।

इसके अलावा, राजनीतिक दलों को ठोस प्रतिबद्धताओं और संसाधनों द्वारा समर्थित, अपने प्लेटफार्मों के एक गैर-परक्राम्य घटक के रूप में महिलाओं की सुरक्षा को प्राथमिकता देनी चाहिए।इसके लिए लिंग-संवेदनशील नीतियों को व्यापक एजेंडे में एकीकृत करने और उनके कार्यान्वयन के लिए नेताओं को जवाबदेह बनाने की आवश्यकता है।

जैसे ही हम भाजपा के बेटी पढ़ाओ, बेटी बचाओ के नारे पर विचार करते हैं, यह स्पष्ट हो जाता है कि परिवर्तनकारी परिवर्तन लाने के लिए अकेले शब्द अपर्याप्त हैं। बेटियों की सुरक्षा, शिक्षा और सशक्तिकरण के प्रति सच्ची प्रतिबद्धता के लिए ठोस कार्रवाई, अटूट राजनीतिक इच्छाशक्ति और स्थापित लिंग मानदंडों को चुनौती देने के लिए वास्तविक प्रतिबद्धता की आवश्यकता होती है। जब तक ऐसे उपायों को प्राथमिकता नहीं दी जाती और लागू नहीं किया जाता, भारत की बेटियों के लिए उज्जवल भविष्य का वादा अधूरा रहेगा।

महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करना न केवल नैतिक दायित्व का मामला है, बल्कि एक निष्पक्ष और समावेशी समाज के निर्माण की पूर्व शर्त भी है। महिलाओं की सुरक्षा को राजनीतिक विमर्श और कार्रवाई में सबसे आगे रखकर, समाज सभी के लिए समानता, न्याय और मानवाधिकार के सिद्धांतों को साकार करने के करीब पहुंच सकता है। राजनीतिक दलों के लिए यह समझने का समय आ गया है कि महिलाओं की सुरक्षा महज एक विचार मात्र नहीं है, बल्कि एक प्रगतिशील और दयालु शासन एजेंडे का केंद्रीय सिद्धांत है।

# आत्मानुशासन के प्रबल समर्थक थे महावीर भगवान



डॉ संध्या जैन श्रुति

जियो और जीने दो के प्रणेता, अणु शक्ति के आगे मनु शक्ति का प्रयोग करने वाले, मानव जाति एक है अखंड है, जिसमें ऊँच -नीच की कल्पना करना सत्य का गला घोंटना है, मनुष्य जन्म से नहीं कर्म से महान बनता है, आत्म शक्ति के प्रबल समर्थक भगवान महावीर जी के सिद्धांत आज भी प्रासंगिक हैं

महावीर जिस युग में हुए तब घोर जातिवाद था और भगवान महावीर जातिवाद के घोर विरोधी थे,महावीर के शासन में ना जाने कितने शूद्र और चांडाल दीक्षित हुए।


भगवान महावीर के जीवन काल के समय गणतंत्र व्यवस्था अपने विकास के चरम पर थी जैसे आज आधुनिक भारत में लोकतंत्र अपने विकास की ओर अग्रसर हो रहा है हम लोकतंत्रीय परंपराओं को आत्मसात कर रहे हैं भगवान महावीर ने भी अपने सिद्धांतो में लोकतंत्रीय आदर्शों को आश्रय दिया। लोकतंत्र के विभिन्न आदर्श स्वतंत्रता, समानता, आत्म निर्णय का अधिकार, अनुशासन, सापेक्षता, विश्वबंधुत्व, वैज्ञानिक दृष्टिकोण, जागरुकता, सहयोग, प्रेम, दया, सहिष्णुता आदि को भगवान महावीर ने प्रचारित प्रसारित किया जिससे लोककल्याण की सरिता उद्भूत हुई और जनमानस जागरुक बनकर लोक कल्याण की ओर अग्रसर हुआ।

समानता के सिद्धांत के प्रतिपादक भगवान महावीर ही थे जिन्होंने स्वतंत्र आत्म शक्ति पर बल दिया था आत्मा का, आत्मा के द्वारा, आत्म कल्याण के सिद्धांत को प्रतिपादित किया था इस सिद्धांत के अनुसार जीव जंतु, प्राणी, वनस्पति सभी को अपने समान मानते थे वे कहते थे आत्म शक्ति सबमें एक बराबर है चींटी से इंसान की सब जीवों की रक्षा करना वाणी है भगवान की।

आर्थिक, सामाजिक, राजनीतिक, धार्मिक और सांस्कृतिक समानता का उद्भव भगवान महावीर ने भी किया था जो मार्क्स की याद दिलाता है जिसने साम्यवाद का उद्घोष किया यह साम्यबाद आंतरिक परिवर्तन की प्रेरणा देता है। साम्यवाद साध्य व साधन दोनों की पवित्रता पर ध्यान देता है यही महावीर का सिद्धांत है जिसकी आज जरूरत है।

आत्मअनुशासन

इसका अर्थ है अपने आप पर शासन, महावीर का मानना था कि अपने शरीर, मन, वाणी और सभी इंद्रियों पर नियंत्रण रखो, अपनी आत्मा पर शासन करो संयम, तप, निग्रह के द्वारा



आत्मअनुशासन रखो वध बंधन के द्वारा किसी को मत सताओ और न किसी के सताए जाने योग्य बनो, स्वेच्छा ही जनतंत्र का आधार है।

विश्व बंधुत्व-

वसुधैव कुटुंबकम के आदर्श का जितना सुंदर प्रतिपादन भगवान महावीर ने किया है उतना कदाचित ही कहीं हुआ हो संसार के प्रत्येक प्राणी यहाँ तक कि जड़ पदार्थों के प्रति भी उनके मन में दया के भाव थे वे किसी के प्रति शत्रुता का भाव नहीं रखते थे किसी से द्वेष नहीं करते थे अपने अपराध के लिए सबसे क्षमा प्रार्थी थे।

खामेभी सब्ब जीवे सव्वे जीवा खमंतु मे
मित्ती मे सव्व एसु, बैरम्मज्झं न केणई।

आधुनिक संघर्षशील युग में जब भाई भाई में, देश देश में, द्वेष और घृणा के भाव पनप रहे हैं तब भगवान महावीर का यह विश्व बंधुत्व का संदेश राष्ट्रीयता अंतर्राष्ट्रीयता एवं लोकतंत्र के लिए अत्यंत आवश्यक है लोकतंत्र की प्रगति प्रेम, सद्भाव, सहकारिता, सहानुभूति के वातावरण में ही होती है।

इसके अतिरिक्त अंधविश्वास, रुढ़िवादिता कर्मकांड का विरोध कर वैज्ञानिक दृष्टिकोण के विकास से परीक्षण, निरीक्षण एवं स्वविवेक से प्रत्येक वस्तु को जाने, इन्हें सम्यक बनाने का उपदेश दिया अहिंसा, शांति, जागरुकता, न्याय, सत्य, संयम आदि को जीवन में उतारने का संदेश दिया। महावीर मुक्ति हेतु इन आदर्शों की पुष्टि करते थे जो लोकतंत्र में आवश्यक है इन आधारों पर हम देखें तो महावीर और लोकतंत्र एक दूसरे के पर्यायवाची बन गये हैं।

महावीर के सिद्धांत चिंतन का विषय होने चाहिए तभी वर्तमान सुख कर और सुंदर बन पाएगा।

आज का युग शांति की अन्वेषणा
कर रहा चढ़ भ्रांति के जलयान में
लक्ष्य तक वह जा सकेगा क्या कभी
बात यह आए सभी के ध्यान में।

## एकनजर

### रंगोली प्रतियोगिता के माध्यम से मतदान के प्रति लोगों को किया गया जागरूक



एग्यारकुंड। आगामी लोकसभा चुनाव में मतदान के प्रति लोगों को जागरूक करने को लेकर शनिवार को चिरकुंडा नगर परिषद द्वारा स्वीप अभियान के तहत वार्ड संख्या 15 स्थित दुगार्मंदिर के प्रांगन में रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।रंगोली प्रतियोगिता के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक किया गया व वोट फार बेटर इंडिया के साथ में लोगों ने लोकसभा के महापर्व में आओ मतदान करें का संकल्प भी लिया। मौके पर सामुदायिक संगठनकर्ता कौशिक मित्रा,सीआरपी सीमा देवी, सुपरवाइजर अमर दास,चिन्मय बनर्जी,भुवन राखा आदि थे।

### शादी का झांसा देकर यौन शौषण करने का आरोपी गया जेल



बोकारो (कसमार) : शादी का झांसा देकर यौन संबंध बनाने वाले एक आरोपी को कसमार थाना ने गिरफ्तार करते हुए न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। कसमार थाना प्रभारी भजन लाल महतो ने जानकारी देते हुए बताया कि कसमार की एक युवती के साथ धनबाद के निचितपुर बोरागढ निवासी परमेश्वर राय पिछले एक साल से शारीरिक संबंध बना रहा था। इससे युवती आठ माह की गर्भवती हो गई थी। जिसकी शिकायत युवती ने कसमार थाने में की थी। जिसमे बताया गया है कि धनबाद निचितपुर निवासी परमेश्वर राय युवती के साथ शादी का झांसा देकर उसके साथ शारीरिक संबंध बनाया। जब युवती ने शादी के लिए युवक से कहा तो युवक टालमटोल करता रहा। युवक की प्रताडना से तंग आकर युवती ने कसमार थाने में दुष्कर्म सहित अन्य धारा में मामला दर्ज कराया। जिसके बाद कसमार पुलिस ने युवक को उसके घर से गिरफ्तार करते हुए जेल भेज दिया.

### दि ओरिएंटल पब्लिक स्कूल बांधडीह में पुरस्कार सम्मान समारोह सह छात्रवृत्ति समारोह आयोजित

- छात्र-छात्राओं में विलक्षण प्रतिभाएं माता पिता के संरक्षण से मिलती है : आमीर हुसैन



जैनामोड़ : दि ओरिएंटल पब्लिक स्कूल, जैनमोड, बोकारो में पुरस्कार सम्मान समारोह सह छात्रवृत्ति समारोह का आयोजन किया गया । जिसमें शैक्षणिक उत्कृष्टता का सम्मान छात्र-छात्राओं को दिया गया । साथ ही योग्य अंक प्राप्त करने वाले छात्र -छात्रायों को पुरस्कृत कर 20 छात्र-छात्राओं को 50 % छात्रावृत्ति , 15 छात्रों को 30 % छात्रवृत्ति , 11 छात्रों को 20 % छात्रवृत्ति , और 1 छात्र को 10% छात्रवृत्ति के लिए मेडल और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया । कार्यक्रम का प्रारंभ पम्मी कुमारी एवं ग्रुप द्वारा स्वागत गीत , अनन्या ग्रुप ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत कर अभिभावकों एवं अतिथियों को भावविभोर कर दिया । बतौर मुख्य अतिथि बैंक ऑफ इंडिया के शाखा प्रबंधक अमृत कुमार चौधरी ने द्वीप प्रज्वलित करते हुए विधालय प्रबंध समिति का क्षेत्र में गुणवत्ता पूर्ण माहौल बनाकर बेहतर शिक्षा देने के लिए प्रशंसा की । विधालय के लिए एक महत्वपूर्ण भूमिका बताया।द्वीप प्रज्वलित के अवसर पर निदेशक सह प्राचार्य डॉ. आमिर हुसैन, अध्यक्ष मो० मुश्ताक अहमद, उप प्राचार्य अमित कुमार बरनवाल , हेडमिसेस रिंकू रॉय संयुक्त रुप से शामिल थे । विधालय निदेशक सह प्राचार्य डॉ आमिर हुसैन ने कहा कि स्थापना काल से ही गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने का प्रयास किया जा रहा है । इस प्रयास को सफल बनाने में माता-पिता, अभिभावकों का सहयोग प्राप्त होता आया है । छात्र-छात्राओं में विलक्षण प्रतिभाएं माता-पिता के संरक्षण से ही मिलता है । दि ओरिएंटल पब्लिक स्कूल की हेडमिस्टेरेस रिंकू रॉय ने धन्यवाद ज्ञापन करते हुए कहा कि कार्यक्रम की सफलता के लिए सभी का योगदान सराहनीय रहा.

### झारखंडनअभिभावक संघ के मांग पर शिक्षा विभाग ने की स्कूलों के समय पर बदलाव : महेंद्र राय

बोकारो : झारखंड अभिभावक संघ के बोकारो जिला अध्यक्ष महेंद्र राय ने कहा कि झारखंड के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय द्वारा राज्य के शिक्षा सचिव से आग्रह किया था कि बढ़ते गर्मी को देखते हुए स्कूलों के समय में बदलाव किया जाए। आज शिक्षा सचिव द्वारा समय बदलाव की आदेश जारी की गई। महेन्द्र राय ने कहा कि पूरे राज्य में गर्मी के थपेड़े और गर्म हवा से आम लोग हलकान हैं ऐसे में राज्य सरकार एवं जिला प्रशासन को बच्चो के स्वास्थ को ध्यान रखते हुए अपने-अपने तरीके से गर्मी का आकलन कर स्कूल बंद करने से लेकर समय में बदलाव किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि अलग-अलग जिलों का तापमान में इतनी बढ़ोतरी हुई है की छोटे नौनिहालों को स्कूल भेज पाना मुश्किल सा प्रतीत हो रहा है। शिक्षा सचिव को धन्यवाद देते हुए कहा कि इस आदेश से बच्चो के स्वास्थ को काफी लाभ मिलेगा जिस तरह लू बढ़ते जा रही थी बच्चो को जान का खतरा था.

### सौहार्दपूर्ण माहौल में रहेंगे सभी,नहीं कोई समस्या

- चास बीडीओ/सीओ झ पुलिस निरीक्षक चास/थाना प्रभारी के पहल पर दोनों पक्षों के साथ हुई बैठक

बोकारो : रामनवमी पर्व के दौरान चास प्रखंड के घटियाली पश्चिमी पंचायत में दो पक्षों के बीच हुए विवाद का पटाक्षेप हो गया। चास बीडीओ डा. प्रदीप कुमार/सीओ श्री दिवाकर दूबे झ पुलिस निरीक्षक चास एवं थाना प्रभारी के पहल पर पंचायत भवन में देर शाम दोनों पक्षों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक हुई। बैठक में दोनों पक्षों ने पिछले दिनों हुई घटना पर दुख जताया।कहा कि ऐसा नहीं होना चाहिए था। भविष्य में इस तरह की कोई भी घटना घटित नहीं होगी। इसके लिए हम प्रशासन को आश्वस्त करते हैं। बैठक में दोनों समाज के सात झ सात लोग शामिल हुए थे। समाज का प्रतिनिधित्व कर रहे हाजी हबीब एवं रवि केवट दोनों ने एक - दूसरे को गला लगाकर, सौहार्दपूर्ण माहौल में एक बार फिर से सभी मिल जुलकर रहने,कोई समस्या नहीं की बात कहीं। चास बीडीओ/सीओ झ पुलिस निरीक्षक चास/थाना प्रभारी ने बताया कि गांव का माहौल सामान्य हैं। सभी अपने झ अपने दिनचर्या में लौट आएं हैं। कहीं कोई तनाव की बात नहीं है। सभी आपसी भाई - चारे के साथ समय व्यतीत कर रहे हैं।उल्लेखनीय हो कि, पिछले दिनों रामनवमी जुलूस के दौरान किसी बात को लेकर कुछ विवाद दोनों पक्षों में हो गया था। हालांकि, प्रशासन की तत्परता एवं समाज के लोगों के सहयोग से स्थिति तुरंत नियंत्रण में आ गई थी,वर्तमान में सामाजिक सौहार्द बरकरार है.



# डीवीसी चेयरमैन ने किया बोकारो थर्मल प्लांट का निरीक्षण,अधिकारियो को दिया आवश्यक दिशा निर्देश

**चेयरमैन एवं मेंबर टेक्निकल ने ऐश पौंड से व्यापक पैमाने पर उड़ रही छाई एवं पौंड में चारों ओर बिखरी छाई को देखकर नाराजगी जताया**

उज्ज्वल दुनिया



बोकारो थर्मल : डीवीसी चेयरमैन भाप्रसे अधिकारी एस सुरेश कुमार शनिवार को अपने दौरा के क्रम में साढ़े दस बजे बोकारो धर्मल नूरीनगर स्थत डीवीसी के ऐश पौंड पहुंचें। डीवीसी चेयरमैन के साथ मेंबर टेक्निकल एम रघुराम, मुख्य महाप्रबंधक सुभाष सिंह भी थे। ऐश पोंड पहुंचने पर बोकारो थर्मल के एचओपी आनंद मोहन प्रसाद, वरीय जीएम एफजीडी एसएन प्रसाद ने पौधा देकर चेयरमैन एवं मेंबर टेक्निकल का स्वागत किया बाद में चेयरमैन अधिकारियों के साथ ऐश पौंड स्थित रिकवरी सिस्टम, सेटलिंग पोंड देखने पहुंचे चेयरमैन एवं मेंबर टेक्निकल ने ऐश पौंड से व्यापक पैमाने पर उड़ रही छाई एवं पौंड में चारों ओर बिखरी छाई को देखकर नाराजगी जताते हुए सिविल के डीजीएम विश्वमोहन गोस्वामी सहित राहुल उरांव, पवन कुमार आदि को डांट पिलाई। चेयरमैन ने डीजीएम सिविल से पोंड की स्थिति को देखकर नाराजगी जताते हुए पूछा तो डीजीएम सिविल ने कहा कि पौंड की स्थिति बेहतर है। दुबारा पूछने पर भी जब डीजीएम सिविल ने अपनी बात दुहराया तो चेयरमैन ने उनकी बात को मोबाइल में रिकार्ड कर लिया। डीजीएम सिविल ने चेयरमैन से कहा कि पौंड प्रतिदिन 25 एमएम बारिश की क्षमता को भी संभाल सकता है। मेंबर टेक्निकल ने स्थानीय एचओपी से डीजीएम सिविल को लंबी छुट्टी पर भेजने की भी बात कही। पौंड से उड़ रहे व्यापक पैमान के छाई को नियंत्रित करने के लिए चेयरमैन ने एचओपी को निर्देश दिया कि पौंड के रिकवरी पंप से गार्ड लैंडिंग पाईप लाईन के द्वारा उड़नेवाली छाई को नियंत्रित किया जा सकता है। डीजीएम सिविल द्वारा इस सिस्टम के भी सक्सेस नहीं होने की बात कहे जाने पर मेंबर टेक्निकल ने उन्हें एनटीपीसी के दूसरे प्रोजेक्टों में जाकर देखकर आने की बात कही। चेयरमैन ने स्थानीय स्तर पर ट्रैक्टरों के द्वारा ऐश पौंड पर जल छिड़काव की भी बात कही। पोंड से उड़नेवाले छाई के कारण सभी को पोंड पर ही अपने नाक पर मास्क लगाना पड़ा उन्होंने निर्देश दिया कि पांच माह के दरम्यान पोंड पूरी तरह से खाली होती रहनी चाहिए कहा कि वर्तमान में पोंड की जो स्थिति है उससे लगता है कि पोंड दस दिनों में ही भर जाएगा। मेंबर टेक्निकल ने एचओपी एवं डीजीएम सिविल को निर्देश दिया कि हजारीबाग में बंद पड़े स्टोन कायरी में छाई फेंकने को लेकर हजारीबाग के डीएफओ, डीएमओ एवं डीसी से मिलकर पहल करें ताकि उसमें छाई फेंका जा सके। उन्होंने पोंड से उड़नेवाली छाई पर रोक लगाने का भी निर्देश सिविल के इंजीनियरों को दिया। मौके पर डीवीसी के जीएम ओएंडएम एस भट्टाचार्य, जीएम विद्युत एस

# धनबाद साइबर पुलिस को मिली बड़ी सफलता




- साइबर अपराध करते युवक गिरफ्तार, कई सामान बरामद

उज्ज्वल दुनिया

धनबाद : धनबाद साइबर पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। वरीय पुलिस अधीक्षक को मिली गुप्त सूचना पर साइबर डीएसपी के नेतृत्व में एक छापेमारी दल का गठन किया गया, टीम के द्वारा शुक्रवार को गोविंदपुर थाना क्षेत्र के बागसुमा गांव में विक्रम कुमार दास, पिता तुलसी दास के घर छापेमारी की गई जिसमे 5 एन्ड्रॉयड मोबाइल,1 लेपटॉप, 6 सिम कार्ड, 2 एटीएम, 1 पैन कार्ड, 1 पासबुक, सहित 15000 नगद बरामद किया गया। मामले की जानकारी देते हुए साइबर डीएसपी संजीव कुमार ने बताया की विक्रम कुमार दास ने दो साल से साइबर अपराध में अपनी संलिप्तता को स्वीकार किया है जिसके विरुद्ध साइबर अपराध के तहत मामला दर्ज किया गया है इससे जानकारी ली जा रही है की और इसके साथ कौन कौन शामिल है। साथ ही अपील की गई की कई तरह से प्रलोभन देकर ठगी की जाती है इसलिए सभी को अपरिचित कॉल से सावधान रहने की आवसकता है।

छापेमारी दल में डीएसपी के अलावे साइबर थाना प्रभारी प्रमोद पांडे, एएस-।आई एसआई गौरव कुमार, धर्मेंद्र कुमार, जयनारायण पंडित, अनिल कुमार एवं पंकज कुमार रजक शामिल थे।

# चास थाना क्षेत्र में जमीन कारोबारी के घर गोली चलने से पूरा क्षेत्र थर्रा उठा





उज्ज्वल दुनिया

बोकारो : चास थाना क्षेत्र के सरस्वती नगर में बाइक सवार दो अपराधियों ने जमीन कारोबारी विनोद सिंह के घर के बाहर गत रात फायरिंग से पुरा क्षेत्र थर्रा उठा । बताया जाता है कि सरस्वती नगर चास निवासी विनोद सिंह ने जमीन का कारोबारी है और जमीन विवाद के कारण इस घटना को अंजाम दिया गया है। पुलिस इस मामले की जांच मे जुट गई है। इधर पुलिस का कहना है कि मामला संदेह हास्पद है, फिल्हाल मामले कि जांच की जा रही है। वहीँ विनोद सिंह ने पुलिस को बताया कि एक जमीन के मामले को लेकर राजीव रंजन सिंह से उनका विवाद चल रहा है। वह मेरी जमीन हड़पना चाहता है और इसके गुंडे के रूप में बाबू खान ,मिथिलेश चौधरी और कुख्यात अपराधी शाहनवाज उसके साथ मिलकर इस तरह की हरकत कर रहे हैं। विनोद ने पुलिस से न्याय की गुहार लगाई है और कहा कि जिस तरह से अपराधी घर में पहुंचकर अपराध की घटना को अंजाम दे रहे हैं। ऐसे में पूरा परिवार दहशत में है। पुलिस का कहना है कि जिस वक्त फायरिंग की घटना को अंजाम दिया गया घर में लगा सीसीटीवी बंद था इसीलिए मामले की जांच की जा रही.

## रोटरी क्लब चास ने चास में चल रही हीट वेव में राहगीरों को राहत देने की उद्देश्य से बाय पास रोड, चास में प्याऊ की व्यवस्था की

### गर्मियों में जल पिलाना परोपकार : संपत

उज्ज्वल दुनिया



चास : प्याऊ का उद्घाटन करते हुए रोटरी क्लब चास की अध्यक्ष ने कहा चास मुख्य बाजार होने के कारण बड़ी संख्या में यहां ग्रामीण खरीददारी करने आते हैं, परंतु भीषण गर्मी में उन्हें पीने के पानी की किल्लत झेलनी पड़ती है। पूजा ने कहा अब उन्हें परेशानी नही होगी। समाजसेवी संपत मल ने प्याऊ का शुभारंभ करते हुए जन-उपयोगी सेवा के लिए रोटरी क्लब चास की भूरी भूरी प्रशंसा करते हुए प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम के संयोजक धनेश बंका ने कहा की तेज धूप और गर्मी से परेशान लोगों को पीने के पानी के लिए इधर-उधर नहीं भटकना पड़ेगा। धनेश ने कहा कि अब राहगीरों को मटके का ठंडा पानी पीने को मिलेगा और उनका गला तर होगा। रोटरी क्लब चास की सचिव डिंपल कौर ने कहा कि रोटरी क्लब अपने कर्तव्य का पालन कर पथिको की सेवा कार्य कर रही है। डिंपल ने बताया कि यह अस्थाई प्याऊ गर्मी भर लोगों की सेवा के लिए तत्पर रहेगा।

कार्यक्रम को सफल बनाने में संजय बैद,मंजीत सिंह,बिनोद चोपड़ा,आनंद अग्रवाल,गणेश महतो,धनंजय शर्मा का महत्वपूर्ण योगदान रहा.

# भाजपा बस्ताकोला मंडल बूथ स्तरीय परिचयात्मक बैठक संपन्न

उज्ज्वल दुनिया




झरिया : झरिया के बस्तकोला स्थित माखन मटका भवन में भाजपा का शनिवार को बस्ताकोला मंडल बूथ स्तरीय परिचयात्मक बैठक संपन्न हुई। बैठक में मुख्य रूप से भाजपा प्रत्याशी ढुलू महतो , भाजपा कार्यसमिति सदस्य रागनी सिंह मुख्य रूप से उपस्थित हुई। बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष संतोष शर्मा ने किया, जबकि संचालन महामंत्री तरुण राय व धन्यवाद ज्ञापन संतोष रवानी ने किया। भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रागनी सिंह ने मंच से संबोधित करते हुए कहा कि आज देश में मोदी सरकार की उपलब्धियां के आगे विपक्ष बिल्कुल विफल है। मोदी सरकार ने बहन बेटी को सुरक्षित करने के साथ-साथ युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने, किसानों को किसान सम्मान निधि देने, खासकर महिलाओं को इज्जत घर, मुफ्त बिजली मकान आदि अनेकों सुविधा देने का काम किया है। मोदी सरकार ने 10 साल में वो सब करके दिखाया है जो 70 साल में पिछली सरकार नहीं सोच पाई। इसलिए देश में तीसरी बार भी नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाना है। वही बात जब धनबाद लोकसभा क्षेत्र की हो तो हमे हमारे देश के प्रधानमन्त्री नरेंद्र मोदी का काम और कमल के निशान को याद करते हुए मतदान के दौरान बटन दबाकर धनबाद में फिर एकबार कमल खिलाना है। झरिया में पिछले लोकसभा चुनाव से बढ़कर वोट मिलेगा। भाजपा को वोट देकर नरेंद्र मोदी के हाथों को मजबूत करना है। और 400 पार का लक्ष्य हासिल करना है ताकि देश का सर्वांगीण विकास हो सके और आने वाले समय में ऐतिहासिक निर्णय लिया जा सके। वही भाजपा प्रत्याशी ढुलू महतो ने कहा कि नरेंद्र मोदी के जनहितकारी कार्यों को जन जन तक पहुंचाना एक एक कार्यकर्ता का दायित्व है।

अगर जनता का काम नहीं सका तो चुनाव में चेहरा दिखाने नहीं आउंगा। कहा आम कार्यकर्ता को भाजपा ने टिकट दिया है। कांग्रेस परिवारवाद की पार्टी है। इसलिए पति विधायक तो पत्नी को टिकट दिलवा दिया गया। यह गरीब और एक राजकुमार की लड़ाई है।

भाजपा नेत्री रागिनी सिंह ने कहा कि मोदी जी ने सैंकड़ों विकास कार्य किए हैं उन्हें जन जन तक पहुंचाना है। झरिया विधानसभा संयोजक राजकुमार अग्रवाल ने कहा कि पार्टी कार्यकर्ता बूथ स्तर पर लगे हैं, उन्ही के बदौलत ही पार्टी का परचम लहराता है। जिलाध्यक्ष श्रवण राय ने कहा कि अफवाह पर ध्यान न देते हुए भाजपा को वोट देना है। ढुलू महतो को जिताकर संसद भेजें। बैठक में मुख्य रूप से प्रदेश मंत्री सरोज सिंह, योगेंद्र यादव, राजकिशोर जेना, राम बालक सिंह, संतोष सिंह, उमेश यादव, रिंकू शर्मा, संजय रवानी, रामदेव शर्मा, काजू राय, रूपेश गुप्ता, भोलानाथ गोस्वामी, कौशल वर्मा, अनित सिंह, मनोज गोप, पप्पू पासवान, राजू रविदास, प्रेम गोप, रंजीत दास, बिपिन मंडल, मधेसर चंद्रवंशी, राहुल गुप्ता, अध्यक्ष कुंदन यादव, प्रतिमा गिरी, टुम्पा सरकार, शोभा देवी, बबलू सिंह, देशराज चौहान, उपेंद्र सिंह, गोपाल यादव, आकाश पासवान, राजकुमार राम मीडिया प्रभारी बप्पी बाउरी उपस्थित थे।

## दक्षिणी टुंडी आसानडाबर स्थित लालमणि वृद्धा सेवा आश्रम में स्व.रागिनी श्रीवास्तव की चौथी पुण्यतिथि पर दी श्रद्धांजलि



टुंडी टुंडी प्रखण्ड के दक्षिणी टुंडी अंतर्गत आसानडाबर स्थित लालमणि वृद्धा सेवाआश्रम व संबलपुर स्थित सहयोगी नगर सेक्टर 3 स्थित ओल्ड एज होम में शनिवार को अपना घर में स्व.रागिनी श्रीवास्तव के तैलचित्र पर पुष्पअर्पण, माल्यार्पण, श्रद्धा से नमन प्रार्थना कर और दोनों आश्रमों के बुजुर्गों की भरपूर सेवा सत्कार कर मनाया गया । आश्रम के समस्त बुजुर्गों एवं स्व. रागिनी श्रीवास्तव के पति राजकुमार श्रीवास्तव तथा उनके परिजनों ने उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। इस अवसर पर आश्रम में वृद्धजनों के लिए स्वादिष्ट भोजन की व्यवस्था की गई थी । मौके पर स्व. रागिनी श्रीवास्तव के पति राजकुमार श्रीवास्तव ने बताया कि पत्नी की पुण्यतिथि पर बुजुर्गों की आश्रम आकर सेवा सम्मान व शांति प्रार्थना की गई जिससे हम सभी पूरे परिवार को बहुत ही आत्मिक व हार्दिक संतुष्टि मिली है और सबसे बहुमूल्य इन बुजुर्गों का ढेर सारा आत्मिक आशीर्वाद मेरे पूरे परिवार को मिला। ओल्ड एज होम में शांति प्रार्थना के पश्चात स्व रागिनी श्रीवास्तव के पति राजकुमार श्रीवास्तव, ससुर परमेश्वर श्रीवास्तव, देवर बसंत श्रीवास्तव, देवरानी मंजुला, पिंकी सिन्हा एवं लाली सिन्हा ने बुजुर्गों को अपने हाथों से भोजन परोसकर उनकी सुध बुध लेकर आसानडाबर स्थित लालमणि वृद्धा सेवा आश्रम गए और वहां भी सभी बुजुर्गों का सेवा सत्कार कर आशीर्वाद लिया। पुण्यतिथि में आश्रम के अध्यक्ष नौशाद गद्दी ने राजकुमार श्रीवास्तव का धन्यवाद देकर आभार प्रकट किया और कहा इस तरह के महत्वपूर्ण पारिवारिक अनुष्ठान आश्रम में बुजुर्गों के बीच में मनाने से सभी बुजुर्गों को अपनापन, प्यार, काफी शकून और मदद मिलती हैं। साथ ही बुजुर्गों को जीवन के अंतिम पड़ाव में इस तरह का स्नेह से मनोबल मजबूत होता है साथ ही हमें 50 से अधिक बुजुर्गों वाले आश्रम के संचालन में हिम्मत मिलती है। आश्रम में बुजुर्गों की सेवा व्यवस्था में आश्रम सदस्य ओंकार मिश्रा सक्रिय थे।

# अंतरराष्ट्रीय संस्कृत ओलंपियाड में डीपीएस बोकारो का ऐतिहासिक प्रदर्शन

- सर्वाधिक 85 विद्यार्थियों ने मारी बाजी, 6 को इंटरनेशनल रैंक 1 तो 34 ने जीते स्वर्ण


उज्ज्वल दुनिया



बोकारो : दिल्ली पब्लिक स्कूल (डीपीएस) बोकारो के विद्यार्थियों ने एक बार फिर अपनी कुशल मेधाविता का लोहा मनवाया है। इंटरनेशनल ओलंपियाड फाउंडेशन (आईओएफ) की ओर से आयोजित अंतरराष्ट्रीय संस्कृत ओलंपियाड में विद्यालय का ऐतिहासिक प्रदर्शन रहा। प्रतियोगिता में पहली बार सर्वाधिक 85 छात्र-छात्राओं ने शानदार सफलता दर्ज की है। खास बात यह कि छह विद्यार्थियों ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रैंक 1 पाई है और तीन को जोनल रैंक 1 मिली। इन्हें मिलाकर कुल 34 विद्यार्थियों ने स्वर्ण पदक जीतकर अपने विद्यालय, बोकारो शहर एवं झारखंड का नाम गौरवान्वित किया है। इंटरनेशनल रैंक -1 पाने वालों में कक्षा छह से अदिरा दीप, सातवीं कक्षा के उज्ज्वल पांडेय, आराध्या सिंह एवं अवनी प्रियदर्शी तथा कक्षा 10 की प्राप्ति दास एवं अमोघ आनंद झा के नाम शामिल हैं। वहीं, कक्षा 8 के ओम प्रकाश पात्रा व संस्कृत सिंह तथा नौवीं कक्षा के छात्र कुणाल आनंद ने जोनल रैंक 1 हासिल की है। इन्हें गोल्ड मेडल, गोल्ड बैज, ट्रॉफी और सर्टिफिकेट मिले हैं। इन विद्यार्थियों के अलावा प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक व गोल्ड बैज जीतने वालों में कक्षा 6 के कुंवर शौर्य व शशांक, कक्षा 7 से ऋध्वि, काव्या, आदित्य लाल, वंश राजवेद, अभिनीत महापात्रा, अक्षरा सिंह, शारदा नंदिनी व आरुष कुमार सिन्हा, कक्षा 8 से सौमिली मंडल, आयुषी श्री, अभिनव मंडल एवं पलक प्रिया, कक्षा 9 के अनिमेष आनंद, कक्षा 10 से अनुष्का प्रिया, मन्नत मनीष, आर्या सिंह, आरव यश, अर्पिता आर्या, तान्या श्री, शगुन वर्मा, शिप्रा सिंह, ऋद्धिम गुप्ता एवं आव्या सिंह के नाम शामिल हैं। इसी प्रकार, उक्त प्रतियोगिता में 36 छात्र-छात्राओं ने रजत पदक व बैज जीते हैं। इनमें कक्षा 6 से संस्कृति, शीतल सामंत सेंगर, श्रेयांश नयन, आराध्या मिश्रा, शौर्य शांडिल्य, अभिज्ञान, नैतिक कुमार, सरित चक्रवर्ती, अगस्त्या आरव व स्वप्निल खेमका, कक्षा 7 से ट्यूलिप सौम्या, अक्षिता आर्या, यशस्वी पार्थ, आशीष, एंजेल, अनीष राज, कक्षा 8 की पहल लता, अनुष्का, श्वेत सान्वी, कृष कृष्णा, सृष्टि गोराईं, ऋषभ राज एवं आर्यमन आशीष, कक्षा 9 के क्षितिज राज, मीनाक्षी तनु, राजेश कुमार बेहरा, विष्णुश्री प्रिय, रूही, अदिति प्रिया, वीर शांडिल्य व सार्थक तिवारी कक्षा 10 के आदित्य राज, ईशान गौरव, अनुपम आनंद, आयुष केसरी एवं मयंक के नाम शामिल हैं। जबकि, 15 विद्यार्थियों ने ब्रॉन्ज (कांस्य) मेडल व बैज जीते, जिनमें कक्षा 6 के तेजस खेमका व अभिनव भास्कर, कक्षा 7 की आरुषी, कक्षा 8 के कुशाग्र राज, नौवीं कक्षा के आयुष ओम दास, स्वरा सुशील कोहाडे, जय सात्विक मेदिरेड्डी, सक्षम, आस्था सिंह, श्रेया श्री, विद्या स्मृति, आर्यना रॉय, अक्षत सिंह व श्रेयस शेखर तथा कक्षा 10 के आदित्य अनुकूल शामिल हैं।

शनिवार को विद्यालय में आयोजित एक स्पेशल एसेंबली के दौरान विद्यालय के प्राचार्य डॉ. ए एस गंगवार ने सभी सफल छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने देवभाषा संस्कृत की ऐतिहासिक, पौराणिक, सांस्कृतिक और वैश्विक महत्ता पर प्रकाश डालते हुए संस्कृत की उक्त अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में विद्यार्थियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन पर संतोष व्यक्त किया। साथ ही, भविष्य में भी लगन व परिश्रम के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा दी.

## टुण्डी प्रखण्ड अंतर्गत प्रखण्ड मुख्यालय के सभागार में शनिवार को एक विशेष बैठक रखा गया



टुण्डी : टुण्डी प्रखण्ड अंतर्गत प्रखण्ड मुख्यालय के सभागार में शनिवार को एक विशेष बैठक रखा गया था जिसकी अध्यक्षता टुंडी बीडीओ शैलेन्द्र कुमार चौरसिया ने किया इस दौरान कहा की मतदान के दौरान भीषण गर्मी को देखते हुए पंचायत सेवक ओर मुखिया अपने अपने पंचायत के हर पोलिंग बूथ पर चुनाव से एक दिन पूर्व से ही एक ड्राम पानी भरा हुआ, दो बाल्टी, पाँच जग, पाँच गद्दा ताकिया सहित उपलब्ध कराने का आदेश दिया इसके अलावे मतदान केंद्रों पर मतदाताओं को तेज धूप में पानी पीने के लिए डिस्पोजेबल गिलास में पानी भी उपलब्ध कराने का आदेश दिया है। ओर उन्होंने कहा की अबुआ आवास योजना के तहत स्वीकृत लभुकों का प्रथम किस्त की राशि बैंक खाते में भेजी गई है एसे लाभूक जो पैसे निकासी कर घर नहीं बना रहे हैं या तो निकासी नहीं किए हैं एसा लाभूक को अबुआ आवास निर्माण कार्य में तेजी लाने का आदेश दिया अगर लाभूक नहीं सुनता है तो संबंधित पदाधिकारी को सूचना देने को कहा ताकि लोकसभा चुनाव खत्म होते ही अबुआ आवास की दूसरी सूची का कार्य किया जा सके मौके पर पंचायती राज पदाधिकारी बबलेश कुमार साव, प्रखण्ड समन्वयक गौरी शंकर चौधरी, बरवाटाँड़ पंचायत के सचिव मुन्ना धोबी, करम चंद तुरी, श्रीपति मरांडी, बबलू बनर्जी, शुकदेव प्रसाद गोप, दिनेश हजाम, कोलहर मुखिया विजय मण्डल, कमारडीह मुखिया जय नारायण मण्डल, कटनियाँ मुखिया मंशु रजक, जाताखूंटी मुखिया आशा मुर्मू आदि थे ।

## नम आंखों से दी गई मां दुर्गा की प्रतिमा को विदाई

संवाददाता बरहेटः प्रखंड क्षेत्र के यादव टोला स्थित चैती दुर्गा पूजा धूमधाम से मनाया गया। वही देर रात शुक्रवार को नम आंखों से मां दुर्गा की प्रतिमा की विदाई दी गई। इस दौरान भारी संख्या में लोग विसर्जन में शामिल हुए। वही विसर्जन कार्यक्रम में अंचल अधिकारी चोना राम हेंब्रम, थाना प्रभारी पवन कुमार पुलिस बल की उपस्थिति में मां दुर्गा के प्रतिमा को भ्रमण कराया गया। जहां बरहेट बाजार, गुप्ता टोला के अलावा अन्य चौक चौराहा से होकर मां दुर्गा के प्रतिमा गुजरा। इस दौरान भक्तों ने जय मां दुर्गा के नारे लगाए साथ ही साथ लोगों ने पूजा अर्चना कर आशीर्वाद मांगी। वही मां दुर्गा की प्रतिमा को भूतेश्वर नाथ मंदिर किनारे स्थित नदी पर विसर्जित कर दिया। इस मौके पर प्रिंस गुप्ता, सोनू गुप्ता, गब्बर गुप्ता के अलावा अन्य मौजूद थे।

## बोल्डर हटाने के दौरान चोट लगने से युवक हुआ घायल, टूटा हाथ



संवादाता बरहेटः थाना क्षेत्र के रोहडा गांव में बोल्डर हटाने के दौरान एक मजदूर युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। वही घायल युवक की पहचान प्रधान किस्कू के रूप में हुई है। मिली जानकारी के अनुसार युवक दोपहर को सड़क निर्माण कार्य में लगे बोल्डर को हटा करके गाड़ी में लोड कर रहा था तभी अचानक बोल्डर खिसक गया और मजदूर युवक के हाथ पर जा गिरा। उधर घटना की जानकारी परिजनों को मिलते ही घटनास्थल पर पहुंचे जिसके बाद उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरहेट लाया गया जहां डॉक्टर संतोष टुडू ने प्राथमिक उपचार किया। उधर घायल युवक की गंभीर स्थिति को देखते हुए फौरन बेहतर इलाज हेतु हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। जहां परिजन घायल युवक को सदर अस्पताल लेकर पहुंचे जहां ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक डॉ. मोहन मुर्मू ने मजदूर युवक का इलाज किया।

## ट्रेन की चपेट में आने से वृद्ध महिला की हुई दर्दनाक मौत

राजमहल संवाददाताः शनिवार को राजमहल तीनपहाड़ पैसेंजर ट्रेन की चपेट में आने से एक वृद्ध महिला की मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार जैसे ही राजमहल से ट्रेन संख्या 03472 स्टेशन से खुली पोल संख्या 11/11 के समीप प्लेटफार्म के दूसरी ओर रेलवे ट्रैक में एक वृद्ध महिला किसी तरह ट्रेन के चपेट में आ गई जिसकी मौके पर ही मौत हो गई। उधर सूचना मिलते ही सहायक स्टेशन मास्टर रूपक कुमार द्वारा घटना की सूचना बरहरवा जीआरपी को दिया गया। इसको लेकर एएसएम रूपक कुमार ने बताया कि वृद्ध महिला की उम्र लगभग 60 वर्ष होने का अनुमान लगाया गया है जिसकी पहचान अभी तक नहीं हो पाया है। उधर रेलवे ट्रैक में शव पड़े रहने के कारण तीनपहाड़ की ओर से आने वाली ट्रेन संख्या 03471 बाधित रही तथा सूचना मिलते ही बरहरवा जीआरपी की टीम पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया तथा ट्रेन को सुचारू रूप से चालू किया गया। फिलहाल मामले को लेकर युडी केस दर्ज कर लिया गया है।

## दसवीं के परीक्षा में जिला टॉपर आने वाले सुमित को किया गया सम्मानित



राजमहल संवाददाताः झारखंड बोर्ड दसवीं 2024 की परीक्षा में साहिबगंज जिला टॉपर राजमहल नया बाजार निवासी शंकर चौधरी के पुत्र सुमित कुमार चौधरी ने फुल मार्क 500 में 477 अंक (95.40%) लाकर जिला का नाम रौशन किया है। जिसको लेकर भाजपा युवा नेता सह समाजसेवी पंकज घोष ने सर्वप्रथम सुमित के घर पहुंच उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उसे मिठाई खिलाया व मोमेंटो देकर शॉल ओढ़ाया तथा उत्साहवर्धन किया। इस मौके पर श्री घोष ने शुभकामनाएं देते हुए कहा कि विषम परिस्थिति में भी सीमित संसाधन के माध्यम से सुमित ने राजमहल प्रखंड क्षेत्र में एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है जो काफी प्रशंसनीय है। उधर टॉपर सुमित के पिता आटा चक्की चलाकर जीविकोपार्जन करते हैं।

## लोकसभा चुनाव को लेकर सजग रहे सभी पुलिस पदाधिकारीः कुमार गौरव, एसपी



साहिबगंजः पुलिस लाईन स्थित पुलिस अधीक्षक कार्यालय में शनिवार को एसपी कुमार गौरव ने सभी पुलिस पदाधिकारियों व थाना प्रभारियों के साथ मासिक अपराध नियंत्रण गोष्ठी की समीक्षा बैठक की। जहां उन्होंने सभी थाना प्रभारियों को अपराध पर नियंत्रण के लिए रात्रि गश्ती बढ़ाने का निर्देश दिया। साथ ही नशीले पदार्थों की बिक्री रोकने के लिए कारगर कदम उठाने को कहा। वही चोरी की पुरानी घटनाओं में लिप्त आरोपियों का डाटा तैयार कर उन पर विशेष नजर रखने और थानों में लंबित कांडों का जल्द निष्पादन करने का निर्देश दिया। आगे उन्होंने वारंटियों को गिरफ्तार करने, वाहन जांच में तेजी लाने, अवैध लॉटरी, जुआ, अवैध पत्थर बालू खनन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने का भी निर्देश दिया। वहीं बैठक में लोकसभा चुनाव को लेकर सीआरपीएफ के कंपनी कमांडर के साथ भी बैठक करते हुए कई विषयों पर चर्चा की। इस मौके पर सदर एसडीपीओ किशोर तिर्की, बड़हरवा एसडीपीओ, राजमहल एसडीपीओ, नगर थाना इंस्पेक्टर समेत सभी थाना प्रभारी उपस्थित थे।

## जेएमएम नेता प्रो. नजरूल इस्लाम पहुंचे नगर थाना, लिखित में रखा अपना पक्ष



साहिबगंजः बीते दिनों 14 अप्रैल 2024 को बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर रेलवे स्टेशन चौक मोड़ पर झारखंड मुक्ति मोर्चा जिला कमिटी के द्वारा संविधान बचाओ और केंद्र सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया जा रहा था कि प्रदर्शन में जेएमएम नेता प्रो. नजरूल इस्लाम के द्वारा पीएम मोदी के खिलाफ आपत्तिजनक बयान दे दिया गया था। जहां इस मामले को लेकर सदर बीडीओ सुबोध कुमार के बयान पर झामुमो नेता प्रो. नजरूल इस्लाम के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। उधर इसी मामले में झारखंड मुक्ति मोर्चा के जिलाध्यक्ष शाहजहां अंसारी के नेतृत्व में कई नेता व कार्यकर्ता शनिवार को नगर थाना पहुंचे और अपना बयान दर्ज कराया।

# बेटी की बारात आने से पहले उठ गई पिता की अर्थी

### शादी का कार्ड बांटने के लिए गए पिता की सड़क हादसे में हुई मौत, खुशियां मातम में तब्दील

उज्जवल दुनिया संवाददाता



साहिबगंजः तालझारी थाना क्षेत्र के झरना टोला निवासी व्यक्ति शिबू तुरी पिता राम किशुन तुरी शनिवार को अपनी बड़ी बेटी झूमा कुमारी की शादी का कार्ड बांटने के लिए अपने एक परिचित दोस्त उपिन राय उर्फ उपेंद्र राय को साथ लेकर बाईक से बोरियो गया हुआ था। जहां बोरियो थाना क्षेत्र के धोगड़ा गांव के समीप अज्ञात ट्रेलर वाहन ने बाईक सवार दोनों व्यक्ति को टक्कर मारकर मौके पर से फरार हो गया। उधर इस सड़क हादसे में शिबू तुरी के सिर पर गंभीर चोटे आई एवं उपिन राय को हल्की चोट आई जिसके बाद स्थानीय लोगों की मदद से दोनों घायलों को बेहतर इलाज हेतु नजदीकी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बोरियो ले जाया गया जहां प्राथमिक उपचार करने के बाद गंभीर रूप से घायल शिबू तुरी को हायर सेंटर साहिबगंज सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। उधर घटना की जानकारी मिलने के बाद गंभीर रूप से घायल शिबू तुरी का भतीजा अनंत तुरी एवं अन्य उनके जान पहचान के लोग आनन फानन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बोरियो पहुंचे और वहां से दोनों घायलों को 108 एंबुलेंस के जरिए सदर अस्पताल लाया गया जहां ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक डॉ. संजीव प्रसाद ने फौरन शिबू तुरी का इलाज शुरू किया। उधर इलाज के दौरान ही गंभीर रूप से घायल शिबू तुरी की मौत हो गई। वही अन्य घायल व्यक्ति उपिन राय का फिलहाल सदर अस्पताल में इलाज जारी है।

**22 अप्रैल को जानी थी भतीजे की बारात व 26 को आनी थी बेटी की बारात**

उधर जिस घर में शादी की खुशियों की गीत बज रहे थे उस घर में अचानक मातम छा गया।

मिली जानकारी अनुसार शिबू तुरी के बड़े भाई सुकरा तुरी उर्फ गोविंद तुरी के बेटे अनुज तुरी की आज हल्दी की रस्म अदायगी का कार्यक्रम चल रहा था जिसकी शादी 22 अप्रैल को होना तय था। वही सड़क हादसे में मौत हुए शिबू तुरी की बड़ी बेटी झूमा कुमारी का भी शादी 26 अप्रैल को होना तय था जिसका बारात बोआरीजोर से आनी थी मगर होनी को कुछ और ही मंजूर था जहां बेटी की डोली उठने से पहले ही पिता की अर्थी उठ गई।

उधर इस दर्दनाक हादसे में हुई मौत से पूरे परिवार के लोगों पर गमों का पहाड़ टूट पड़ा है। उधर सदर अस्पताल में जिरवाबाड़ी थाना क्षेत्र की पुलिस ने शव को कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम की प्रकिया करवाने में जुट गई थी।

## दहेज की खातिर विवाहिता महिला को ससुराल वालों ने उतारा मौत के घाट, परिजनों ने लगाया ससुराल पक्ष पर आरोप



उज्जवल दुनिया संवाददाता

साहिबगंजः जिरवाबाड़ी थाना क्षेत्र के बोहा मोड़ सकरीगली में एक विवाहिता महिला को ससुराल पक्ष के लोगों ने दहेज के खातिर फांसी पर फंदे पर लटका कर जान से मार देने का मामला सामने आया है। जहां इसको लेकर मृतका करिश्मा कुमारी की मां मीरा देवी ने बताया कि उसने अपनी बेटी की शादी 3 साल पहले बोहा मोड़ निवासी राजन कुमार सिंह के साथ बड़े ही धूमधाम व दान दहेज देकर करवाई थी। वही शादी के बाद से ही उसकी बेटी के ससुराल पक्ष के लोग आए दिन उसकी बेटी के साथ और दहेज लाने की बात को लेकर मारपीट किया करते थे। उधर शनिवार की सुबह उसे बेटी के ससुराल के आसपास के लोगों ने जानकारी दी कि उसकी बेटी को उसके ससुराल वालों ने दहेज के खातिर जान से मारकर फांसी पर लटका दिया है। जहां ऐसी सूचना मिलने पर मृतका विवाहिता महिला के परिजन उसके ससुराल पहुंचे तो पाया कि उसकी बेटी का शव घर के टाटी में साड़ी के फंदे पर लटका हुआ पड़ा है जिसके बाद इसकी सूचना जिरवाबाड़ी थाना क्षेत्र की पुलिस को दी गई। उधर सूचना मिलने के बाद पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम कराने के लिए सदर अस्पताल लेकर आई। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की गहराई से छानबीन कर रही है। वही घटना के बाद से ससुराल पक्ष के सभी लोग अपने घर से फरार बताए जा रहे हैं।

## सामूहिक दुष्कर्म मामले में फरार चल रहे 4 आरोपी हुए गिरफ्तार

**दुष्कर्म के चार अभियुक्त गुड्डू कुमार, भोला चौधरी, सड़ला चौधरी व अजय कुमार चौधरी उर्फ छोटू चौधरी को राजमहल रेलवे स्टेशन के समीप से गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया**

उज्जवल दुनिया संवाददाता



राजमहल संवाददाताः अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी विमलेश कुमार त्रिपाठी में अपने कार्यालय कक्ष में शनिवार को आयोजित प्रेसवार्ता के दौरान बताया कि राजमहल थाना क्षेत्र में बीते 25 मार्च को विवाहिता महिला के साथ हुए सामूहिक दुष्कर्म के मामले में राजमहल महिला थाना में दर्ज कांड संख्या 1/2024 के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई थी जिसमें चार अभियुक्त गुड्डू कुमार, भोला चौधरी, सड़ला चौधरी व अजय कुमार चौधरी उर्फ छोटू चौधरी को राजमहल रेलवे स्टेशन के समीप से गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। वही उन्होंने बताया कि बीते दिनों तालझारी थाना क्षेत्र की एक विवाहिता महिला ने अपने साथ हुए सामूहिक दुष्कर्म जैसी घटना को लेकर राजमहल महिला थाना में आवेदन देते हुए मामला दर्ज करवाया था। जिसमें पीड़िता महिला ने बयान दिया था कि वो अपनी गोतनी के साथ फसल की रखवाली करने के लिए बासा में सोई हुई थी कि तभी मुफस्सिल थाना क्षेत्र के मकैया टोला निवासी चारों आरोपी वहां पहुंचे और बारी बारी से उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म जैसी घटना को अंजाम देकर फरार हो गए। इस छापेमारी दल में राजमहल थाना प्रभारी गुलाम सरवर तथा थाना रिजर्व गार्ड शामिल थे।

## देशी कट्टा के साथ 1 युवक हुआ गिरफ्तार, भेजा गया जेल



उधवा संवाददाताः अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी विमलेश कुमार त्रिपाठी में अपने कार्यालय कक्ष में शनिवार को आयोजित प्रेसवार्ता के दौरान बताया कि शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव को गुप्त सूचना प्राप्त हुई थी कि राधानगर थाना क्षेत्र अन्तर्गत ग्राम जंगलपाड़ा, उधवा के शिव कुमार मंडल पिता मानिक मंडल अपने घर पर देशी कट्टा रखे हुए है एवं छोटी मोटी बातों पर आसपास के लोगों को जान से मार देने की धमकी भी देते रहता है जिससे इलाके के लोगों में डर एवं भय का माहौल बना हुआ है। उधर प्राप्त सूचना के आधार पर एक छापामारी दल का गठन किया गया तथा सूचना के सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु छापामारी दल के द्वारा ग्राम जंगलपाड़ा, उधवा पहुँचकर छापामारी की गई। जहां छापामारी के क्रम में युवक शिव कुमार मंडल को पकड़ा गया जिसके निशानदेही पर उसके घर से एक देशी कट्टा बरामद किया गया। उधर अवैध हथियार के साथ गिरफ्तार युवक को विधिवत गिरफ्तार किया गया एवं राधानगर थाना काण्ड संख्या 59/24 के आर्म्स एक्ट अन्तर्गत काण्ड दर्ज कर अनुसंधान किया जा रहा है। वही गिरफ्तार अभियुक्त शिव कुमार मंडल को न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया है। इस छापामारी दल में राधानगर थाना प्रभारी अमित कुमार सोनी, पुअनि रूपेश कुमार यादव, पुअनि हसनैन अंसारी, पुअनि फुलेश्वर कुमार अकेला, आरक्षी विकाश कुमार साहा व मुखलाल प्रसाद दांगी शामिल थे।

## मोटरसाइकिल दुर्घटना में दो लोग हुए घायल

राजमहल संवाददाताः शनिवार को राजमहल उधवा मुख्य मार्ग पर प्रखंड कार्यालय के समीप दो बाइक की टक्कर में दो लोग घायल हो गए। मिली जानकारी के अनुसार राधानगर थाना क्षेत्र के अमानत गांव के निवासी हाजी विसारोत (50) तथा जियाउल हक (42) अपने निजी कार्य पूर्ण कर राजमहल की ओर से अपने घर वापस जा रहा था। उसी दौरान विपरीत दिशा से आ रही मोटरसाईकिल का संतुलन बिगड़ने से टक्कर हो गया जिससे दोनों जख्मी हो गए। उधर दोनो घायल लोगों को बेहतर इलाज के लिए अनुमंडल अस्पताल राजमहल पहुंचे जहां चिकित्सकों ने उक्त घायलों का इलाज किया।

# बोआरीजोर प्रखंड के कई इलाकों में भाजपा प्रत्याशी ताला मरांडी ने चलाया जनसंपर्क अभियान

उज्जवल दुनिया संवाददाता



बोरियोः शनिवार को आगामी लोकसभा चुनाव को देखते हुए बोरियो विधानसभा क्षेत्र के बोआरीजोर प्रखंड के विभिन्न ग्रामों में भाजपा के राजमहल लोकसभा प्रत्याशी ताला मरांडी के द्वारा सघन दौरा एवं जनसंपर्क अभियान राजस्व ग्राम सरैया, बड़ा श्रीपुर, मानिकपुर मांझी टोला, मानिकपुर जाहेर टोला, मोहला, कुलवाह आदि ग्रामों में चलाया गया। जहां इस जनसंपर्क अभियान में आम जनता का भरपूर जन समर्थन एवं आशीर्वाद भाजपा प्रत्याशी ताला मरांडी को प्राप्त हुआ। उधर आम जनता का यही कहना था कि राजमहल लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी ताला मरांडी को भारी मतों से विजय बनाकर देश के यशश्वी प्रधानमन्त्री नरेन्द्र भाई मोदी को फिर से एक बार देश का प्रधानमंत्री बनाना है। अबकी बार 400 सौ पार, फिर एक बार मोदी सरकार को सफल बनाने में सभी लोग समर्थन करते हुए देखे गए।

इस मौके पर भाजपा एसटी मोर्चा जिलाध्यक्ष सलखु सोरेन, गोड्डा जिला एसटी मोर्चा जिलाध्यक्ष प्रबोध सोरेन, एसटी मोर्चा प्रदेश सह कोषाध्यक्ष मनोज सोरेन, भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा प्रखंड अध्यक्ष जाकिर हुसैन, प्रखंड कोषाध्यक्ष सब्बीर अंसारी साथ ही अन्य भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

## चेकनाका पर प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी एवं कर्मी अपने दायित्वों का सख्ती से करें अनुपालन

उज्जवल दुनिया संवाददाता

पाकुड़ः जिला स्तरीय खनन टास्क फोर्स की बैठक उपायुक्त मृत्युंजय कुमार बरणवाल की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित सभाकक्ष में सम्पन्न हुई. उपायुक्त मृत्युंजय कुमार बरणवाल ने अवैध कोयला, अवैध पत्थर, अवैध बालू उठाव, अवैध खनन, अवैध भंडारण के रोकथाम के लिए पूर्व के बैठक में लिए गए निर्णय के अनुपालन की बिन्दुवार समीक्षा करतें हुए जिला खनन पदाधिकारी के द्वारा की गई कार्रवाई का ब्यौरा लिया। साथ ही जिला खनन पदाधिकारी को अवैध खनन करने वालो पर सख्त कार्रवाई करने का निर्देश दिया।संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि चेकपोस्ट पर प्रतिनियुक्त कर्मियों को सख्त निर्देश दिया जाए कि कोई भी अवैध माइनिंग, परिवहन हुआ तो प्रतिनियुक्त कर्मियों पर एफआईआर की जाएगी। उपायुक्त ने अनुमंडल पदाधिकारी, डीटीओ, डीएमओ, सीओ को नियमित क्षेत्रों का भ्रमण कर औचक निरीक्षण करने को कहा। अवैध खनन व परिवहन कार्य में कोई भी लोग संलिप्त पाए जाते हैं तो उसके विरुद्ध त्वरित कार्रवाई करने को कहा। जांच के दौरान कोई भी वाहन ओवरलोडिंग पाए जाते हैं तो, वैसे वाहन मालिक एवं जिस क्रशर से लोडिंग हुआ है, उस क्रशर को भी सील करते हुए समुचित कार्रवाई करना सुनिश्चित करें। साथ ही साथ उपायुक्त ने पदाधिकारियों को यह भी निर्देश दिया कि प्रत्येक दिन विभिन्न क्रशरों में औचक निरीक्षण के साथ छापेमारी अभियान चलाएं। उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक के द्वारा अधिकारियों को जिले के अलग-अलग क्षेत्र में संचालित क्रशर की जांच करने एवं बिना अनुमति अथवा अवैध तरीके से क्रेशर का संचालन करने वालों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज करने एवं तत्काल रूप से अवैध क्रशरों को ध्वस्त करने का निर्देश दिया। इस बैठक में पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार, प्रशिक्षु आईएफएस प्रबल गर्ग, अनुमंडल पदाधिकारी प्रवीण केरकेट्टा, जिला परिवहन पदाधिकारी श्री संजय पीएम कुजूर, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी राहुल कुमार, मुख्यालय डीएसपी जितेन्द्र कुमार आदि थे।

## न्यायालय के आदेश पर दिलाई गई जमीन की दखल

- करीब आठ बीघा जमीन को लेकर 20 वर्षो से चल रहा था विवाद

उज्जवल दुनिया संवाददाता



हिरणपुर(पाकुड़)ः न्यायालय पाकुड़ के आदेश पर शनिवार को बागशिशा पंचायत अंतर्गत धौपहाडी मौजा में स्थित करीब आठ बीघा जमीन को गांव के ही बादल मण्डल को दखल देहानी दिलाई गई। दखल देहानी को लेकर व्यवहार न्यायालय पाकुड़ के द्वारा अंचल निरीक्षक पाकुड़ देवकांत सिंह को दंडाधिकारी प्रतिनियुक्त किया गया था। इस मौजा में स्थित दाग संख्या 87 , 102 ,112 , 230 , 244 , 246, 248, 250, 252, 255 ,260, 272, 274, 275 व 287 में कुल आठ बीघा 14 कट्ठा , 16 धुर जमीन को लेकर बादल मण्डल व जन्मजय मण्डल के बीच वर्ष 2004 से विवाद चल रहा था। उक्त सभी जमीन बाड़ी व धानी है।इसको लेकर न्यायालय के द्वारा वर्ष 2014 को बादल मण्डल के हक में फैसला दिया गया था। इस सम्बंध में अंचल निरीक्षक पाकुड़ ने बताया कि बादल मण्डल व जन्मजय मण्डल के बीच 15 प्लाट में स्थित करीब आठ बीघा जमीन को लेकर विवाद चल रहा था। इसको लेकर बादल मण्डल के पक्ष में फैसला आया था। अनुमंडल पदाधिकारी द्वारा टाइटल केस 3/2014 के तहत दखल देहानी को लेकर आज की तिथि सुनिश्चित किया गया था। बादल मण्डल की मृत्यु हो जाने के कारण इनके पुत्र विकास मण्डल को दखल देहानी दिलाई गई। इस अवसर पर थाना के एसआई अनिल कुमार सिंह सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

## डीसी ने की सड़क सुरक्षा समिति की बैठक

उज्जवल दुनिया संवाददाता




पाकुड़ः शनिवार समाहरणालय स्थित सभागार में उपायुक्त मृत्युंजय कुमार बरणवाल की अध्यक्षता में सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई. बैठक में हुए सड़क दुर्घटनाओं एवं उनके कारणों की विस्तृत समीक्षा की।उपायुक्त ने कहा कि जिला में प्रायः देखा जा रहा है कि हेलमेट एवं सीट बेल्ट का उपयोग वाहन चालक नहीं कर रहे हैं जिससे सड़क दुर्घटनाओं में आए दिन इजाफा हो रहे है और मृत्यु दर भी बढ़ रही है। 18 वर्ष से कम उम्र के बच्चों के द्वारा बाईक एवं अन्य वाहन के विरुद्ध जांच अभियान तेजी से चलाने हेतु पुलिस एवं परिवहन विभाग को सख्त निर्देश दिया गया और सभी विद्यालय स्तर पर वाहन जांच कर ऐसे विद्यार्थियों एवं उनके अभिभावक के ऊपर सख्त कार्रवाई करें। शिक्षा विभाग, पुलिस एवं परिवहन विभाग दोनों आपस में समन्वय स्थापित कर सभी सरकारी एवं गैर सरकारी स्कूल के विद्यार्थियों के बीच जागरूकता अभियान चलाएंगे और 18 वर्ष से कम उम्र के विद्यार्थियों को मोटर वाहन अधिनियम से संबंधित सभी जानकारी देकर जागरूक करेंगे और शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र में हेलमेट को लेकर सख़्ती के साथ अनुपालन कराया जाए एवं कल एक सप्ताह में सभी थाना स्तर पर परिवहन विभाग तीन टीम बनाकर समय बदल बदल का अलग-अलग थाना में हेलमेट एवं चालक अनुज्ञप्ति (ड्राइविंग लाइसेंस) का जांच करेंगे साथ ही सभी थाना स्तर पर कम से कम 100-100 ( प्रतिदिन/प्रति सप्ताह ) मोटरसाइकिल जो हेलमेट एवं बिना ड्राइविंग लाइसेंस का परिचालन करते हैं उसका जांच करेंगे एवं उल्लंघन करने वालों से दंड की राशि वसूल करेंगे। इसको लेकर सभी थाना एवं जिला परिवहन कार्यालय को निर्देश दिया गया। साथ ही जिला के सभी कार्यालय में कार्यालय में कार्य करने वाले सभी कर्मियों को हेलमेट पहनकर ही घर से कार्यालय आने का निर्देश दिया गया। ऐसा करने से आमलोगों में भी हेलमेट पहनने को लेकर जागरुकता आएगी । इसका उल्लंघन करने वालों के ऊपर कार्रवाई करते हुए करते हुए उनके के ऊपर मोटर वाहन अधिनियम अंतर्गत दंड की राशि वसूली की जाएगी। सभी प्रखण्डों में लगातार जांच अभियान चलाकर बढ़ती सड़क दुर्घटना पर अंकुश लगाने का निर्देश दिया गया। जिला सड़क सुरक्षा प्रबंधक के द्वारा सड़क दुर्घटना के एनालिसिस कर बताया गया की जनवरी 2023 से दिसम्बर 2023 तक 71 सड़क दुर्घटना हुआ जिसमें 65 लोगों की मृत्यु हुई एवं वर्ष 2024 में जनवरी 2024 से अप्रैल 2024 कुल 31 सड़क दुर्घटनाएं हुई है जिसमें कुल 29 लोगों की मृत्यु हुई है जिसमें सबसे ज्यादा दो पहिया वाहन चालकों की मृत्यु हुई है। उपायुक्त ने इस मृत्यु दर पर बहुत ही खेद व्यक्त करते हुए इसमें कमी लाने हेतु जिला के सभी संबंधित विभाग के पदाधिकारी को निर्देश दिया।

## बीडीओ ने मतदान को लेकर मतदाताओं के बीच चलाया जागरूकता अभियान

हिरणपुर(पाकुड़)ः आसन्न लोकसभा चुनाव को लेकर प्रशासन द्वारा व्यापक रूप से जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। शनिवार को बीडीओ टुडू दिलीप ने बाबूपुर स्थित बूथ संख्या 140 में जाकर लोगो को जागरूक किया। बीते चुनाव में इस बूथ में मतदान की स्थिति कम रहने को लेकर प्रशासन द्वारा लोगो को जागरूक की जा रही है। बीडीओ ने ग्रामीणों से वार्ता कर शत प्रतिशत मतदान को लेकर लोगो को जागरूक किया। वही उपस्थित लोगों को मतदान को लेकर शपथ दिलाई गई। इसके बाद बीडीओ ने मतदान केंद्र का भी अवलोकन किया। बीडीओ ने जानकारी देते हुए बताया कि मतदाताओं को शत प्रतिशत मतदान को लेकर व्यापक रूप से जागरूक की जा रही है। निर्वाचन में सभी मतदाता मतदान में भागीदारी करे। इसी को लेकर सुदूर क्षेत्रो में भी जाकर मतदाताओं को प्रेरित की जा रही है।

स्वामी वी. आई. इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक विद्या लक्ष्मी द्वारा शिव साई पब्लिकेशन प्रा. लि. , काठी टांड, नियर टेंडर बगीचा, रातू, रांची, झारखंड से मुद्रित एवं एसटी- 663/664, न्यू एसटी चौक, धुर्वा, रांची से प्रकाशित , संपादकः मानवेंद्र कुमार सिंह (खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी), प्रबंध निदेशक मानवेन्द्र कुमार सिंहः 8709022665, RNI No.-JHAHIN/ 2014/ 59794

# सोनीपत: आखिर मां-बच्चे की मौत के आरोप में महिला डॉक्टर-नर्स पर केस दर्ज

सोनीपत,(एजेंसी)

**-कैलाश अस्पताल की डॉक्टर निकिता और एक आशा नर्स के खिलाफ केस दर्ज**

**-खरखौदा में डिलीवरी के दौरान 8 जुलाई 2023 को हुई थी जच्चा-बच्चा की मौत**

सोनीपत के खरखौदा में डिलीवरी के दौरान जच्चा महिला व नवजात बच्चे की मौत के मामले में मेडिकल बोर्ड की जांच में नौ महीने बाद खुलासा हो गया है कि मां-बेटे की जान महिला डॉक्टर की लापरवाही व अस्पताल में चिकित्सा सुविधा के अभाव के कारण हुई। पुलिस ने अब इस केस में कार्रवाई करते हुए डाक्टर व नर्स के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

मेडिकल बोर्ड द्वारा दी गई जांच रिपोर्ट में बताया गया कि महिला के गर्भाशय की ग्रीवा फट गई थी। यह कठिन केस है और इस आपात स्थिति से निपटने के लिए व्यवस्था नहीं थी। इस रिपोर्ट के आधार पर पुलिस ने डॉक्टर व नर्स पर केस दर्ज कर लिया है। रिपोर्ट में अस्पताल की व्यवस्था व लापरवाही पर सवाल उठाए हैं। जच्चा- बच्चा की मौत की जांच मेडिकल बोर्ड के चिकित्सकों ने पुलिस को रिपोर्ट दी है कि दोनों की मौत डॉक्टर की लापरवाही व अस्पताल में पर्याप्त इलाज सुविधा



न होना जिम्मेदार है। महिला की गर्भाशय ग्रीवा फट गई थी। योनि प्रसव के बाद गर्भाशय का टूटना एक दुर्लभ मामला है। मरीज को समझाया गया था। जरूरत पड़ने पर आपातकालीन स्थिति में सिजेरियन की सहमति ली गई थी, लेकिन अस्पताल में सिजेरियन सेक्शन, पीपीएच प्रबंधन की सुविधा नहीं थी।

**जांच में चिकित्सकीय लापरवाही के दोषी करार**

पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट के अनुसार मरीज की मृत्यु प्रसवोत्तर रक्तस्राव और उसकी जटिलताओं के कारण हुई। इलाज कर रही डॉ. निकिता और कैलाश अस्पताल उच्च जोखिम गर्भावस्था और पीपीएच की जटिलता का उचित प्रबंधन नहीं करने के लिए चिकित्सकीय लापरवाही के दोषी हैं। कैलाश अस्पताल में सामान्य प्रसव से संबंधित किसी भी आपात स्थिति के प्रबंधन के लिए पैनल पर उचित ऑप्रेशन थिएटर और स्त्री रोग विशेषज्ञ, सर्जन,बाल रोग विशेषज्ञ नहीं हैं।

खरखौदा शहर के वार्ड 15 में एकता चौक निवासी लक्ष्मी उर्फ रीना पत्नी नवीन सैनी को 7 जुलाई 2023 को डिलीवरी के लिए शहर के कैलाश अस्पताल में भर्ती करवाया गया था। रीना ने देर रात 11 बजे एक बच्चे को जन्म दिया था,लेकिन पैदा हुए बच्चे की कुछ देर बाद ही मौत हो गई। डॉक्टरों ने रीना को पीजीआई रोहतक रेफर कर दिया। वहां जांच के बाद चिकित्सकों ने रीना को मृत घोषित कर दिया गया। थाना खरखौदा के एएसआई मुनीष ने बताया कि जच्चा-बच्चा की मौत के लगभग नौ महीने बाद नवीन की शिकायत के आधार पर कैलाश अस्पताल की डॉक्टर निकिता और एक आशा नर्स के खिलाफ केस दर्ज किया है। आरोपियों की जल्द ही गिरफ्तारी की जाएगी।

## समृद्ध, टिकाऊ और न्यायसंगत भविष्य बनाने के लिए कंप्यूटिंग और डेटा विश्लेषण की तकनीक का करें उपयोग : प्रो. जोशी

**ऋषिकेश,(एजेंसी)**। श्रीदेव सुमन उत्तराखंड विश्वविद्यालय के पंडित ललित मोहन शर्मा परिसर ऋषिकेश में आयोजित ₹संचार, कंप्यूटिंग और डेटा एनालिटिक्स के प्रतिमान₹ विषयक दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय कांफ्रेंस का उद्घाटन विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. एन के जोशी ने किया।

शनिवार को उद्घाटन सत्र में प्रतिभागियों से विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. जोशी ने कहा कि इस सम्मेलन के विषय संचार, कंप्यूटिंग और डेटा विश्लेषण, तकनीकी नवाचार और सामाजिक परिवर्तन में वर्तमान परिदृश्य में सबसे आगे हैं। आज की परस्पर जुड़ी दुनिया में, प्रभावी ढंग से संचार करने, डेटा की शक्ति का उपयोग करने और कंप्यूटिंग प्रौद्योगिकियों का लाभ उठाने की क्षमता पहले से कहीं अधिक महत्वपूर्ण है। नए प्रतिमानों की खोज करके हमारे पास सकारात्मक बदलाव लाने और भावी पीढ़ियों के लिए एक बेहतर दुनिया बनाने का अवसर है।

उन्होंने कहा कि इन प्रगतियों के साथ उद्योगों में क्रांति लाने, समाज में बदलाव लाने और दुनिया भर में लोगों के जीवन में सुधार लाने के अवसर तथा नवीन समाधान, नैतिक विचारों और अंतःविषय सहयोग की मांग सम्बन्धी चुनौतियां भी आती हैं। उन्होंने शोधार्थियों से कहा कि हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि तकनीकी के विस्तार के साथ बड़ी जिम्मेदारी भी आती है। जैसे-जैसे हम बड़े डेटा, कृत्रिम बुद्धिमत्ता और डिजिटल संचार के क्षेत्र में गहराई से उतरते हैं, हमें नैतिकता, गोपनीयता और सामाजिक न्याय के सतर्क संरक्षक बने रहना चाहिए। हमें यह सुनिश्चित करना चाहिए कि हमारे नवाचार अधिक से अधिक लोगों का भला करें और किसी को भी पीछे न छोड़ें। हम सभी के लिए अधिक समृद्ध, टिकाऊ और न्यायसंगत भविष्य बनाने के लिए संचार, कंप्यूटिंग और डेटा विश्लेषण की शक्ति का उपयोग करें। उन्होंने आयोजक समिति को सफल कांफ्रेंस के आयोजन के लिए बधाई दी।परिसर निदेशक प्रो महावीर सिंह रावत ने कहा कि यह सम्मेलन नवाचार, सहयोग और परिवर्तनकारी परिवर्तन के लिए उत्प्रेरक बनेगा। उन्होंने शोधार्थियों से इस अवसर का अधिक लाभ उठाने की अपील की। उन्होंने परिसर में आधुनिक महत्वपूर्ण विषय पर अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी आयोजित होने पर प्रसन्नता व्यक्त की।कांफ्रेंस के आयोजक सचिव गणित विभाग के डॉ गौरव वार्ष्णेय ने उद्घाटन सत्र में उपस्थित सभी अतिथियों तथा प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए कांफ्रेंस में आयोजित होने वाले विभिन्न सत्रों की जानकारी दी।

## छत्तीसगढ़ में भीषण गर्मी पड़नी शुरू,डोंगरगढ़ में तापमान 44.8 डिग्री सेल्सियस

**रायपुर, (एजेंसी)**।प्रदेश में भीषण गर्मी पड़नी शुरू हो गई है। पारा 44.8 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। दोपहर की तपती धूप के साथ ही रात के तापमान में भी बढ़ोतरी हो गई है।शुक्रवार को रायपुर का मौसम शुष्क था।मौसम केंद्र के अनुसार प्रदेश में सबसे अधिक तापमान डोंगरगढ़ में 44.8 डिग्री सेल्सियस था।

मौसम विभाग के अनुसार अगले 3 से 4 दिनों तक फिर बारिश की संभावना जताई जा रही है। वहीं प्रदेश के कुछ क्षेत्रों में गरज चमक के साथ अंधड़ चलने, बारिश होने व बिजली गिरने की संभावना है।

जानकारी के अनुसार शुक्रवार को रायपुर में अधिकतम तापमान42.8 डिग्री सेल्सियस , माना में 42, बिलासपुर में 42.4, पेण्ड्रारोड में 41.3, अंबिकापुर में 40.5, जगदलपुर में 41.8, दुर्ग में 42.6



और राजनांदगांव में 43 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। पिछली रात रायपुर का न्यूनतम तापमान 25.7 डिग्री सेल्सियस था। मौसम केंद्र के मुताबिक शुक्रवार को रायपुर व बस्तर संभाग में कुछ स्थानों पर ग्राम हवायें चली।

विभाग ने जानकारी दी है कि एक पश्चिमी विक्षोभ पूर्व और उत्तर में स्थित है। एक ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण मराठवाड़ा और उसके आसपास 0.9 ऊंचाई तक विस्तारित है। जिसकी वजह से छत्तीसगढ़ में 20 अप्रैल को मौसम फिर बदल सकता है। जिससे कि अगले 3 से 4 दिनों तक फिर बारिश की संभावना जताई जा रही है। वहीं प्रदेश के कुछ क्षेत्रों में गरज चमक के साथ अंधड़ चलने व बिजली गिरने की संभावना है। प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में अंधड़ चलने के साथ ही बारिश भी होगी। दक्षिण छत्तीसगढ़ में तापमान में गिरावट हो सकती है।

## बीकेटीसी अध्यक्ष अजेंद्र ने केदारनाथ धाम के वेदपाठी मृत्युंजय के निधन पर जताया शोक

**देहरादून, (एजेंसी)**। बदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति (बीकेटीसी) अध्यक्ष अजेंद्र अजय ने केदारनाथ धाम में वेदपाठी का कार्य संभाल रहे मृत्युंजय हीरेमठ (31) के आकस्मिक निधन पर शोक-संवेदना जताया है।

शुक्रवार देर शाम को मृत्युंजय हीरेमठ का हृदयघात से आकस्मिक निधन हो गया था। आज उन्हें मंदाकिनी तट पर समाधि दी गयी। श्री बदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति (बीकेटीसी)में शोक की लहर है। अजेंद्र अजेय ने कहा कि मृत्युंजय हीरेमठ ने हमेशा निष्ठा और सेवा भाव से कार्य किया और सोशल मीडिया में उनके शिव भक्ति स्त्रोत, भजन और लय पूर्ण गायन लोकप्रिय रहे। उनके निधन से मंदिर समिति को अपूर्णीय क्षति हुई है।


दक्षिण भारत के जंगम शैव समुदाय से ताल्लुक रखने वाले मृत्युंजय हीरेमठ अविवाहित थे। उनका परिवार अब स्थायी रूप से उखीमठ (रुद्रप्रयाग) में ही निवास करता है। उनके पिता गुरुलिंग भी केदारनाथ धाम के पुजारी के रूप में सेवा दे चुके है। उनके बड़े भाई शिवशंकर लिंग मंदिर समिति केदारनाथ प्रतिष्ठान में पुजारी के पद पर हैं। मृत्युंजय शिव स्त्रोतम् सहित, भगवान भोले नाथ के भजनों का लयवद्ध गायन करते थे। सोशल मीडिया में उनके भजनों को काफी प्रशंसा भी मिली।

बीकेटीसी मीडिया प्रभारी डा. हरीश गौड़ ने बताया कि मृत्युंजय हीरेमठ के निधन की खबर मिलने पर मंदिर समिति के उखीमठ, जोशीमठ, देहरादून सहित सभी कार्यालयों, विश्रामगृहों में शोक सभा आयोजित हुई। दिवंगत आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा गया।

## केदारनाथ धाम के लिए श्रद्धालुओं में जबरदस्त उत्साह, चारधाम के लिए अब तक 1066157 पंजीकरण

**देहरादून, (एजेंसी)**। उत्तराखंड में चारधाम यात्रा की उल्टी गिनती शुरू हो गई है। इसको लेकर तैयारियां तेज हो गई हैं। इस बार बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के आने की संभावना है। केदारनाथ धाम के लिए श्रद्धालुओं में जबरदस्त क्रेज देखा जा रहा है। 10 मई से शुरू होने वाली यात्रा में केदारनाथ धाम के लिए सबसे अधिक पंजीकरण तीर्थयात्रियों ने कराया है। केदारनाथ के लिए अब तक तीन लाख 52 हजार 879 श्रद्धालु अपना पंजीकरण करवा चुके हैं।

दरअसल,चारधाम यात्रा के लिए ऑनलाइन पंजीकरण अनिवार्य है। चारधाम यात्रा और हेमकुंड साहिब के लिए 19 अप्रैल शाम छह बजे तक कुल 1066157 पंजीकरण हुए हैं। चारधाम और हेमकुंड साहिब के लिए 159054



तीर्थयात्री प्रतिदिन पंजीकरण करवा रहे हैं। ऑनलाइन पंजीकरण 15 अप्रैल सुबह सात बजे से प्रारंभ किए गए थे।

चारधाम यात्रा पंजीकरण में यमुनोत्री के लिए 193998, गंगोत्री के लिए 200996, केदारनाथ के लिए 352879, बद्रीनाथ के लिए 304243 और हेमकुंड साहिब के लिए 14041 पंजीकरण हुए हैं। अब तक हुए पंजीकरण में टूरिज्म केयर उत्तराखंड मोबाइल ऐप से 137649 एवं वेबपोर्टल से 832705 तो व्हाट्सएप से 95803 पंजीकरण हुए हैं। पंजीकरण के लिए ये विकल्प तीर्थयात्रियों के लिए काफी आसान है।

उत्तराखंड में 10 मई से चारधाम यात्रा शुरू हो रही है। 10 मई को बाबा केदारनाथ धाम के कपाट श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए जाएंगे। अक्षय तृतीया पर 10 मई को ही मां गंगोत्री और यमुनोत्री धाम के भी कपाट खुलेंगे। जबकि भगवान बद्रीनाथ धाम के कपाट 12 मई को खुलेंगे। यात्रा के लिए सरकारी स्तर पर सभी तैयारियां को अंतिम रूप दिया जा रहा है। वहीं हेमकुंड साहिब की यात्रा 25 मई को शुरू होगी।

**चारधाम यात्रा के लिए टोल फ्री नंबर से भी पंजीकरण की सुविधा-**

चारधाम यात्रा शुरू होने से 25 दिन पहले पंजीकरण प्रक्रिया शुरू की गई है। पंजीकरण के लिए नाम, मोबाइल नंबर के साथ यात्रा करने वाले सदस्यों का ब्यौरा, निवास स्थान का पते के लिए आईडी देना आवश्यक है। पंजीकरण के लिए पर्यटन विभाग की वेबसाइट पर लॉग इन करना होगा। व्हाट्स एप नंबर-8394833833 पर यात्रा (८३१) लिखकर मैसेज करके भी पंजीकरण कराया जा सकेगा। जो यात्री वेबसाइट पर पंजीकरण नहीं कर पाते हैं, उनके लिए पर्यटन विभाग ने टोल फ्री नंबर 0135-1364 जारी किया है। इस नंबर पर कॉल करने पर पंजीकरण की सुविधा दी गई है।

## ओडिसा में महानदी में नाव पलटी, एक मृत ,सात अभी लापता ,सभी रायगढ़ जिले के निवासी

**रायगढ़ , (एजेंसी)**।उड़ीसा के महानदी में एक नाव दुर्घटना घटित हुई। जिसकी प्रारंभिक जानकारी आने पर पता चला है कि घटना में रायगढ़ जिले के निवासी भी शामिल है। घटना की सूचना मिलने मिलने पर रायगढ़ कलेक्टर कार्तिकेया गोयल, पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल एवं सीईओ जिला पंचायत जितेन्द्र यादव घटनास्थल के लिए रवाना हो गये है। घटना स्थल पर झारसुगुड़ा जिला प्रशासन व पुलिस के अधिकारी मौजूद है तथा राहत एवं बचाव कार्य जारी है।

इस संबंध में अब तक प्राप्त जानकारी के अनुसार रायगढ़ जिले के खरसिया ब्लाक के निवासी उड़ीसा के पथरसेनी में मंदिर दर्शन हेतु गये थे। महानदी तट से वे लकड़ी की नाव (डोंगा)



में सवार होकर मंदिर तक पहुंचे तथा दर्शन के बाद वापस लौटते समय शुक्रवार की दोपहर यह दुखद घटना घटित हुई। इसकी जानकारी मिलने पर झारसुगुड़ा जिला प्रशासन ने राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया। रायगढ़ से भी टीम भेजी गई है। कलेक्टर कार्तिकेया गोयल एवं पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल भी मौके लिए रवाना हो गये है।कार्तिकेया गोयल और एसपी श्री दिव्यांग पटेल ने महानदी नाव दुर्घटना में प्रभावित लोगों से मुलाकात की। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन की ओर से आप सभी की हर संभव मदद की जायेगी। सभी फिलहाल घटनास्थल के पास कंडईकेला पुलिस चौकी में हैं। कलेक्टर गोयल ने सभी लोगों के खाने-पीने और परिवहन की व्यवस्था के निर्देश अधिकारियों को दिए हैं।

ओडिसा में महानदी में हुई नाव दुर्घटना में राहत व बचाव कार्य जारी है। यहां ओडीआरएएफ और फायर टीम के गोताखोर राहत और बचाव कार्य में लगे हुए हैं। भुवनेश्वर से स्कूबा डाइवर को भी बुलवाया जा रहा है।

घटना के बारे में अब तक प्राप्त जानकारी के अनुसार नाव पलटने से एक महिला की मृत्यु हुई है। जिसका शव बरामद कर लिया गया है, उनकी उम्र लगभग 35 वर्ष बताई जा रही है। अभी तक प्राप्त जानकारी के अनुसार 7 लोग लापता हैं। जिसमें 4 महिलाएं और 3 बच्चे शामिल हैं। प्रभावित लोग खरसिया ब्लॉक के अंजोरीपाली के हैं। नाव में खरसिया ब्लॉक के अंजोरीपाली व गोर्रा तथा रायगढ़ ब्लॉक के कोतरलिया और छपोरा के लोग सवार थे। मृतक महिला अंजोरीपाली की थी।

## रविवार 21 अप्रैल को डोंगरगांव में आदित्यनाथ और प्रियंका वाड्रा की जनसभा

**रायपुर, (एजेंसी)**। लोकसभा चुनाव के द्वितीय चरण के प्रचार में 21 अप्रैल को एक ही दिन डोंगरगांव ब्लाक के सागर गांव में उत्तरप्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ व कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका वाड्रा की मोहड़ में बड़ी सभा होगी ।भाजपा तथा कांग्रेस दोनों ही पार्टियों के प्रभारी और वरिष्ठ पदाधिकारी कार्यक्रम को सफल बनाने में जुट गए हैं।

वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने प्रियंका गांधी के छत्तीसगढ़ दौरे को लेकर कहा कि, कांग्रेस एक डूबती नाव है। प्रियंका और राहुल गांधी के पास पतवार के सारे इंस्ट्रूमेंट टूटे-फूटे हैं और वे कहीं से नाव को खेने में सक्षम नहीं है। प्रियंका और राहुल गांधी टूरिस्ट की तरह पॉलिटिक्स करते हैं। दोनों नेता पार्ट टाइम पॉलिटिशियन है। इतना ही नहीं वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने अपने बयान में आगे कहा कि, राहुल और प्रियंका कभी-कभी राजनीतिक पर्यटन के लिए छत्तीसगढ़ आ जाते हैं। उन्होंने छत्तीसगढ़ को अपना एटीएम बनाकर लूटा है। थोड़ा बहुत अट्रैक्शन बचा है इसलिए टूरिज्म के लिए आ रहे हैं। गांधी परिवार की राजनीति को स्वीकार करने के लिए जनता तैयार नहीं है।

भाजपा प्रदेश कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार डोंगरगांव से लगभग नौ किलोमीटर दूर कुमर्दा से लगे ग्राम सागर में योगी की दोपहर 12 बजे जनसभा राखी गई है। वही दोपहर ढाई बजे कांग्रेस महासचिव प्रियंका की सभा डोंगरगांव नगर से मात्र डेढ़ किलोमीटर दूर मोहड़ में सभा होनी है।दोनों दलों के सामने बड़ी चुनौती यह आ रही है कि आठ किलोमीटर के दायरे और ढाई घंटे के अंतराल में प्रचंड गर्मी में इतनी भीड़ कैसे जुटाई जाए।

## संक्षिप्त खबरें

### केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह 21 को पहुंचेंगे रायपुर, 22 को कांकेर में जनसभा

**रायपुर, (एजेंसी)**। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह 21 अप्रैल को अपने छत्तीसगढ़ प्रवास में देर शाम रायपुर पहुंचेंगे। वे कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में प्रदेश संगठन के नेताओं के साथ कलस्टर के प्रभारियों, लोकसभा के प्रभारियों, संयोजकों और सह संयोजकों की बैठक लेंगे। बैठक में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उपमुख्यमंत्री व गृह मंत्री विजय शर्मा, उपमुख्यमंत्री अरुण साव और अन्य मंत्री भी शामिल होंगे।

बैठक में लोकसभा चुनाव के दूसरे और तीसरे चरण में शामिल सीटों पर भाजपा की जीत के लिए चुनावी चर्चा तो होगी ही, साथ ही कांकेर में सुरक्षाबलों की नक्सलियों के साथ हुई मुठभेड़ के बारे में चर्चा कर पूरे मामले की जानकारी लेंगे। अमित शाह रात को ठाकरे परिसर में ही रुकेंगे। इसके बाद दूसरे दिन 22 अप्रैल को 12 बजे रायपुर से हेलीकॉप्टर द्वारा कांकेर में दोपहर एक बजे सभा को संबोधित करेंगे। सभा के बाद वापस रायपुर आकर विशेष विमान द्वारा महाराष्ट्र के लिए रवाना होंगे।

### ईवीएम एवं वीवीपैट मशीनों की कमिशनिंग कार्य हेतु प्रशिक्षण 22 को

**दुर्ग, (एजेंसी)**। लोकसभा निर्वाचन के लिए लोकसभा क्षेत्र क्रमांक 7 दुर्ग अंतर्गत विधानसभा 64-दुर्ग शहर के उपयोग होने वाले ईवीएम एवं वीवीपैट मशीनों की कमिशनिंग कार्य 26 अप्रैल को प्रातः 10 बजे से मानस भवन में किया जाना है।

निर्वाचन आयोग से शनिवार को जारी विज्ञप्ति के अनुसार नोडल अधिकारी अरविन्द कुमार एक्का (आईएएस) सहायक रिटर्निंग ऑफिसर होंगे। माकपोल हेतु नियुक्त अधिकारी-कर्मचारियों का प्रशिक्षण 22 अप्रैल को सुबह 11 बजे से भिलाई इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी महाविद्यालय (बीआईटी) दुर्ग में आयोजित की गई है। माकपोल कार्य के लिए जिन अधिकारी/कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है, उनमें प्रभारी अधिकारी ग्रामीण यांत्रिकी सेवा उप अभियंता कृष्णा सिंधा को नियुक्त किया गया है। सहायक प्रभारी अधिकारी सहायक विकास विस्तार अधिकारी मोनिका चौधरी, जनपद पंचायत धमधा तकनीकी सहायक जयंत कंवर, उप राजस्व निरीक्षक प्रकाश अहीर, जनपद पंचायत पाटन तकनीकी सहायक आकाश देवांगन एवं नीतिश होता, निःशक्तजन कार्यालय सहायक ग्रेड-3 गणेश राम सोनी, नगर निगम भिलाई स्वा.पर्यवेक्षक पलाश वैद्य, जनपद पंचायत पाटन सुरेश कुमार सोनी व सुमन सिंह, जनपद पंचायत धमधा जितेन्द्र बंछोर की ड्यूटी लगाई गई है। साथ ही आदिवासी विकास भृत्य गुनेश्वरी सोनवानी, सुलेखा कुर्रे, निलेश कुमार यादव एवं रवि कुमार यादव की ड्यूटी लगाई गई है।

### ओडिशा में हुए नाव हादसे पर मुख्यमंत्री साय ने जताया दुख, रेस्क्यू के लिए दिए आवश्यक निर्देश

**रायपुर, (एजेंसी)**।ओडिशा के झारसागुड़ा में महानदी में नाव पलटने से हुए एक व्यक्ति के निधन पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने संवेदना व्यक्त की है। उन्होंने रायगढ़ जिला प्रशासन को झारसुगड़ा प्रशासन के साथ मिलकर रेस्क्यू करने के निर्देश दिए हैं।

शुक्रवार देर रात जारी अपने संदेश में उन्होंने कहा कि - ओडिशा के झारसुगड़ा जिले के शरदा गांव के पास पत्थर सेनी मंदिर स्थित महानदी में नाव डूबने की एक व्यक्ति के निधन की दुःखद सूचना प्राप्त हो रही है। जबकि 45 लोगों का रेस्क्यू कर लिया गया है। 6 अभी भी लापता हैं, जिनकी तलाश की जा रही है। झारसुगड़ा प्रशासन और रायगढ़ जिला प्रशासन के बीच सामंजस्य स्थापित हो चुका है। रायगढ़ जिला प्रशासन को आवश्यक निर्देश दे दिए गए है । घटना स्थल पर बस की व्यवस्था कर रेस्क्यू से बचाए गए लोगों को वापस खरसिया स्थित अंजोरपाली एवं अन्य गांव लाने की व्यवस्था कर दी गई है। मैं ईश्वर से दिवंगत के शोक संतप्त परिजनों को संबल प्रदान करने की प्रार्थना करता हूँ।

### घर से कर रहे थे बिजली की तार चोरी, रंगे हाथों दो आरोपित गिरफ्तार

**हरिद्वार, (एजेंसी)**। बिजली की तार चोरी करते हुए दो चोरों को लोगों ने रंगेहाथों पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया। लोगों ने आरोपितों के पास से चोरी की गई तार भी बरामद की है।

रचित पुंडीर पुत्र कुलबीर पुंडीर निवासी ग्राम खंजरपुर कोतवाली रुड़की ने अपने साथियों के साथ घर पर चोरी कर रहे दो शातिर चोर को बिजली की तार के साथ पकड़ लिया। चोरों को पकड़ने के बाद दोनों को कोतवाली रुड़की लाया गया और पुलिस के हवाले कर दिया गया। पकड़े गए आरोपितों के नाम शराफत पुत्र स्माइल निवासी भारत नगर रुड़की हरिद्वार और इमरान पुत्र अबरार अहमद निवासी बांदा रोड रुड़की बताए गए हैं। आरोपितों के पास से 70 मीटर बिजली की तार बरामद की है। पुलिस ने आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### मानव को एकत्व के सूत्र में बांधता, मानव एकता दिवस

**हरिद्वार, (एजेंसी)**। माता सुदीक्षा महाराज एवं निरंकारी राजपिता के सान्निध्य में मानव एकता दिवस का आयोजन 24 अप्रैल को संत निरंकारी सत्संग भवन शीतला खेड़ा हरिद्वार में किया जायेगा। यह दिन बाबा गुरबचन सिंह के परोपकारी जीवन एवं उनकी लोक कल्याण की भावना को समर्पित है।

इस कार्यक्रम में हरिद्वार एवं आसपास के अन्य क्षेत्रो में भारी संख्या में श्रद्धालु भक्त सम्मिलित होकर बाबा गुरबचन सिंह एवं मिशन के अनन्य भक्त प्रताप सिंह को अपने श्रद्धा सुमन अर्पित करेंगें।

संत निरंकारी मिशन हरिद्वार की मीडिया सहायक हेमा भंडारी ने बताया कि हरिद्वार में संत निरंकारी मिशन की समाज कल्याण शाखा संत निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन के तत्वाधान में रक्तदान शिविर का आयोजन किया जायेगा, जिसमें मानवता की भलाई हेतु रक्तदाता, रक्तदान कर निःस्वार्थ सेवा का उदाहरण प्रस्तुत करेंगे। हरिद्वार शीतला खेड़ा में आयोजित इस रक्तदान शिविर में रक्त संग्रहित करने के लिए विभिन्न अस्पतालों के प्रशिक्षित डाक्टर एवं ब्लड बैंक की टीम सम्मिलित होंगी। इसके अतिरिक्त सत्संग कार्यक्रम का भी आयोजन किया जायेगा।

उन्होंने बताया कि बाबा हरदेव सिंह द्वारा सन 1986 से आरम्भ हुई परोपकार की यह मुहिम, महाअभियान के रूप में आज अपने चरमोत्कर्ष पर है। इन शिविरों में अभी तक 13,31,906 यूनिट रक्त मानवमात्र की भलाई के लिए दिया जा चुका है और यह सेवाएं निरंतर जारी है।

### उत्तराखंड में गर्मी से राहत दिलाएगी बारिश , ऊंची चोटियों पर बर्फबारी के आसार

**देहरादून, (एजेंसी)**। उत्तराखंड में अगले तीन दिन बारिश और बर्फबारी की संभावना है। प्रदेश के कुछ इलाकों में आंशिक बादल छाए रह सकते हैं। कहीं-कहीं हल्की वर्षा के आसार हैं। प्रदेश भर में मौसम का मिजाज बदला रह सकता है। ऐसे में इन दिनों पड़ रही भीषण गर्मी से राहत मिलेगी।

उत्तरकाशी, चमोली, बागेश्वर, देहरादून, रुद्रप्रयाग, टिहरी गढ़वाल और पिथौरागढ़ में हल्की वर्षा हो सकती है। 20 और 21 अप्रैल को प्रदेश के पर्वतीय जिलों में हल्की बारिश की संभावना है। 23 अप्रैल को प्रदेश भर में बारिश के आसार हैं। 4000 मीटर से ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी का अनुमान है।